अधिकतम :22°C
न्यूनतम: 09°C
सेंसेक्स 75,939.21
निफ्टी 22,929.25
सोना 87,335
चांदी 100,500

खबरें छुपाता नही, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, सोमवार 17 फरवरी 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 22 अंक 323 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ फाल्गुन पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2081 | 18 शाबान 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़: मृतक संख्या 18 हुई, जांच कमेटी गठित

## मृतकों में पांच बच्चे और 11 महिलाएं शामिल, अन्य 12 लोगों को आई चोटें

शाह टाइम्स ब्यूरो



- मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख, गंभीर घायलों को 2.5-2.5 लाख मुआवजा
- मामूली रूप से घायल लोगों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है, जबकि अन्य 12 लोग घायल हुए हैं। एक अस्पताल के अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एलएनजेपी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मृतकों में पांच बच्चे और 11 महिलाएं शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है।

रविवार सुबह तक कई मीडिया रिपोर्टों में मृतकों की संख्या 21 तक बताई गई है। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं बताया गया। रेलवे बोर्ड ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल लोगों को 2.5-2.5 लाख रुपये तथा मामूली रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि शनिवार रात मची भगदड़ की उच्चस्तरीय जांच की जा रही है। स्थिति अब सामान्य है। श्री उपाध्याय ने कहा कि घटना के समय पटना जाने वाली मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म 14 पर खड़ी थी और जम्मू जाने वाली उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म 15 पर खड़ी थी। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब फुट ओवरब्रिज से प्लेटफॉर्म की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर कुछ यात्री फिसल गए और उनके पीछे चल रहे यात्री भगदड़ में फंस गए। प्रयागराज में महाकुंभ के लिए विशेष ट्रेनों में सवार होने के लिए स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की भारी भीड़ के कारण यह स्थिति पैदा हुई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शनिवार रात करीब -शेष पृष्ठ दो पर

### प्लेटफॉर्म बदलने से मची भगदड़: रेल मंत्रालय

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत मामले की रेल मंत्रालय ने उच्च स्तरीय जांच का आदेश दिया है। इस बीच हादसे को लेकर रेल मंत्रालय की शुरुआती जांच रिपोर्ट सामने आई है। रेलवे ने माना प्लेटफॉर्म बदलने की घोषणा की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक महाकुंभ के लिए अप्रत्याशित भीड़ आ रही है। इसलिए कई स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था पिछले कई दिनों से की गई है। 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर दुखद घटना घटी। रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रयागराज एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म 14 पर आने वाली थी। महाकुंभ जाने के लिए यात्री प्लेटफॉर्म पर इंतजार कर रहे थे। गाड़ी आने में अभी कुछ देरी थी। इसी बीच प्लेटफॉर्म 12 पर स्पेशल ट्रेन की घोषणा हुई। इसी दौरान प्लेटफॉर्म 14 से यात्री प्लेटफॉर्म 12 की तरफ जाने लगे। इससे सीढ़ियों पर भगदड़ मची और दर्दनाक हादसा हुआ।

### भगदड़ से व्यथित हूं, घायलों के जल्द ठीक होने की कामना: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की घटना पर पीएम मोदी ने दुख व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल शीघ्र स्वस्थ हों। अधिकारी उन सभी लोगों की सहायता कर रहे हैं, जो इस भगदड़ से प्रभावित हुए हैं।

### रेलवे की बदइंतजामी से मची स्टेशन पर भगदड़ : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रयागराज महाकुंभ जा रहे यात्रियों की नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने भगदड़ को रेलवे स्टेशन पर सरकार की बदइंतजामी और लापरवाही का नतीजा बताया और कहा कि रेलवे संवेदनशीलता से काम करता, तो इस तरह की दुखद घटना नहीं होती।

### रेलवे ने 20 घंटे बाद बताई हताहतों की संख्या

**नई दिल्ली।** रेलवे ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात को हुई भगदड़ की घटना में हताहत लोगों की संख्या एवं उन्हें वितरित मुआवजे की जानकारी रविवार को 20 घंटे बाद साझा की। रेलवे के एक प्रवक्ता ने यहां मृतकों एवं घायलों के संबंध में सूचना देते हुए कहा कि हादसे में मारे गए 18 लोगों के परिवार जनों को अनुग्रह राशि के रूप में 180 लाख रुपये की राशि दी गई। गंभीर रूप से घायल तीन यात्रियों को 7.5 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।



देहरादून: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य सेवक सदन में छात्रा को सम्मानित करते हुए।

# मुख्यमंत्री धामी ने 261 संस्कृत विद्यार्थियों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

- संस्कृत छात्र प्रतिभा सम्मान एवं छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित
- सरकार संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने का कर रही है कार्य: मुख्यमंत्री

**देहरादून।** संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम में संस्कृत शिक्षा से जुड़े हुए 261 छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में सम्मानित किया। उन्होंने संस्कृत छात्र प्रतिभा सम्मान में 2024- 25 के लिए 10वीं और 12 वीं के कुल 24 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः रुपये 5100, 4100 और 3100 रुपये की धनराशि दी गई। डा. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति- जनजाति संस्कृत छात्रवृत्ति योजना 2024 - 25 के लिए कुल 148 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इसी प्रकार से मुख्यमंत्री ने गार्गी संस्कृत बालिका छात्रवृत्ति योजना 2024-25 के अंतर्गत कुल 89 छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संस्कृत शिक्षा के छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। कहा कि उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के माध्यम से संस्कृत विद्यालयों में अध्यनरत बालिकाओं के प्रोत्साहन हेतु प्रथम बार गार्गी संस्कृत बालिका छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत संस्कृत विद्यालय में अध्यनरत सभी वर्गों की बालिकाओं को 3012 रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। डा. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 3012 रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। संस्कृत शिक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के लिए संस्कृत छात्र प्रतिभा सम्मान योजना -शेष पृष्ठ दो पर



### एलन मस्क ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग रोकी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### चैंपियंस ट्रॉफी जीतने से ज्यादा जरूरी भारत को हराना: सलमान आगा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# कार्यस्थल पर वरिष्ठ की डांट-फटकार जानबूझकर अपमान और अपराध नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा ऐसे मामलों में आरोप लगाने की अनुमति से अनुशासन प्रभावित होगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि कार्यस्थल पर किसी वरिष्ठ अधिकारी की तरफ से डांट-फटकार देना जानबूझकर अपमान की श्रेणी में नहीं आता और इस पर आपराधिक कार्रवाई नहीं हो सकती।

मामले में शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर ऐसे मामलों में आपराधिक आरोप लगाने की अनुमति दी गई, तो इससे कार्यस्थल का अनुशासन प्रभावित होगा और पूरे तंत्र पर नकारात्मक असर पड़ेगा। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संजय करोल और संदीप मेहता की पीठ ने स्पष्ट किया कि केवल गुस्से में कही गई बातें, रूखा व्यवहार या असभ्य भाषा आईपीसी की धारा 504 के तहत जानबूझकर अपमान की श्रेणी में नहीं आते। इस धारा के तहत यदि कोई व्यक्ति किसी का जानबूझकर अपमान करता है, जिससे शांति भंग होने की संभावना हो, तो उसे दो साल तक की सजा हो सकती है। जुलाई 2024 से यह धारा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 352 से बदल दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला एक 2022 के आपराधिक मामले को रद्द करते हुए दिया। यह मामला राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के कार्यकारी निदेशक के खिलाफ था। एक सहायक प्रोफेसर ने उनके खिलाफ शिकायत की थी कि उन्होंने अन्य कर्मचारियों के सामने उसे डांटा था। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया था कि निदेशक ने संस्थान में कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए पर्याप्त पीपीई किट उपलब्ध नहीं करवाई, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया।

### महाकुंभ में जबरदस्त भीड़ श्रद्धालु दूसरे घाटों पर डायवर्ट

**प्रयागराज।** महाकुंभ में रविवार की छुट्टी होने के चलते जबरदस्त भीड़ है। चेन बनाकर पुलिसकर्मी भीड़ के आगे चल रहे हैं। इससे भीड़ धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। भगदड़ जैसी स्थिति से बचने के लिए ये तरीका अपनाया जा रहा है। जगह-जगह रस्सी लगाकर श्रद्धालुओं को रोककर दूसरे घाटों की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। भीड़ की वजह से 8वीं तक के स्कूलों में 4 दिन की छुट्टी और बढ़ा दी गई है। अब 20 फरवरी तक स्कूल बंद रहेंगे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रविवार को इटावा में थे। मीडिया ने उनसे पूछा कि राहुल और प्रियंका कब महाकुंभ जाएंगे। अजय राय ने कहा कि 19 फरवरी को हम लोग जा रहे हैं। हर-हर महादेव होगा। मेले के अब 10 दिन बचे हैं। ऐसे में परिवार के साथ बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। शहर में कई जगह जाम लगा है। श्रद्धालुओं के वाहन भी संगम से 10-12 किमी पहले बनाई गई पार्किंग में रोके जा रहे हैं। पार्किंग और स्टेशन से करीब 10 किमी तक पैदल ही संगम तक जाना पड़ रहा है। प्रशासन ने मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री रोक दी। सभी तरह के पास भी रद्द कर दिए हैं। बावजूद इसके मेले में वीआईपी कल्चर नजर आ रहा है। लोग गाड़ियों से एंट्री कर रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को दिक्कत हो रही है। रविवार को महाकुंभ का 35वां दिन था। दोपहर 12 बजे तक 82.52 लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई।

# हाथ में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर लाए गए अवैध प्रवासी भारतीय

अमृतसर, वार्ता

- अमेरिका से अमृतसर पहुंचा दूसरा जत्था, एक और विमान के 157 लोगों को लेकर रविवार रात्रि पहुंचने की उम्मीद

**संयुक्त राज्य** अमेरिका द्वारा 104 अवैध भारतीय अप्रवासियों को सैन्य विमान से वापस भेजे जाने के दस दिन बाद, 119 और अवैध अप्रवासी भारतीयों को लेकर सैन्य विमान शनिवार रात 11:40 बजे अमृतसर के गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा।

अमेरिका अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहा है। तमाम विरोध के बाद भी पिछली बार की तरह इस बार भी विमान में मौजूद हर भारतीय के हाथ-पैर में हथकड़ियां और बेड़ियां लगाई गईं थी, जिसकी जानकारी पंजाब युवाओं ने बातचीत के दौरान दी है। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों को एक बार फिर से हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां लगाकर भारत तक लाया गया। अमेरिका से लौटे पंजाब के युवाओं ने बताया कि डिटेंशन सेंटर से लेकर पूरे रास्ते में विमान से भारत की यात्रा तक उन्हें हाथों-पैरों से जंजीरों में बांध के रखा गया। बाथरूम जाने के दौरान भी उनके हाथों-पैरों पर बेड़ियां बंधी रही। अमेरिका से डिपोर्ट हुए दो युवकों को पंजाब की राजपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर मर्डर का केस चल रहा था। अमेरिका से डिपोर्ट हुए सौरव ने बताया कि उन्हें अमेरिका पहुंचने में करीब 45 लाख का खर्च आया है, जिसकी भरपाई उन्होंने अपनी जमीन बेचकर की थी। उन्होंने बताया कि वो 27 जनवरी को अमेरिका में एंटर हुआ था इसके 2-3 घंटे बाद ही उसे हिरासत में ले लिया। हिरासत में लेने के बाद एक शिविर में ले जाया गया, जहां कोई -शेष पृष्ठ दो पर

### मणिपुर के विधायकों को अज्ञात लोगों से मिल रही धमकियां

**इंफाल।** मणिपुर के कुछ विधायकों ने पुलिस से शिकायत की है कि उन्हें अज्ञात व्यक्तियों से फर्जी कॉल आ रही हैं और धमकियां मिल रही हैं। एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि पुलिस को राज्य में चल रही राजनीतिक स्थिति का फायदा उठाकर विधायकों को प्रभावित करने और गुमराह करने की कोशिश करने वाले अज्ञात व्यक्तियों के कॉल के बारे में शिकायतें मिली हैं। इंफाल पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई चल रही है।

### मुर्मू ने गार्ड ऑफ चेंज समारोह के नए प्रारूप का अवलोकन किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में नए प्रारूप में गार्ड ऑफ चेंज समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम का अवलोकन किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह समारोह अगले शनिवार यानी 22 फरवरी से बड़ी संख्या में आगंतुकों के लिए खुला रहेगा, जिसमें लोग राष्ट्रपति भवन की पृष्ठभूमि में एक गतिशील दृश्य और संगीत प्रदर्शन देख सकते हैं।

# मोदी के कहने भर से देश नहीं बनता एआई लीडर: राहुल

- कांग्रेस नेता ने पीएम मोदी पर किया हमला

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एआई को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर रविवार को हमला किया और कहा कि श्री मोदी के कहने भर से देश एआई लीडर नहीं बन जाता है।

श्री गांधी ने यहां कहा कि एआई की तकनीक और डेटा हमारे पास नहीं है। एआई लीडर बनने के लिए तकनीकी और डेटा बुनियादी जरूरत होती है और इसके बिना कोई भी लीडर नहीं बन सकता। इसमें इसलिए यह समझने की बात है कि श्री मोदी के कहने भर से भारत एआई लीडर नहीं बन सकता है। एआई को काम करने के लिए डेटा चाहिए, नई तकनीक का उत्पादन चाहिए और हमारे पास इनमें से कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि विश्व तेजी से बदल रहा है, उद्योग बदल रहे हैं, युद्ध और हथियार बदल रहे हैं।

# प्रलय की प्रतीक्षा न करें, धरती को अभी से हरा-भरा बनाएं: योगी



**महाकुंभनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम प्रलय की प्रतीक्षा न करें, बल्कि अभी से धरती को हरा-भरा बनाएं।

कुंभ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। श्री योगी रविवार को प्रयागराज महाकुंभ में कुम्भ की आस्था और जलवायु परिवर्तन विषयक जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। उन्होंने कहा कि जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा। मनुष्य ही केवल इस सृष्टि का एकमात्र जीव नहीं है। जीव जंतुओं का जीवन चक्र मनुष्य के साथ और मनुष्य का जीवन चक्र उनके साथ जुड़ा हुआ है।

# हमने जो बीज रोपा है, वो आज वट वृक्ष बनने की राह पर है

शाह टाइम्स ब्यूरो



- नई दिल्ली में आयोजित भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स 2025 में बोले मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स 2025 में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत मंडपम में जो बीज हमने बोया था, वह अब वटवृक्ष बनने की राह पर है।

भारत टेक्स अब एक मेगा ग्लोबल टेक्सटाइल इवेंट बन चुका है, जो उद्योग जगत के नेताओं के लिए साझेदारी और सहयोग का मंच प्रदान कर रहा है। यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को स्थानीय से वैश्विक बनने का अवसर मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत टेक्स एक प्रमुख वैश्विक आयोजन बन गया है, जिसमें 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र से कपड़ा उद्योग को सहायता प्रदान करने का आग्रह किया, क्योंकि केवल 75 करोड़ रुपये के निवेश से 2,000 लोगों को रोजगार मिल सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी बताया कि पिछले वर्ष भारत के वस्त्र और परिधान निर्यात में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में, भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक है, और हमारा लक्ष्य 2030 तक इसे मौजूदा तीन लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर नौ लाख करोड़ रुपये करना है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा ध्यान तकनीकी वस्त्र क्षेत्र पर है और भारत इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत उच्च श्रेणी के कार्बन फाइबर के विनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, और कपड़ा क्षेत्र के लिए कुशल प्रतिभा पूल बनाने पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने कहा कि पिछले साल भारत टेक्स से जुड़ने के बाद बड़े स्तर पर नए खरीदार मिले और बिजनेस का विस्तार हुआ। डिमांड इतने हैं कि हम पहुंच नहीं पाते हैं।



# बीजेपी सरकार मौत का सच छुपाने का पाप न करे: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

महाकुंभ और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसों को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यूपी सरकार और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने महाकुंभ आयोजन को लेकर सरकार पर हमला किया है। पोस्ट में उन्होंने सिलसिलेवार तरीके से महाकुंभ के आयोजन पर सवाल खड़े किए और क्रोनोलॉजी बताई। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार मौत का सच छुपाने का पाप न करे।

पोस्ट की शुरुआत में उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में महा-आयोजनों से संबंधित हादसों और भाजपाइयों की त्रुटिपूर्ण नीतियों और उसके अंतर्निहित कारणों की क्रोनोलॉजी। इसके बाद अखिलेश ने एक-एक करके महाकुंभ के आयोजन पर सरकार को घेरा और कहा कि सरकार ने ये सब अपने प्रचार और चुनावी फायदे के लिए किया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले किसी भी महा-आयोजन को राजनीतिक दृष्टि से देखना और उसे अपने आत्म प्रचार व चुनावी फायदा उठाने के लिए दुरुपयोग करना फिर वो चाहे धार्मिक। महा-आयोजन की व्यवस्था से ज्यादा उसके प्रचार पर पैसा बहाना। उसके संबंध में मिथ्या प्रचार करके जनता में झूठ फैलाकर, जनता का भावनात्मक शोषण करना। अहंकारी भाजपाइयों का अपने को ही महा-आयोजन से जुड़ी हर बात का विशेषज्ञ समझकर मनमानी करना। आत्मकेंद्रित होने की वजह से महा-आयोजन से संबंधित पुर्वानुमानों की चुनौतियों की पूरी तरह उपेक्षा करना। महा-आयोजन के लिए चेताने वाली दूसरे पक्ष की सलाह को अपनी आलोचना मानकर अस्वीकार कर देना। महा-आयोजन की कमियों की ओर इंगित करती खबरों को निजी आरोप समझकर उन पर हमलावर होना। सबसे पहले मीडिया प्रबंधन करके हादसे के समाचार को दबाना न कि दुर्घटना को स्वीकार करके राहत, बचाव व सुधार आपदा प्रबंधन करना। महा-आयोजन के हादसे में मरने वालों और घायलों के आंकड़ों को छिपाना, जिससे अपनी बदइंतजामी की कमी को कम-से-कम करके दिखाया जा सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली में महाकुंभ के श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हृदयविदारक है। सरकार को उस परिवार वाले की तरह सोचना होगा, जिसने अपने मां-बाप, भाई-बहन, बच्चे और नाते-रिश्तेदार खोए हैं।



महा हादसों पर अखिलेश यादव ने बताई भाजपा की क्रोनोलॉजी

खुद का प्रचार और चुनावी फायदे में लगी है सरकार

## हादसा नहीं, नरसंहार था, इस्तीफा दें रेल मंत्री: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के लिए सरकार जिम्मेदार है और रेल मंत्री को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा प्रशासन की निष्क्रियता के चलते हादसा हुआ। मीडिया के कुछ साथियों ने हिम्मत दिखाकर सच्चाग्र दिखाई। सुप्रिया ने आगे कहा कि हादसे हो जाते हैं, लेकिन रेल मंत्री रील बनाते रहते हैं, वो आकड़े छुपाने में लगे हैं। पत्रकरो को सच दिखाने से रोका गया, मोबाइल कैमरा छीना गया। हमारी एक ही मांग है- रेल मंत्री को अपने पद पर रहने का की अधिकार नहीं है, उन्हे तुरंत इस्तीफा देना चाहिए या फिर उन्हें बर्खास्त किया जाना चाहिए। वहीं कांग्रेस के पवन खेड़ा ने कहा है कि नई दिल्ली स्टेशन पर मची भगदड़ की घटना दुखद है। कुंभ के इतने बड़े आयोजन के चलते नई दिल्ली स्टेशन पर इस से बेहतर इंतजाम किए जाने चाहिए थे। एक दर्जन के लगभग लोगों के घायल होने की सूचना है। जैसे तैसे लोगों को पार्सल ठेले पर ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उम्मीद है सब सुरक्षित अपने गंतव्य स्थल तक पहुंच पाएं।

## सरकार कर रही सबकुछ छिपाने की कोशिश: ओवैसी

**नई दिल्ली।** रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद अब एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने मारे गए लोगों के लिए संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार सबकुछ छिपाने की कोशिश कर रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ओवैसी ने लिखा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। यह एक टाली जा सकने वाली त्रासदी थी, जिसे टाला नहीं जा सका। जो हुआ बीजेपी सरकार अब उसे छुपाने की कोशिश कर रही है। ओवैसी ने सरकार पर हमला बोलते हुए 2 मांग की हैं। नई दिल्ली भगदड़ की जांच के लिए एक स्वतंत्र एसआईटी का गठन किया जाना चाहिए, जो हादसे की असल वजह बताएं। दूसरी मांग में उन्होंने रेलवे प्रशासन पर ही हमला बोला है और रेलवे की तरफ से हुए मिसमैनेजमेंट और सिस्टम की गलती की जांच की मांग की है।

# आखिरी सांस तक संघर्ष जारी रखूंगी: मायावती



■ बसपा का उत्तराधिकारी वही, जो पार्टी को बढ़ाने में जी-जान से लगा रहे

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने साफ संदेश दिया है कि वह पार्टी को उबारने के लिए आखिरी सांस तक संघर्ष जारी रखेंगी। यह संदेश उन्होंने ट्वीट में जानकारी दी है।

मायावती का यह संदेश अपने भतीजे आकाश आनंद के ससुर डा. अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकालने के चार दिन बाद आया है। मायावती ने कहा कि बसपा का उत्तराधिकारी वही है, जो पार्टी को आगे बढ़ाने में जी-जान से जुटा रहे। मायावती ने कहा कि गुटबाजी और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण उन्हें पार्टी से निकाला गया। मायावती ने कहा कि बसपा देश में बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के मानवतावादी आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के कारवां को सत्ता तक पहुंचाया। कांशीराम जी ने सब कुछ त्यागकर जो पार्टी स्थापित की, उसमें स्वार्थ, रिश्ते-नाते आदि महत्वहीन है। पार्टी में बहुजन-हित ही सर्वोपरि है। मैं भी अपनी आखिरी सांस तक हर कुर्बानी देकर संघर्ष जारी रखूंगी, ताकि बहुजन समाज के लोग राजनीतिक गुलामी व सामाजिक लाचारी के जीवन से मुक्त होकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### माली में सोने की खदान ढहने से 48 लोगों की मौत

**बामकाओ।** पश्चिमी माली में शनिवार को एक 'अवैध रूप से संचालित सोने के खनन स्थल' के ढह जाने से कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकांश महिलाएं है। मामले की लगातार जानकारी रख रहे प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। यह त्रासदी काएस क्षेत्र के केनीबा जिले में स्थित डाबिया कम्यून के एक गांव बिलालकोटो में हुई। एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि एक कैटरपिलर मशीन कथित तौर पर एक कारीगर खदान पर गिर गई, जहां महिलाओं का एक समूह सोने की तलाश में काम कर रहा था। अधिकारी और अन्य गवाहों ने पुष्टि की कि 48 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लगभग 10 गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि कुछ सूत्रों ने लगभग 50 मौतों की रिपोर्ट दी है। हालांकि अभी के लिए, यहां तक कि अस्थायी तौर पर भी सटीक संख्या की पुष्टि करना मुश्किल है, क्योंकि कुछ चोटों की गंभीरता के कारण किसी भी समय यह संख्या बढ़ सकती है। बचाव कार्य अभी भी जारी है।

### दक्षिण लेबनान में इज़रायली हवाई हमले में दो की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के इक़लिम अल-तुफ़ा जिले में एक इज़रायली हवाई हमले ने एक कार को निशाना बनाकर किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने शनिवार शाम यह जानकारी दी। स्थानीय समय के अनुसार हमला शाम करीब 7:20 बजे हुआ। एक इजरायली ड्रोन ने कार पर एक निर्देशित मिसाइल दागी, जिससे उसमें आग लग गई और अंदर बैठे दोनों यात्रियों की मौत हो गई।

### पाकिस्तान के आठ जिलों में पोलियो वायरस मिला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आठ जिलों से 15 जनवरी से 24 जनवरी, 2025 के बीच एकत्र किए गए पर्यावरण नमूनों में वाइल्ड पोलियो वायरस टाइप 1 (डब्ल्यूपीवी1) का पता चला है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। एनआईएच में पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार देश के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के चार जिलों और उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तीन जिलों से एकत्र किए गए सीवेज नमूनों में शुक्रवार तक डब्ल्यूपीवी1 के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया।

### ब्राजील में विमान दुर्घटना में दो की मौत

**साओ पाउलो।** ब्राजील के दक्षिणपूर्वी साओ पाउलो राज्य के एक ग्रामीण कस्बे में शनिवार को एक छोटा विमान गन्ने के खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी। विमान पास के हवाई क्षेत्र से उड़ान भरने के बाद क्वाड्राहाड शहर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता द्वारा उद्धृत प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विमान ने आपातकालीन लैंडिंग का प्रयास किया, लेकिन गन्ने के बागान से टकराते ही उसमें विस्फोट हो गया। यह दुर्घटना 7 फरवरी की घटना के बाद हुई है।

# नाम में परिवर्तन करना मौलिक अधिकार नहीं

प्रयागराज, वार्ता

■ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनाया महत्वपूर्ण निर्णय

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि अपने नाम में परिवर्तन करना व्यक्ति का मौलिक अधिकार नहीं है। यह नियमों के अधीन है जो केंद्र तथा राज्य सरकार की नीतियों के अनुसार संचालित होगा।

याची द्वारा अपना नाम शाहनवाज से बदल कर मो समीर राव करने की मांग के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार की विशेष अपील पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने इस निर्णय के साथ एकल पीठ द्वारा नाम परिवर्तन करने को मौलिक अधिकार करार देने वाले निर्णय को रद्द कर दिया है। एकल पीठ ने 25 मई 2023 के आदेश से यूपी बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक के उसे आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें उन्होंने याची शाहनवाज का नाम परिवर्तित करने का प्रार्थना पत्र रद्द कर दिया था। यूपी बोर्ड का कहना था कि नियमानुसार नाम परिवर्तन के लिए आवेदन तीन साल के भीतर ही किया जाना चाहिए। एकल पीठ ने यूपी बोर्ड के इस नियम को मनमाना और असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि अपनी पसंद का नाम रखना व्यक्ति का अनुच्छेद 21 व 19 में मौलिक अधिकार है। यूपी बोर्ड के नियम इन मूल अधिकारों से सुसंगत नहीं है, इसलिए यह संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत है। एकल पीठ में यांची शाहनवाज का नाम बदलकर मोहम्मद समीर राव करने और उसके हाई स्कूल व इंटरमीडिएट सहित अन्य सभी प्रमाण पत्रों ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, आधार कार्ड आदि पर नया नाम अंकित करने का निर्देश दिया था। प्रदेश सरकार की ओर से इस आदेश को विशेष अपील दाखिल कर चुनौती दी गई थी। राज्य सरकार के अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता रामानंद पांडेय ने कई दलीलें दी। उन्होंने कहा कि नाम का परिवर्तन करना यूपी बोर्ड के 1921 एक्ट के अध्याय 12 द्वारा नियमित व संचालित होता है। इसलिए नाम में परिवर्तन 7 साल के बाद स्वीकार नहीं किया जा सकता है। रामानंद पांडे ने कहा कि एकल न्याय पीठ ने अपने न्यायिक पुनर्विलोकन के अधिकार की सीमा से बाहर जाकर के आदेश दिया है। नाम में परिवर्तन करने के नियम बनाना सरकार का नीतिगत मामला है।

## ट्रम्प प्रशासन के सहयोगी डिपार्टमेंट डीओजीआई ने लिया फैसला

# मस्क ने भारतीय चुनाव की फंडिंग रोकी

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सहयोगी इलान मस्क ने भारत के चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए दी जाने वाली 182 करोड़ रुपए की फंडिंग रद्द कर दी है। मस्क के नेतृत्व वाले डिपार्टमेंट आफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) ने शनिवार को ये फैसला लिया।

डीओजीई ने एक लिस्ट जारी की है। इसमें डिपार्टमेंट की तरफ से 15 तरह के प्रोग्राम्स की फंडिंग रद्द की गई है। इसमें एक प्रोग्राम दुनियाभर में चुनाव प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए भी है, जिसका फंड 4200 करोड़ रुपए है। इस फंड में भारत की हिस्सेदारी 182 करोड़ रुपए की है। फैसले पर बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया है कि इस फंड का इस्तेमाल भारतीय चुनाव को प्रभावित करने के लिए किया गया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और अमेरिकी बिजनेसमेन जार्ज सोरोस पर भारत में चुनाव प्रक्रिया में दखल देने का आरोप लगाया है। बीजेपी नेता अमित मालवीय ने डीओजीई के फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। इसमें उन्होंने भारत के चुनाव में 182 करोड़ की फंडिंग को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा- 21 मिलियन डालर (182 करोड़ रुपए) वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए? यह साफ तौर पर देश की चुनावी प्रक्रिया में बाहरी दखल है। इस फंड से किसे फायदा होगा। जाहिर है इससे सत्ताधारी (बीजेपी) पार्टी को तो फायदा नहीं होगा। एक-दूसरे पोस्ट में अमित मालवीय ने कांग्रेस पार्टी और जार्ज सोरोस पर भारतीय चुनाव में हस्तक्षेप का आरोप लगाया। मालवीय ने सोरोस को गांधी परिवार का जाना-माना सहयोगी बताया। मालवीय ने एक्स पर लिखा कि 2012 में एसवाई कुरैशी के नेतृत्व में चुनाव आयोग ने इंटरनेशनल फाउंडेशन फार इलेक्टोरल सिस्टम्स के साथ एक एमओयू साइन किया था।



■ 182 करोड़ मिलते थे, कांग्रेस-सोरोस ने इलेक्शन प्रासेस में दखल दिया: भाजपा

■ यह साफतौर पर देश की चुनावी प्रक्रिया में बाहरी दखल

### मोदी ने की थी एलन मस्क से मुलाकात

ये संस्था जार्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से जुड़ा है। इसे मुख्य तौर पर यूसैड से आर्थिक मदद मिलती है। अमेरिकी दौरे पर गए पीएम मोदी ने गुरुवार 13 फरवरी को डीओजीई प्रमुख एलन मस्क से मुलाकात की थी। पीएम से मिलने के लिए मस्क ब्लेयर हाउस पहुंचे थे। पीएम मोदी ने इलान मस्क से मुलाकात की तस्वीरें अपने एक्स अकाउंट पर शेयर कीं। पीएम ने लिखा था, इलान मस्क से अच्छी मुलाकात हुई। हमने कई मुद्दों पर बातचीत की। इनमें वे मुद्दे शामिल थे, जिन्हें लेकर मस्क बेहद जुनूनी हैं। जैसे- स्पेस, मोबिलिटी, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन। मैंने उनसे 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' को बढ़ावा देने के भारत के प्रयासों के बारे में बात की।

### पाकिस्तान में फंसे 15 हजार अफगानी नागरिक

■ ट्रम्प ने अमेरिका आने पर रोक लगाई, बाइडेन ने शरण देने का वादा किया था

**इस्लामाबाद/काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबानी सत्ता के डर से अमेरिका जाने वाले अफगानी लोग अब पाकिस्तान में फंस गए हैं। वजह है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का शरणार्थियों को लेकर जारी कार्यकारी फरमान। इस आदेश के तहत अगले 90 दिनों तक किसी भी देश से शरणार्थी अमेरिका नहीं आ सकते हैं। पाकिस्तान में 15 हजार से ज्यादा शरणार्थी ऐसे हैं, जिन्हें बाइडेन प्रशासन ने अपने देश में आने की इजाजत दे दी थी। बता दें कि अमेरिका ने 2021 में अफगानिस्तान छोड़ने से पहले हजारों शरणार्थियों को देश में जगह देने का वादा किया था, लेकिन ट्रम्प के आदेश के चलते इन सब शरणार्थियों का भविष्य अब अधर में लटक गया है। उन्हें डर है कि वापस लौटे, तो तालिबानी सत्ता जिंदा नहीं छोड़ेगी। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद, 15 अगस्त 2021 को तालिबान ने देश की सत्ता पर कब्जा कर लिया था। अफगानिस्तान के लोग इन दिनों इस्लामाबाद-रावलपिंडी में सड़कों पर हैं। उनकी मांग है कि ट्रम्प इस फैसले को पलटें नहीं, तो उन्हें संकट का सामना करना पड़ेगा। इस बीच पाक सरकार ने अफगान के शरणार्थियों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। पाक सरकार का कहना है कि जो अफगान शरणार्थी किसी तीसरे देश में स्थानांतरित नहीं हो सकते, उन्हें 31 मार्च 2025 के बाद पाकिस्तान छोड़ना होगा। उनका कहना है कि अफगानिस्तान लौटने पर इनकी जान को खतरा है। ट्रम्प को फैसले पर विचार करना चाहिए। अफगान इवैक समूह के संस्थापक शान का कहना है कि इस संकट के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। लाखों अफगान नागरिकों ने पड़ोसी देशों का रुख किया, जिनमें सबसे अधिक लोग पाकिस्तान और ईरान पहुंचे। पाकिस्तान में पहले से ही लगभग 30 लाख अफगान शरणार्थी थे।

## अर्थ व्यापार

# अमेरिकी टैरिफ नीति के रुख का शेयर बाजार पर रहेगा असर

मुंबई, वार्ता



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीति से विश्व में व्यापार युद्ध छिड़ने की आशंका में हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह भी टैरिफ खतरे और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1920.98 अंक अर्थात 2.5 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 75939.21 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 630.7 अंक यानी 2.7 प्रतिशत कमजोर रहकर 22929.25 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में हुई अधिक भारी बिकवाली से बाजार में कोहराम मच गया। इस दौरान मिडकैप 3318.48 अंक अर्थात 7.7 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 39731.79 अंक और स्मॉलकैप 4752.97 अंक यानी 9.5 प्रतिशत की गिरावट लेकर 45411.25 अंक पर आ गया। इस वर्ष फरवरी में अबतक एफआईआई की बिकवाली लगातार जारी है। एफआईआई ने इस महीने 4 फरवरी की 809.23 करोड़ रुपए की लिवाली को छोड़कर अबतक केवली बिकवाली की है। इससे उन्होंने बाजार से अबतक कुल 29,183.43 करोड़ रुपए निकाल लिए हैं। हालांकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की लगातार जारी लिवाली बाजार के लिए शुभ संकेत हैं। इस महीने अबतक डीआईआई कुल 26,019.07 करोड़ रुपए के लिवाल रहे हैं। विश्लेषकों के अनुसार, सप्ताह के अंत में बाजार में बिकवाली का रुख हावी रहा, जिससे निवेशकों के बीच निराशा का माहौल देखने को मिला। ब्याज दरों में कटौती की घटती संभावनाओं और उद्योग के कमजोर आंकड़ों ने सतर्कता बढ़ा दी, जिससे रियल एस्टेट सेक्टर को सबसे अधिक नुकसान हुआ। इसके अलावा पीएमआई डेटा भी उम्मीद से कमजोर रहा।

### विदेशी मुद्रा भंडार इजाफे के साथ 638.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति एवं स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 7 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 7.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 638.3 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.1 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 630.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 7 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.42 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 544.1 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.32 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 72.21 अरब डॉलर हो गया। वहीं आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.1 करोड़ डॉलर घटकर 17.9 अरब डॉलर पर आ गया।

# खाद्य तेल और दालों में मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल तथा दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा सप्ताहांत पर 50 रिंगिट गिरकर 4725 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.18 सेंट की बढ़ोतरी लेकर 46.59 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 365 रुपए, पाम ऑयल 146 रुपए और वनस्पति तेल 72 रुपए प्रति क्विंटल सस्ते हो गए, जबकि मूंगफली तेल 148 रुपए और सोया रिफाइंड में 220 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18462 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15457 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13187 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान मूंग दाल 300 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई जबकि अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई, वहीं चना, दाल चना और मसूर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 8900-9000, अरहर दाल 7650-7750 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: बीते सप्ताह मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गुड़ और चीनी के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। साप्ताहांत पर चीनी एस. 3590-3690, चीनी एम. 4280-4380, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन....** दस बजे प्लेटफॉर्म नंबर 13, 14 एवं 15 पर कुंभ जाने के लिए बड़ी संख्या में आए यात्रियों में किसी वजह से भगदड़ मच गई, जिसमें अनेक यात्री घायल हो गए थे। दिल्ली पुलिस ने घायलों की संख्या 10 बताई थी। बताया गया है कि प्रयागराज एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर खड़ी थी, तो प्लेटफॉर्म पर बहुत सारे लोग मौजूद थे। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी में देरी हुई और इन ट्रेनों के यात्री भी प्लेटफॉर्म पर मौजूद थे। दिल्ली पुलिस के अनुसार जब हर घंटे रेलवे द्वारा 1500 सामान्य टिकट बेचे गए थे। यही कारण है कि भीड़ बेकाबू हो गई। प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर और प्लेटफॉर्म नंबर 16 के पास एस्केलेटर के पास भगदड़ होने की सूचना है।

**मुख्यमंत्री धामी ने...** संचालित की जा रही है, जिसके तहत हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में संस्कृत शिक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले तीन-तीन विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 5100, 4100 और 3100 रुपये की धनराशि प्रदान की जा रही है। कहा कि प्रदेश के 13 जनपदों में 13 संस्कृत ग्राम विकसित करने के लिए सरकार कार्य कर रही है। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार के माध्यम से सरकार प्रतिवर्ष अखिल भारतीय शोध सम्मेलन, अखिल भारतीय ज्योतिष सम्मेलन, अखिल भारतीय वेद सम्मेलन, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, संस्कृत शिक्षा कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला, संस्कृत छात्र प्रतियोगिता आदि विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर देव भाषा संस्कृत के प्रचार - प्रसार के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी प्राचीन मौलिक विरासत और संस्कृति के उत्थान के तौर से गुजर रहा है। भारत के प्राचीन वैभव और गौरव को प्रदर्शित करने वाली पहचान और प्रतीकों का संरक्षण और संवर्धन हो रहा है। उत्तराखंड भी हर दिशा में नवाचार के दौर से गुजर रहा है। उत्तराखंड में स्थानीय स्तर पर लिए जाने वाले निर्णय राष्ट्रीय स्तर पर भी मार्गदर्शन का कार्य कर रहे हैं। विकास के नित नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। कहा कि उत्तराखंड के प्रवासी भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि उनके पूर्वजों की देवभूमि तेजी से उन्नति के दौर से गुजर रही है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक सरिता कपूर, सचिव संस्कृत शिक्षा दीपक कुमार गैरोला, निदेशक संस्कृत शिक्षा आनंद भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

**हाथ में हथकड़ियां...** हमारी बात सुनने तक को तैयार नहीं था। यहीं करीब 15 दिन हमारे साथ कई और लोगों को भी रखा गया। 2 दिन पहले बताया गया कि उन्हें दूसरे शिविर में शिफ्ट किया जा रहा है। बाद में उन्हें भारत वापस भेज दिया गया। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए 157 भारतीयों को लेकर एक तीसरे विमान के रविवार रात तक भारत पहुंचने की उम्मीद है। ज्यादातर संख्या गुजरात के लोगों की बताई जा रही है। रात करीब 12 बजे इस फ्लाइट के अमृतसर एयरपोर्ट पर पहुंचने की संभावना है।

### गडकरी ने सपरिवार किया त्रिवेणी स्नान

**महाकुंभनगर।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सपरिवार त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सनातन परंपराओं की भव्यता को नमन करते हुए कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति की एकता और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। यह आयोजन हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और पूरे समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। आस्था, अध्यात्म और सनातन परंपराओं के भव्य संगम महाकुंभ में उन्होंने कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मूर्त रूप देने वाला अवसर है, जहाँ संपूर्ण देश के लोग एक आस्था और संस्कृति में बंधे होते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पानी की टंकी से कूदकर युवक ने दी जान

## आकांक्षा कॉलोनी निवासी रिटायर्ड शिक्षक का पुत्र था मृतक

**आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं, जांच में जुटी मवाना पुलिस**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर की आकांक्षा कॉलोनी निवासी रिटायर्ड शिक्षक के पुत्र ने पानी की टंकी से कूदकर अपनी जान ले ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या की वजह पता नहीं लग पाई है।

एएस इंटर कॉलेज के रिटायर्ड शिक्षक नृपेंद्र रस्तोगी का परिवार आकांक्षा कॉलोनी में रहता है। करीब तीन साल पहले उनके छोटे बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। वह अपने अविवाहित बेटे निपुण रस्तोगी (28) व पत्नी के साथ रहते थे। पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि आधी रात के बाद तड़के लगभग तीन बजे वह अपने मकान से निकला और कॉलोनी में पानी की टंकी पर चढ़कर कूद गया, जिससे उसकी मौत हो गई। रविवार सुबह उसका शव लोगों ने देखा तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक युवक के कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं होने है आत्महत्या की वजह पता नहीं चल पाई है। उधर, छोटे बेटे की मौत के गम से अभी तक उभर नहीं पाए पीड़ित दंपती पर दूसरे बेटे की मौत से गमों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस जांच में जुटी है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव झुनझुनी नहर पुल के पास मेरठ की ओर से आ रहे बाइक चालक अनियंत्रित हो गया जिसके कारण बाइक स्लिप हो गई जिसमें चालक सड़क पर बने डिवाइडर पर जा गिरे। जिसके बाद चालक की मौत हो गई तथा उसके पीछे बैठे पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को डॉक्टरी के लिए मेरठ रेफर कर दिया। मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम लिए भेज दिया गया है। हालांकि इस मामले में अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है थाना प्रभारी इन्दु वर्मा ने बताया कि शनिवार की देर शाम करीब 4:30 बजे थाना इंचौली क्षेत्र के कस्बा लावड़ निवासी सुमित पुत्र रंजीत अपनी बाइक संख्या यूपी 12 बीबी 5337 पर अपने साथी जानी पुत्र राकेश व सूर्या पुत्र जानी निवासी समौली को बैठाकर बिजनौर की ओर जा रहा था। जैसे ही थाना क्षेत्र के गांव झुनझुनी नहर पुल के पास आया तो अचानक बाइक अनियंत्रित होकर स्लिप हो गई, तेज गति होने के कारण बाइक सड़क पर बने डिवाइडर पर चढ़ गई जिसमें सुमित को गंभीर चोटे आने से मौके पर ही मौत हो गई तथा जानी व सूर्या गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए मेरठ रेफर कर दिया तथा मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है। बाइक को कब्जे में लेकर थाने पर खड़ी कर दी गई है। तहरीर आने के बाद ही कार्रवाई की जायेगी।

## एआईएमआईएम में शादाब चौहान की हुई घर वापसी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एआईएमआईएम के तेजतर्रार प्रवक्ता रहे शादाब चौहान ने रविवार को प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के नेतृत्व में पार्टी में शामिल होकर घर वापसी कर ली है। शादाब चौहान ने 2014 में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। वह पार्टी में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के साथ-साथ प्रदेश प्रवक्ता भी रहे थे। उस समय पार्टी प्रदेश में नई थी लेकिन शादाब चौहान ने मेरठ के अंदर पार्टी को खड़ी करने में एहम भूमिका निभाई थी।

लंबे समय तक उन्होंने पार्टी में अपनी सेवाएं दी। लगभग 2018 तक वह एआईएमआईएम के रहे उसके बाद वह राष्ट्रीय लोकदल से जुड़े वहां पर प्रदेश प्रवक्ता रहे, साथ ही वह पीस पार्टी में भी प्रदेश प्रवक्ता के पद पर काम करते रहे। रविवार को उन्होंने पार्टी में वापसी करते हुए कहा कि वह एआइएमआइएम के मकसद को कभी नहीं भूले हैं उनका काम पार्टी की नीतियों पर चलने का रहा है भले ही वह कुछ समय तक दूसरी पार्टी में रहे लेकिन अपनी पार्टी के मूवमेंट पर काम करते रहे थे। उन्होंने कहा कि अब खुलकर पार्टी के लिए काम करेंगे। मेरठ के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश और वह जहां भी उनके संपर्क हैं वहां पार्टी को मजबूती दिलाने के लिए दिन रात एक करेंगे। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी व पार्टी के अन्य बड़े नेताओं का आभार जताया है और उम्मीद जताई है कि उनके सहयोग से वह पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करते रहेंगे।

# 45वें दास धर्म समागम के अंतिम दिन मनाया स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तीन दिवसीय 45वें दास धर्म समागम के अंतिम दिन स्थापना दिवस मनाया गया, इस अवसर पर सचखंड धाम के संरक्षक अध्यक्ष संत त्रिलोचन दास जी महाराज ने संगत को बताया भगवान् को अपना मित्र बना लो, उन्होंने आगे बताया कि हम पूरे विश्व में इस तरह के सनातन समागम करेंगे जिसमे सबसे पहले ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड व कनाडा में करने की हमारी कोशिश है और उसमें हम विश्व के सभी सनातनी को जोड़ने की कोशिश कर रहे है। इस अवसर पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग व अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ के उपाध्यक्ष सत्य भूषण जैन ने गुरु जी को शाल पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि दास धर्म ने हमेशा ही समाज के गरीब तबके के लिए कार्य किया है और हम सभी का सहयोग महाराज जी के साथ है। त्रिलोचन दास जी ने आगे कहा कि सनातन ही शाश्वत है और शाश्वत ही सत्य है जिसका हम सबको अनुसरण करना चाहिए और मेरी पूरी विश्व से यही कामना है की सभी लोग सभी धर्मो का सम्मान करें और एकजुट होकर रहे। इस अवसर पर लंदन के रेडियो एंकर रवि शर्मा भी उपस्थित रहे। संस्था के संरक्षक दास हैरी व दास दीपक मारवाह ने बताया कि इस तीन दिवसीय समागम में लाखो लोगो ने निशुल्क मेडिकल कैम्प व नेत्र चिकित्सा शिविर में अपना इलाज कराया तथा गरीब विद्यार्थियों को पुस्तकें और विधवा महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गई।

# दुनिया की तालीम के साथ अपने दीन की पढ़ाई भी जरूरी: शाहिद कासमी

## एनएचएम पब्लिक स्कूल में हुआ कंप्यूटर लैब का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में एनएचएम पब्लिक स्कूल में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन हुआ। जिसमें रसूलपुर धौलडी के सभी मस्जिदों के इमाम चीफ गेस्ट प्रोग्राम में रहे।

डॉ. नफीस ने सभी मस्जिदों के इमाम का स्वागत किया। इसके बाद एनएचएम पब्लिक स्कूल चेयरमैन डॉ. नफीस ने बताया कि आज के समय में हर बच्चे को टेक्नोलॉजी की जरूरत है क्योंकि टेक्नोलॉजी से जुड़े बिना आज के दौर में कुछ भी करना नामुमकिन नहीं है और इसके बगैर भी तरक्की करना मुश्किल है, वहीं सभी मस्जिदों के इमाम ने भी कहा कि बच्चों को पूरी दुनिया की जानकारी होनी चाहिए हमारे नबियों ने भी कहा था की एक रोटी कम खाओ लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओं, उधर जामा मस्जिद के मोहम्मद शाहिद कासमी ने बच्चों से कहा कि आज के समय में दुनिया की तालीम के साथ-साथ अपने दीन की पढ़ाई भी जरूरी है और आज के समय में कंप्यूटर एक ऐसी चीज हो गई है जिसमें हमारे बच्चे अपना बेहतर भविष्य बना सकेंगे। डॉ. नफीस ने सभी मस्जिदों के इमाम को ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर मुफ्ती शाहिद कासमी, मुफ्ती खलील, यूनुस मौलाना, इरफान कारी, मुफ्ती अब्दुल रहमान, मुफ्ती साईदुजजमा, कारी वसीम, मौलाना तसव्वर, मौलाना मोहम्मद अली व शिव मंदिर के पुजारी आचार्य हरीश चंद्र और गांव के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।



## शिविर में 35 यूनिट रक्तदान किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में मीठेपुर रोड पर स्थित फिटनेस फर्स्ट जिम में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें कस्बे के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। फिटनेस फर्स्ट जिम के संचालक कोच शादाब मलिक ने बताया कि रविवार को जीवन पुकार चैरिटेबल ब्लड सेंटर के नेतृत्व में शिविर लगाया गया। जिसमें यहां एक्सर साइज करने वाले महिला व पुरुषों ने अपना एक-एक यूनिट ब्लड डोनेट किया। शादाब मलिक ने बताया कि जिम में आने वाले लड़कों के साथ साथ जिसने भी रक्तदान किया उन सभी को सर्टिफिकेट देकर उनका उत्साह बढ़ाया। रक्तदान शिविर में लोगो ने लगभग 35 यूनिट रक्त दान किया। शिविर में शामिल डॉक्टर ने बताया कि रक्तदान करने से लोगों के शरीर की अनेक बीमारियां दूर होती है। शरीर में नया रक्त बनता है और रक्त प्रवाह भी सही होता है। प्रत्येक स्वस्थ पुरुष को हर 3 से 4 माह के बाद रक्तदान करना चाहिए। जिम के कोच शादाब मलिक ने कहा कि जिम में हर 3 महीने बाद रक्तदान शिविर लगाया जाता है। शरीर को फिट और स्वस्थ रखने के लिए हर व्यक्ति को जिम में एक्सरसाइज या घर पर योगा अवश्य करना चाहिए। इस दौरान महताब मलिक, अलमास चौधरी, हसीब चौधरी, उमर कुरैशी, आमिर सलमानी, हकीम अरशद, महाराज, जावेद कुरैशी, अलताफ, शाकिब, सलमान आदि का योगदान रहा।

## एक नजर

### सुरेश चंद फौजी बनें सपा के विधानसभा महासचिव, सपाइयों ने दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के मोहल्ला बसी निवासी सुरेशचंद फौजी को विधानसभा अध्यक्ष सचिन गुर्जर ने हस्तिनापुर विधानसभा का महासचिव नियुक्त किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विधानसभा में मेहनत करें और सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और प्रदेश में चल रहा है पीडीए का नारा को गांव-गांव गली-गली मोहल्ले-मोहल्ले में पहुंचने का काम करें। उनके नियुक्ति पत्र मिलने पर सपा के पूर्व विधायक प्रभुदयाल वाल्मीकि, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, राष्ट्रीय सचिव उदयवीर सिंह, जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी, सपा जिला सचिव खलील सलमानी, सपा नेता खीमचंद जाटव, नगराध्यक्ष साकिर फरीदी, सभासद अरुण जाटव, जावेद अलवी, कम्बर जैदी, महराज महलका आदि ने बधाई दी है।

### सीबीएस एकेडमी में मनाया गया एनुअल फंक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में चिंदौड़ी रोड पर स्थित सीबीएस अकैडमी में रविवार को एनुअल फंक्शन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर चेयर पर्सन पति हाजी शकील कुरैशी शामिल हुए। इस दौरान स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। जिन्होंने सभी अभिभावकों अध्यापकों व मुख्य अतिथि का मन मोह लिया। स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को चेयरपर्सन पति हाजी शकील व नगर पंचायत के सभासदों द्वारा सम्मानित किया गया, साथ ही हर एक कक्षा से अच्छे नंबर लाने व विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र- छात्राओं को भी मैडल व प्रशस्ति पत्र देते हुए उनका हौसला बढ़ाया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्रधानाचार्य नीरू चौधरी ने कहा कि इस तरह के प्रोग्राम से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है, उन्होंने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रधानाचार्य नीरू चौधरी, डायरेक्टर उदित चौधरी, मोहित चौधरी, मोहित सिंधु, शिक्षिका शीतल सैनी, प्राची सैनी, अंकिता, टीना, शीलू व सभासद आरिफ फैजी, सभासद पति मनोज जाटव, दानिश अंसारी, शाहिद इस्लाम, अयाज गुड्डू, भूसी ग्रोवर आदि मौजूद रहे।



### कार की चपेट में आया किशोर, गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** परीक्षितगढ़ के भद्रकाली से हरियाणा लौट रहे श्रद्धालुओं की कार की चपेट में आकर असीलपुर निवासी एक किशोर की दोनों टांगें टूट गईं। घटना के बाद कार सवार लोग भाग निकले। जिन्हें किशोर के परिजनों ने पीछा कर हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली में पकड़वा दिया। सूचना पर पहुंची किठौर पुलिस घायल को अस्पताल भिजवाकर कार को गढ़मुक्तेश्वर से किठौर ले गई। हरियाणा निवासी योगेश पुत्र महेंद्र सिंह रविवार शाम करीब 5:30 बजे परीक्षितगढ़ के भद्रकाली मंदिर में धार्मिक क्रियाकलाप के बाद अपने दो साथियों के साथ सुजुकी मैक्स कार एचआर-51 बीपी 5327 से घर लौट रहा था। मध्यगंग नहर की पटरी पर असीलपुर स्थित नई बस्ती के पास पहुंचते ही कलंदर खानाबदोश जाति का दिलशाद (8) पुत्र जहीर उसकी गाड़ी की चपेट में आ गया। इस दर्दनाक हादसे में किशोर की दोनों टांगें टूट गईं। घटना के दौरान भीड़ एकत्र होती देख चालक कार लेकर भाग निकला। पीड़ित के परिजनों ने पीछा कर उसे हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली में पकड़वा दिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाकर

## जाट महासभा के प्रदेश प्रवक्ता बने अमित जाखड़

**23 को गोवर्धन कूच करने का पदाधिकारियों ने किया ऐलान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के ग्राम चिंदौड़ी निवासी अमित जाखड़ को राष्ट्रीय जाट महासभा भारत का उत्तर प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया। उन्हें जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सचिन सरोहा ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए यह जिम्मेदारी दी। साथ ही अमित जाखड़ ने कहा कि उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगें। साथ ही उन्होंने बताया कि मेरठ में समीक्षा बैठक के दौरान फैसला लिया गया की गोवर्धन में जाट समाज की विरासत पर किए गए अवैध कब्जे को खाली करने के लिए 23 फरवरी को बड़ी संख्या में जाट समाज के लोग गोवर्धन कूच करेंगें। उन्होंने बताया कि आगामी 23 फरवरी तक अगर मथुरा शासन प्रशासन ने जाट समाज की विरासत से अवैध कब्जा नहीं हटाया तो 23 तारीख में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर जाट महासभा के नेतृत्व में कब्जे को हटाया जाएगा। इस दौरान वहां होने वाले किसी भी अप्रिय घटना के लिए मथुरा प्रशासन जिम्मेदार होगा।



## सब इंस्पेक्टर बनने पर कविता का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** जब इंसान कुछ बनने का मन बना लेता है तो उसे पूरा करने से पीछे नहीं हटता है। एक शायर ने लिखा है कि सपने उन्हीं के सच होते हैं जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से नहीं हौसलों से उड़ान होती है। यही मामला थाना हस्तिनापुर क्षेत्र के गांव ऐदलपुर निवासी रतनपाल सिंह की बेटी कविता पर सटीक बैठता है। कविता बचपन से ही पढ़ने-लिखने में होशियार थी।

कविता का जज्बा बचपन से ही अधिकारी बनने का था। कविता ने हाईस्कूल, इंटरमीडिएट जेआईसी स्कूल हस्तिनापुर करने के बाद बीएससी (बायो) एएस पीजी कॉलेज मवाना में की। उसके बाद नर्सिंग कोर्स, आनंद नर्सिंग कॉलेज में किया। लेकिन साल 2018 में उसकी शादी गढ़ रोड मेरठ रछोती गांव निवासी अंकुर कुमार से हो गई थी। शादी होने के बाद कविता का मनोबल टूट गया और एक ग्रहणी के रूप से काम करने लगी। लेकिन उसके पति अंकुर कुमार की आकस्मिक मृत्यु होने के बाद उसके छोटे भाई अंकित कुमार से 2022 में शादी हो गई। कविता के एक 5 वर्षीय बेटा एवं एक वर्षीय बेटी हुई। लेकिन कविता ने हिम्मत नहीं हारी और पढ़ाई करती रही। उसका सलेक्शन सब इंस्पेक्टर में हो गया। सब इंस्पेक्टर बनने के बाद उसकी ससुराल एवं उसके माता-पिता व परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। रविवार को कविता अपनी वर्दी पहनते हुए अपने माता-पिता के पास पहुंची तो गांव वालों ने उसको माला एवं फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उसके पिता रतन पाल सिंह व माता कौशल देवी ने कहा कि मेरी बेटी ने गरीबी देखते हुए अच्छी पढ़ाई की। आज इस मुकाम पर पहुंच गई हमें अपनी बेटी पर गर्व हो रहा है। वह गरीब, मजदूर, मजलूम, अहसाय लोगों की मदद करने से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कविता को आशीर्वाद देते हुए कानून के दायरे में रहकर कार्य करने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से ग्राम प्रधान राजकुमारी, ग्राम प्रधान पति वीरपाल सिंह, संजय जाटव, जगदीश प्रसाद, कमल सिंह, शिव कुमार, मदन, होशियार सिंह, रामरतन, निगम आदि लोग शामिल रहे।



गांव पहुंचने पर कविता का स्वागत करते ग्रामीण।

## भाकियू क्रांतिकारी मांग पूरी न होने के विरोध में आज करेगी धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाकियू क्रांतिकारी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव राणा व महासचिव हनीफ राणा ने बताया कि बीते गुरुवार को सरधना के समस्त तालाबों को कब्जा मुक्त कराना, सभी गांव के लोगों की घरौनी समय से बनवाना, आवारा पशुओं की समस्या का समाधान करना गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया था। इस दौरान एसडीएम नारायणी भाटिया ने कार्यकर्ताओं को समस्याओं पर जल्द संज्ञान लेकर समाधान का आश्वासन दिया था। साथ ही जिला अध्यक्ष विशाल सोम ने ज्ञापन के दौरान 16 फरवरी तक सभी मांगे पूरी न करने पर 17 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी थी। ज्ञापन में दी गई समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर सोमवार को धरना प्रदर्शन का आह्वान किया गया। इस बीच कार्यकर्ताओं को धरना प्रदर्शन में शामिल होने के निर्देश दिये गये।

# युवक पर जानलेवा हमले का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**गंग नहर पटरी पर रविवार को हुई मुठभेड़, तीन दिन पहले दर्ज हुआ था आरोपी पर मुकदमा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** तीन दिन पहले चौहान चौक पर एक युवक पर तोबड़तोड़ फायरिंग करने वाले एक आरोपी की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पैर में पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया। उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया है। उस पर पहले भी कई अपराधिक मामले दर्ज हैं।

नगर के चौहान चौक निवासी गोपाल चौहान के साथ उनका साला विकास चौहान रहता है। शुक्रवार शाम करीब पौने सात बजे घर के करीब मंदिर के सामने उस पर कुछ युवकों ने तमंचों से ताबड़तोड़ फायरिंग की। गनीमत रही कि विकास को गोली नहीं लगी और वह बाल-बाल बच गया। फायरिंग के बाद आरोपी फरार हो गए। इस मामले में पीड़ित ने राजा उर्फ तीस मारखां व छोटू पुत्रगण अकरम निवासी कुंजड़ों वाली मस्जिद व 5-7 अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज कराया था। इंस्पेक्टर मवाना विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि गंग नहर पुल पर चल रही चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर एक युवक नहर पटरी पर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो उसने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लग गई। पूछताछ में उसने अपना नाम राजा उर्फ तीस मारखां बताया। इंस्पेक्टर मवाना ने बताया कि मुठभेड़ में घायल हुए राजा के विरुद्ध संगीन धाराओं में छह मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं। उधर, जानलेवा हमले के एक अन्य मामले में वांछित चल रहे नरेंद्र उर्फ सोनू निवासी इंद्रा कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया गया। इंस्पेक्टर मवाना ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## चार पैनल मेरठ बार के चुनाव को बना रहे रोचक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इस बार चार पैनल हैं जो अध्यक्ष व महामंत्री के पदों पर चुनाव लड़ रहे है और चारों की दावेदारी अपने आप में पुख्ता है। रोहताश्व अग्रवाल, संजय शर्मा, अजय कुमार शर्मा व प्रदीप सरोहा अपने-अपने गणित में काफी सफल नजर आ रहे हैं। निर्णायक मुस्लिम व दलित अधिवक्ता ही माने जा रहे हैं इस बार चुनाव में रोचक फाइट देखने को मिल सकती है।

## देवर ने की मारपीट, पीड़िता ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गांव महादेव निवासी सोमन पत्नी मोहित ने तहरीर में बताया कि उसका पति गुड़गांव में काम करता है। रविवार को वह घर पर अकेली थी। इसी बीच उसके देवर से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई।

इसके बाद आरोपी देवर ने महिला के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में थाने पहुंची पीड़िता को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। इसके बाद पीड़िता ने आरोपी देवर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## शिव सैनिकों ने महिलाओं को दिलाया इंसाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** छीपी टैंक स्थित शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे कार्यालय पर अपनी ससुराल से पीड़ित महिलाएं प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र तोमर से मिली। जिसके बाद एक टीम बनाकर थाना भावनपुर निवासी महिला को न्याय दिलाने के लिए थाना भावनपुर भेजी गई जहां पीड़िता की समस्या को थानाध्यक्ष के सामने रखा गया, जिस पर थानाध्यक्ष ने कहा कि एक बार इनका मीडियेसन करा देते हैं यदि मीडियसन फैल हुआ तो मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा जायेगा। इसके बाद थाना लोहिया नगर निवासी ससुराल पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए थाना लोहिया नगर पहुंच कर शिव सैनिकों ने पीड़िता के आरोपी ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इस अवसर पर महिला मोर्चा महानगर उपाध्यक्ष पूजा सिंघल, महानगर सचिव इरम खान आदि शामिल रहे।



## मुरादनगर श्मशान घाट में हादसा

# पानी की टंकी की शटरिंग गिरने से कई घायल







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** श्मशान घाट में निर्माणाधीन पानी की टंकी की शटरिंग गिरने से बड़ा हादसा हो गया है। जानकारी के अनुसार, टंकी पर काम कर रहे एक दर्जन से अधिक मजदूर शटरिंग खोलने का काम कर रहे थे, तभी अचानक शटरिंग गिर गई, जिसमें सभी मजदूर दब गए।घटनास्थल पर मची अफरा-तफरी मच गई हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया है। अब तक 8 मजदूरों को एंबुलेंस के माध्यम से साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जा चुका है, लापरवाही आई सामने:प्रारंभिक जांच में ठेकेदार की बड़ी लापरवाही सामने आई है। मजदूरों के पास न तो सेफ्टी बेल्ट थी और न ही हेलमेट। सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण यह हादसा हुआ हादसे की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

## विद्युत विभाग ने की कलछिना में बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत विषेश चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके दौरान अधिषासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर, समस्त उपखण्ड अधिकारी / समस्त अवर अभियन्ता एवं अन्य लाईन स्टाफ की टीम का गठन कर पुलिस प्रवर्तन दल तथा क्षेत्रीय पुलिस बल के साथ ग्राम कलछीना, मोदीनगर के बनिए का मोहल्ला, कच्चा रास्ता में मोर्निंग रेड की गयी। मोर्निंग रेड के दौरान में कुल नं0 194 परिसरों को चौक किया गया।

17 नं० व्यक्ति् बिना कनेक्शन के सीधे विद्युत चोरी, मीटर से पहले कट लगाकर, मीटर के अतिरिक्त तर डालकर चोरी करते पाये गये, जिन पर धारा 135ए, 11 नं0 पर पूर्व में अस्थायी रूप से विच्छेदित किये गये संयोजनों को पुनः जोड़कर चलाते पाये जाने के कारण धारा 138 बी के अन्तर्गत के प्राथमिकी दर्ज करायी गयी एवं 03 नं० उपभोक्ताओं जिन पर 1 लाख से अधिक का बिल का बकाया था, के परिसर से मीटर उतारे गए।

खण्ड के अन्तर्गत समस्त निवासीगणों से अनुरोध है कि जो सीधे विद्युत चोरी कर रहे है, ससमय नया संयोजन स्वीकृत कराये, जिन उपभोक्ताओं का पूर्व में विद्युत बिल बकाया होने के कारण संयोजन अस्थायी रूप से विच्छेदित है या बिल बकाया है वह शाशन द्वारा वर्तमान में चलायी जा रही एकमुष्त समाधान योजना 2024-25 के अन्तिम चरण की विस्तारित अवधि दिनांक 28.02.2025 तक पंजीकरण कराकर बिल का भुगतान कर योजना का लाभ उठाये।

साथ ही साथ ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा गलत विद्या में विद्युत का प्रयोग कर रहे है, वह अपने उपखण्ड / खण्ड में उपस्थित होकर, अपने संयोजन की विद्या परिवर्तित करायें। अन्यथा की स्थिति पुलिस प्रवर्तन दल, गाजियाबाद, विभागीय टीम के द्वारा लगातार रेड की जाएगी तथा विभागीय नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने की बाध्यता होगी।

## राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने किया सांसद अतुल गर्ग का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष, सह संयोजक वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ भाजपा महानगर पंडित अशोक भारतीय ने भाजपा नेता प्रदेश महामंत्री सौरभ यादव व राष्ट्रीय सलाहकार रितेश शर्मा आदि के साथ सांसद अतुल गर्ग से शिष्टाचार मुलाकात की तथा दिल्ली में प्रचंड जीत पर उनके सहयोग को भाजपा के लिए अमूल्य बताते हुए उनका साधुवाद किया तथा पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद सांसद अतुल गर्ग ने इस जीत को दिल्ली की जनता की जीत और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जीत बताते हुए जनता को समर्पित किया।

## हम तुम रोड के लिए भू-स्वामियों ने जताई सहमति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जीडीए द्वारा राजनगर एक्स्टेंशन मे प्रस्तावित 24 मीटर चौड़ी हम तुम रोड के निर्माण कार्य को लेकर भूमि स्वामियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक मोरटा मे आयोजित की गई। यह बैठक जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देशानुसार हुई, जिसमें भू- अर्जन, प्रवर्तन और अभियंत्रण अनुभाग के सहायक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में 40 से अधिक भू- स्वामी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से जितेंद्र गोयल, अशोक कुमार त्यागी, विकास त्यागी, पंकज त्यागी, वीरेंद्र कुमार, नितिन गुप्ता, किशन कुमार सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

बैठक में सभी भू- स्वामियों ने जीडीए के इस विकास कार्य को सराहनीय कदम बताया और सहमति जताई कि वे अपनी भूमि इस सड़क निर्माण के लिए देने को तैयार हैं। उन्होंने इस परियोजना को गाजियाबाद शहर के विकास के लिए आवश्यक बताया और जोर दिया कि इसका निर्माण शीघ्र किया जाए। हालांकि, बैठक के दौरान कुछ भूमि स्वामियों ने प्रतिपूरक एफएआर से जुड़ी शंकाओं को स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने जानना चाहा कि उन्हें मिलने वाली एफएआर की प्रक्रिया क्या होगी और क्या वे इसे बिल्डर्स या अन्य व्यक्तियों को हस्तांतरित कर सकते हैं।

अधिकारियों ने उनकी शंकाओं के समाधान का आश्वासन देते हुए बताया कि इस विषय में जीडीए स्पष्ट दिशा-निर्देश तैयार कर रहा है, जिससे सभी को पूरी जानकारी मिल सके। इसी क्रम में, जल्द ही भू-स्वामियों की जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के साथ बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें एफएआर से संबंधित सभी प्रश्नों का उत्तर दिया जाएगा और प्रक्रिया को विस्तार से समझाया जाएगा।

## नशे के विरुद्ध जागरूकता लाने के लिए जारी है अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन एवं निफा द्वारा जनपद के मुरादनगर क्षेत्र में लगातार आम जनमानस के साथ साथ छात्र/छात्राओं को नशे से दूर रहने तथा नशा मुक्त गाजियाबाद बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किये जाने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

इसी के तहत मुरादनगर स्थित एवन कालोनी में समाजसेवी जमालु के आवास पर एक आमजन सभा आयोजित की गई। जिसमें युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशा छोडनें हेतु प्रोत्साहित किया गया, साथ ही सभी को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए समाज की मुख्य धारा में जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। युवा पीढ़ी को किस तरह से नशे के चंगुल से दूर रखा जाए इस पर सभी ने विचार विमर्श कर नशा मुक्त क्षेत्र बनाने में सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर डॉ फहीम सैफी, सीदू अल्वी, मो. हसिन भादोली, इन्साफ, जमालु, हारून, साजिद, इसरार, आलम, इरफान, फुरकान, लियाकत, सुहैल, साहिल, नाविद, परवेज, दिलशाद आदि उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त रालोद जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह का हुआ भव्य स्वागत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुरादनगर के गांव चित्तौड़ा में राष्ट्रीय लोक दल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी का चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी के आवास पर भव्य स्वागत किया गया सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की मूर्ति पर माला अर्पण किया।

उसके बाद सभी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी का माला व पटका पहनाकर स्वागत किया चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया और कहा रामपाल चौधरी कर्मठ व्यक्ति है चौधरी साहब ने यह जिम्मेदारी सोच समझ कर दी है। यह पार्टी को आगे बढ़ने का काम करेंगे। चौधरी रामपाल सिंह ने कहा जिस आशा और विश्वास के साथ के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है मैं इसका पूर्ण निष्ठा से निर्वाह करूंगा और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंच कर पार्टी को बढ़ाने का काम करूंगा, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलावर सिंह ने की और संचालन प्रदीप मुखिया ने किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय महासचिव बिट्टू खंजरपुर, ऋषिपाल सिंह, नितिन कुमार, राहुल तंवर, विनीत कुमार, भारत सिंह, समीर चौधरी, नवीन कुमार, शेखर सिंह, संसार सिंह, जितेंद्र सिंह, महक सिंह, सुशील कुमार, राम कुमार सिंह, जोगिंदर सिंह, नरेश कुमार, मुकरजीत, उमेश कुमार, संजीव कुमार, ठाकुर गोपीचंद, कृष्ण पाल सिंह, सोहन पाल सिंह, डॉक्टर इंद्रपाल सिंह डायरेक्टर आनंद सिंह, मास्टर योगेंद्र सिंह, समरजीत सिंह, आसिंदर उपाध्याय, मोहित गौतम, बाबू, नरेंद्र मुकद्दम, सुरेंद्र सिंह, अमित कुमार, संजीव कुमार, आदि सैकड़ो लोग इस अवसर पर मौजूद रहे।

## अगर आपने भी नहीं भरा है अपना हाउस टैक्स, तो हो जाइए सावधान, संपत्ति होगी सील



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने निगम के ताज विभाग को वित्तीय वर्ष 2025 की संपत्ति कर के 138 करोड़ रुपयों की वसूली का लक्ष्य दिया है। रविवार को भी नगर निगम हाउस टैक्स वसूली के लिए गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में कैंपों का आयोजन करेगा।

गाजियाबाद नगर निगम लगातार हाउस टैक्स वसूली को तेज कर रहा है। जिसके लिए पांचो जोन में जोनल प्रभारियों के द्वारा हाउस टैक्स वसूली के लिए कैंप भी लगाए जा रहे हैं। कर दाताओं की सहूलियत के लिए रविवार, 16 फरवरी 2024 को 12 स्थानों पर कैंप लगेंगे।

### राष्ट्रीय जाट महासभा भारत ने किया समीक्षा बैठक का आयोजन

# सुधीर चौधरी बने गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरो. हा, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अजय प्रमुख, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण मलिक, प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश संजीव शेखर, युवा पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष मोहित मलिक, प्रदेश महासचिव सोनवीर खुटैल, मंडल अध्यक्ष युवा सागर तेवतिया, दिल्ली युवा प्रदेश अध्यक्ष शुभम जावला, युवा जिला अध्यक्ष गाजियाबाद तरुण राज तेवतिया, सभी पदाधिकारी ने संगठन विस्तार के बारे में समीक्षा की जिसमें मुख्य गोवर्धन मथुरा में महाराजा सूरजमल जी द्वारा स्थापित की गई तालाब और बगीचे में छतरियां और महल पर हो रही जाट समाज की धरोहर पर अवैध कब्जा करने वाले असमा. जिक तत्वो के खिलाफ उनको हटाने की रणनीति बनाई गई। 23 फरवरी को होगी जाट समाज की कूच गोवर्धन मथुरा के लिए होगी। इस अवसर पर

सुधीर चौधरी को गाजियाबाद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया व गौरव निर्मल को शामली का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जाट समाज के केंद्र में आरक्षण के लिए एक रणनीति तैयार कर बहुत ही जल्द एक महापंचायत की जाएगी।

## व्यापारी पर मुकदमा दर्ज करने के विरोध में बंद का ऐलान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** व्यापारी पर मुक. दमा दर्ज करने के विरोध में व्यापारियों के अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह ने ऐलान किया कि आज शालीमार गार्डन की मैन मार्किट सभी व्यापारीगण बंद रखेंगे व अपने बाल गंजे करके अर्धनग्न होकर शालीमार गार्डन पुलिस थाने का घेराव करेंगे। आज 11 बजे हजारों व्यापारियों क्षेत्र की जनता के के साथ पूर्व डिप्टी मेयर अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी, भाजपा नेता पार्षद कालीचरण पहलवान भी शालीमार गार्डन पुलिस थाने पर धरना देंगे। व्यापारियों ने बताया कल हम सभी पुलिस थाने में ही अपने सर के बाल मुंडवाएंगे एवं अर्द्धनग्न होकर मार्किट बंद करके पुलिस थाने का घेराव करेंगे। आरोप है कि शालीमार गार्डन थाने में पुलिस ने बिना जांच किए फर्जी मुकदमा दर्ज किया है जबकि सीसीटीवी कैमरे में साफ साफ दिख रहा है कि सुनीता उपाध्याय अपनी स्कूटी पर बैठकर उसे चलाकर खुद आई और स्कूटी को पंजाबी ढाबे शालीमार गार्डन पर रोककर पंजाबी ढाबे वाले को बुलाकर 10000 रूपए रंगदारी मांग रही है। जब रंगदारी देने से मना किया गया तो सुनीता उपाध्याय ने हंगामा कर दिया हंगामे की आवाज से आस पास के लोग इक्कठे हो गए हैं।पुलिस ने जो मुकदमा दर्ज किया है उसमें सुनीता उपाध्याय लिख रही हैं कि मेरी गाड़ी रोककर मुझ पर हमला करने की धमकी दी जबकि सीसीटीवी कैमरे की जांच तक नहीं की गई। शालीमार गार्डन के व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि पुलिस इस मामले में निष्पक्ष जांच कर इस मुकदमे को खत्म करे और रंगदारी मांगने वाली महिला सुनीता उपाध्याय पर मुकदमा दर्ज किया जाए अन्यथा सोमवार से शालीमार गार्डन थाने के बहार अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

वाद में प्रतिवादी नम्बर 1 की उपस्थिति के लिये समन आदेश 5 नियम
1 व 5 सी0पी0सी0
**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) एफ.टी.सी. मुजफ्फरनगर**
वाद सं0 551 सन् 2018
रामादित्य कुमार भारद्वाज पुत्र श्री रामरिछ पाल सिंह निवासी म0न0 108/बी, नई मण्डी मुजफ्फरनगर। **......वादी**
**बनाम**
1-रामप्रताप पुत्रगण श्री रामरिछ पाल सिंह निवासीगण म0न0
2- रामकरण 108/बी, नई मण्डी मुजफ्फरनगर। **......प्रतिवादीगण**
आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद रामादित्यकुमार ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध बाबत डिक्लेरेशन दायर किया है। जिसमे प्रतिवादी नम्बर 1 रामप्रताप हाजिर नहीं आ रहे है। इसलिये आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तर देने हेतु उपस्थित होने के लिये दिनांक 28.02.2025 को दिन के 10 बजे के लिये समन प्रेषित किया जाता है जिसमे आप नियत दिनांक 28.11.2025 को न्यायालय मे स्वयं या अपने अधिवक्तागण द्वारा उपस्थित होकर इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके और आपको सूचित किया जाता है कि अगर आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर उक्त वाद का उत्तर नहीं देते है तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
आज दिनांक 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।
दिनांक
आज्ञा से
मुन्सरिम
सिविल जज (सी0डि0)
फास्ट ट्रैक कोर्ट
मुजफ्फरनगर

## वैशाली में किया गया विकास कार्यों का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** वार्ड 72 के पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा सेक्टर 1 वैशाली हनुमान मंदिर के पास पुष्पा आकाश सोसाइटी को गंगा वॉटर मिले इसके लिए नगर निगम से इस अपार्टमेंट को गंगा वाटर की लाइन डलवाने के कार्य का शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर वहां के वेलफेयर संगठन के पदाधिकारी संजीव कौशिक और अरुण लखेड़ा द्वारा नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभारंभ किया गया। आपको बता दें कि काफी लंबे समय से यहां के लोगों द्वारा गंगा वाटर की मांग की जा रही थी जिसके लिए क्षेत्रीय पार्षद के प्रयासों से यह कार्य हो पाया इसके लिए पार्षद द्वारा महापौर सुनीता दयाल नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर एसके सिंह लाडु सिंह रावत विपिन सरवन संतोष लक्ष्मण राहुल अभिनव विदीत शर्मा सहीत अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# आईटीएस मोहन नगर में हैकाथॉन का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस मोहन नगर में (यूजी कैंपस) द्वारा हैकाथॉन का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में बीबीए, बीसीए और एमसीए के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसमें आई.टी.एस के निदेशक (आई.टी एवं यूजी) डॉ. सुनील कुमार पांडेय, तकनीकी विशेषज्ञ एवं डेटा साइंटिस्ट माई एडुगैलेक्सी नोएडा के प्रबंधक (टेक्नोलॉजी) दीपक त्रिपाठी, आई.टी.एस (यूजी) परिसर की उपप्राचार्या - डॉ नैंसी शर्मा और आईटी विशेषज्ञ (लीडर) मोनिका भाटिया के साथ साथ इस फेस्ट के संयोजकगण प्रो. शिवोहम तिवारी एवं डॉ. शुभ्रा द्विवेदी, बीसीए पाठ्यक्रम की चेयरपर्सन डॉ. विदुषी सिंह एवं बीबीए पाठ्यक्रम के चेयरपर्सन प्रो. आदिल खान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने छात्रों को टीम भावना और उत्कृष्टता के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं। आईटीएस के निद. ेशक (आईटी एवं यूजी) डॉ. सुनील कुमार पांडेय ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में जिस प्रकार से व्यवसाय जगत में टेक्नोलॉजी को आत्मसात किया जा रहा है तथा तेजी से टेक्नोलॉजी में परिवर्तन एवं विकास हो रहे हैं। यूजी कैंपस की वाईस प्रिंसिपल डॉ. नैंसी शर्मा ने इसके पूर्व इस फेस्ट के उद्देश्यों एवं संरचना पर विस्तार से चर्चा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन छात्रों को एक सकारात्मक सोच के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान करेगा।

इस अवसर पर निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में आमंत्रित दीपक त्रिपाठी और सुमोनिका भाटिया ने हैकाथॉन के आयोजन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बहुत कम संस्थान कर पाते हैं। उन्होंने आई.टी.एस की मैनेजमेंट की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी दक्षता को निखारने के लिए उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रही है। इस हैकाथॉन में बीसीए, बीबीए और एमसीए पाठ्यक्रमों में 200 से भी अधिक छात्रों एवं लगभग 50 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्रों को कुल 10 परिदृश्य दिए गए जिनमें से किसी एक का चयन कर उन्हें समस्या का समाधान विकसित करना था।

# मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आकर दो दोस्तों की दर्दनाक मौत

## शनिवार शाम से ही लापता थे दोनों दोस्त, परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस मामले की जांच मे जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत-अमीनगर सराय रोड स्थित रेलवे फाटक पर मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची जीआरपी ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

रविवार की सुबह दिल्ली से एक मालगाडी ट्रेन सहारनपुर की ओर जा रही थी। बड़ौत-अमीनगर सराय रोड स्थित रेलवे फाटक बंद था। जैसे ट्रेन रेलवे फाटक से गुजरी तो उसी दौरान दो युवक ट्रेन की चपेट में आ गए। दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। लोको पायलट ने हादसे की जानकारी स्टेशन अधीक्षक बड़ौत को दी। स्टेशन अधीक्षक बड़ौत ने जीआरपी थाना पुलिस बड़ौत को हादसे की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में जीआरपी थाना पुलिस बड़ौत के प्रभारी उधम सिंह तालान का कहना है कि हादसे में अरुण तोमर पुत्र प्रेम सिंह निवासी बिजलीघर के निकट बड़ौत और शिवम उर्फ भूरा पुत्र जगमाल निवासी छपरौली रोड बड़ौत की मौत हो गई है। स्वजन को मौके पर बुलाया गया। स्वजन ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम से ही दोनों लापता थे। जो आपस में दोस्त भी थे। शवों को पोस्टमार्टम पर भेज दिया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



मृतक शिवम उर्फ भूरा का फइल फोटो



मृतक अरुण तोमर का फइल फोटो

## पुलिस ने बॉर्डर और चौराहों पर की विशेष चेकिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर जनपद की सभी बॉर्डर चौकियों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस टीमें बाहर से आने वाले वाहनों पर विशेष नजर रख रही हैं और संदिग्ध वाहनों की गहन तलाशी की जा रही है। रात्रि के समय प्रमुख चौराहों के आस-पास घूमने वाले व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। सुरक्षा को और अधिक चाक-चौबंद बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों का भी सहारा लिया जा रहा है। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत पैदल गश्त भी की जा रही है, जिससे आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव बना रहे और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।



## स्वामी दयानंद सरस्वती के 200वें जन्म वर्ष पर जनपदीय महासम्मेलन आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी में स्वामी दयानंद सरस्वती के 200 वें जन्म वर्ष पर जनपदीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान अध्यक्षता तेजपाल आर्य, नोएडा, उपप्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश ने की तथा संचालन जिला मंत्री तेजपाल आर्य ने किया। यज्ञ ब्रह्मा आचार्या सुकामा, गुरुकुल रूड़की, हरयाणा रही तथा उनका सहयोग गुरुकुल की बालिकाओं द्वारा किया गया। सम्मेलन में कई जनपदों के व्यक्ति उपस्थित रहें। आचार्य प्रशांत ने महर्षि दयानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेद ईश्वर की वाणी है। वेद सर्वोपरि है, हम सभी को अपने जीवन में वेद को उतारना चाहिए। आचार्य शिवपूजन विद्यालंकर ने बताया कि ऋषि दयानंद ने जीवन में पांच महायज्ञ दैनिक रूप से करने के लिये कहा है। उन्होंने गुरुकुलीय शिक्षा समाज और राष्ट्र के लिए हितकर बताई। युवाओं के लिए वेद मार्ग पर चलकर ही समाज का कल्याण संभव है। आचार्य धीरज कुमार, यशवीर आर्य, डा.दिवाकर, गुरुकुल एटा द्वारा सभा कों सम्बोधित किया गया। जिला प्रधान ब्रह्मपाल ने समस्त अतिथियों का सम्मान किया। मौके पर रिपुदमन सिंह, राजेंद्र सिंह, मनोज कुमार आर्य एडवोकेट, यशपाल आर्य, मनोज आर्य रमाला, विनोद आर्य, समय सिब्ध, योगेंद्र सिंह, आर्य भूषण, ओमपाल सिंह, संदीप कुमार आदि मौजू रहे।



## एसपी ने चौकीदारों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चौकीदार को एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने एक कार्यक्रम में शाल उढाकर सम्मानित किया जिससे लेकर कस्बें के लोगो ने एसपी की जमकर प्रशंसा कर रहे है।

बागपत में पुलिस द्वारा निजि कार्यक्रम में एसपी अर्पित विजयवगर्रय ने चौकीदारो को सम्मानित किया। वही रटौल के चौकीदार नसीम को भी एसपी द्वारा सम्मानित किया गया जब नसीम चौकीदार रटौल अपने परिजनो के पास सम्मान लेकर पहुंचे तो परिजनों ने खुशी जतायी। वही रटौल के पूर्व प्रधान और जिला पंचायत सदस्य डाक्टर जाकिर हसन ने कहा कि एक चौकीदार कस्बें और गांव की हर छोटी बड़ी समस्याओं में पुलिस के साथ खड़ा रहता है और रात्रि में भी जब कस्बें के लोग सोते है तो चौकीदार ही कस्बें में घुमता है। एसपी बागपत द्वारा जो सम्मान नसीम चौकीदार को दिया गया है। वह कस्बें के लिए भी सम्मान की बात है रटौल में पुलिस अच्छा काम कर रही है। पीड़ितो की समस्या को सुना जाता है जिसके लिए बागपत पुलिस की आज गांव गांव प्रशंसा हो रही है। उन्होंने कहा नसीम चौकीदार को मिला सम्मान के लिए कस्बें के लोग उनका धन्यवाद करते है।



## चौपाल में बाबा साहेब का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को जिला समाजवादी शिक्षक सभा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आहवान पर पीडीए संवाद कार्यक्रम के तहत समाजवादी जन पंचायत चौपाल का आयोजन नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज बुढेडा में किया गया।

समाजवादी जन पंचायत चौपाल की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की। मुख्य अतिथि कौशल कुमार भड़ौदा प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश और विशिष्ट अतिथि संजीव त्यागी प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश रहे। इस दौरान कार्यक्रम के आरंभ में सभी अतिथियों का जिलाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा कृष्णपाल सिंह गुर्जर ने पगड़ी और फटका पहनकर स्वागत किया। देश की राजनीति से पिछड़ो, दलितोंऔर अल्पसंख्यकों को उनके अधिकारों से वंचित करने के प्रयास के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर कौशल कुमार भदौडा ने कहा कि प्रभुत्वादी शक्तियां समाज में सामाजिक न्याय के संघर्ष को कमजोर करना चाहती है लेकिन समाजवादी लोग राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में उनके मंसूबों को पूरा नहीं होने देंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव संजीव त्यागी ने कहा कि डा. बाबा. साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रयासों से संविधान के माध्यम से देश की 90: वंचित आबादी को उसका हक दिलाने का प्रयास किया था जिसको आज उनसे दूर करने का प्रयास आज के सत्तासीन लोगों द्वारा किया जा रहा है। हम सब लोग संकल्पित होते हैं कि बाबा साहब कि रास्ते का अनुसरण करते हुए सामाजिक न्याय के आंदोलन को तेज करेंगे। अध्यक्षीय भाषण में जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो पीडीए समाज को ताकत देने के लिए और हो बाबा साहेब के मान पर चर्चा-अब घर घर पहुंचे पीडीए पर्चा अभियान के तहत जनपद के हर कोने में समाजवादी साथी संवाद कायम करेंगे और समाज में बराबरी को बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान प्रदेश सचिव समाजवादी शिक्षक सभा नगेंद्र सिंह कृष्णपाल सिंह, सतीश, चिराग, राहुल यादव, शाहरुख, मौ.सलीम, प्रवीण, कंवरपाल आदि मौजूद रहे।



## डॉ.मैराजुद्दीन व जीएम मुस्तफ़ा को पेश की ख़िराजे अक़ीदत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाग़पत।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री डा.मैराजुद्दीन अहमद एवं नेशनल माइनासॅरिटी फंट के अध्यक्ष हाजी जीएम मुस्तफ़ा को सिंघावली स्थित जामिया अरबिया तालीमुल क़ुरआन में उन्हें ख़िराजे अक़ीदत पेश किया गया।

प्रोग्राम की शुरुआत जामिया के छात्र ज़ैद ने क़ुरआन की तिलावत से की। नात नबी मौलाना मौहम्मद शौक़ीन ने सुनाई। मदरसे के ज़िम्मेदार क़ारी रियाजुद्दीन ने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री डा.मैराजुद्दीन अहमद व नेशनल माइनॉरिटी फंट के अध्यक्ष हाजी जीएम मुस्तफ़ा का निधन तालीम के क्षेत्र के लिए बड़ा नुकसान है। उन्होंने कहा कि डा. मैराजुद्दीन अहमद ने हमेशा बच्चों को तालीम से जोड़ने और विशेष रूप से लड़कियों को तालीम से जोड़ने पर ज़ोर दिया है। उन्होंने सियासत के साथ सामाजिक और अदबी काम प्रमुखता से किये है। पूर्व मंत्री डा.मैराजुद्दीन अहमद के बेटे एडवोकेट बदर महमूद व फ़ैज़ महमूद ने जामिया अरबिया तालीमुल क़ुरआन को ख़िराजे अक़ीदत प्रोग्राम आयोजित करने पर धन्यवाद दिया। एडवोकेट बदर महमूद ने कहा कि वह अपने वालिद की परम्परा को निभाते हुए क्षेत्र के लोगो के बीच रहकर हमेशा हर वर्ग की सेवा के किये तत्पर रहेंगे। फ़ैज़ महमूद ने कहा जामिया अरबिया तालीमुल क़ुरआन ने क्षेत्र में दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम को बढ़ाने का शानदार काम किया है। उन्होंने कहा कि वह अपने वालिद के नक़्श क़दम चल कर कौमी एकता को मज़बूत करते हुए समाज सेवा हेतु कार्य करते रहेंगे। क़ारी जान मौहम्मद ने कहा कि हाजी जीएम मुस्तफ़ा ने समाजहित में कल्याणकारी काम किये है। उनके निधन से नेशनल माइनॉरिटी फंट सहित सभी वर्गो को गहरा दुख पहुँचा है। कार्यक्रम का संचालन क़ारी राशिद ने किया। मौलाना आबिद ने पूर्व कैबिनेट मांत्री डा. मैराजुद्दीन अहमद व हाजी जीएम मुस्तफ़ा की मग़फ़िरत के लिए दुआ कराते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर एडवोकेट बदर महमूद, फ़ैज़ महमूद, अफ़ज़ल चौहान, वसीम अहमद, अनम शेरवानी, हाफ़िज़ मोबिन, मुन्ना आदि मौजूद रहे।



## राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने आईक्यूफ यूनिट का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविार को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने जनपद में एंब्रोसिया नेचुरल प्रोडक्ट्स इंडिया फलों एवं सब्जियों का एकीकृत शीत भंडारण की आईक्यूफ यूनिट का उद्घाटन किया।

जनपद बागपत में एंब्रोसिया नेचुरल प्रोडक्ट्स इंडिया फलों एवं सब्जियों का एकीकृत शीत भंडारण की आईक्यूफ यूनिट का उद्घाटन किया व उपस्थित सम्मानितजनों, किसान भाइयों को संबोधित किया। इस यूनिट में किसान भाइयों के यहां पैदा होने वाले फलों और सब्जियों के भंडारण करने के लिए कोल्ड स्टोरेज यूनिट, पैक हाउस, रेफ्जिरेशन आदि की सुविधा उपलब्ध होगी। कार्यक्रम के फाउंडर व डायरेक्टर बड़ौत के किसान जयदेव सिंह को यूनिट की सफलता के नए आयाम स्थापित करते हुए क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित हो ऐसी शुभकामनाएं दी। जयदेव सिंह जो कि पूरे देश से शहद पैदा कराते हैं और विदेशों में निर्यात भी करते हैं। उनके बिजनेस मॉडल से प्रेरित होकर कई लोग देश-विदेश से उनसे ट्रेनिंग लेने आते हैं। वे किसानों को मधुमक्खी पालन से कमाई करने के तरीके सिखाते हैं।






## मेडिकल कॉलेज विवाद में बंट गया जिला, पार्टियों के नेता हुए आमने-सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए ज़मीन के विवाद में जिला बंट गया है और बागपत व बड़ौत के बीच खुलकर विवाद शुरू हो गया। लोग ही नहीं, बल्कि पार्टियों के नेता भी राजनीति क्षेत्र के अनुसार बंट गए हैं। बागपत की राजनीति करने वाले मीतली में मेडिकल कॉलेज की पैरोकारी कर रहे हैं तो बड़ौत व छपरौली वाले बड़ौत में कालेज निर्माण की मांग कर रहे हैं। मेडिकल कालेज निर्माण के लिए मीतली में जमीन चिह्नित की गई थी। इस जमीन को वर्ष 2023 में राजस्व विभाग ने बंजर में दर्ज कर दिया था। वहीं मेडिकल कालेज के निर्माण के लिए जयपाल सिंह शर्मा ट्रस्ट के साथ मिलकर 101 करोड़ रुपये का अनुमोदन हो गया है। मगर, जनता वैदिक कॉलेज की प्रबंध समिति ने पांच दिन पहले मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए 96 बीघा भूमि दान देने का प्रस्ताव पास करके डीएम को सौंपा तो इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। जहां बागपत क्षेत्र के करीब 50 गांवों के लोग इसके विरोध में उतर गए और मीतली में मेडिकल कॉलेज निर्माण की मांग करने लगे। अब यह एक ही जिले में बागपत व बड़ौत के बीच विवाद शुरू हो गया है। पंचायतों से लेकर सोशल मीडिया पर दोनों क्षेत्रों के लोग एक-दूसरे पर खूब कटाक्ष कर रहे हैं। वहीं रालोद, भाजपा, सपा, बसपा सभी पार्टियों के नेता भी बागपत व बड़ौत क्षेत्र में बंट गए हैं। भाजपा के विधायक योगेश धामा जहां खुलकर मीतली में कॉलेज निर्माण किए जाने का मामला उठा रहे हैं और इसमें सीएम से मिलने की बात कह रहे हैं। वहीं राज्यमंत्री केपी मलिक भी डेढ़ साल पहले इस मामले में सीएम से मिलकर पत्र सौंप चुके हैं। उन्होंने सीएम को पत्र सौंपकर मीत कॉलेज की समिति का नहीं अधिकार तो प्रस्ताव कैसे कर दिया। वही जनता वैदिक कॉलेज की समिति पर मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन का प्रस्ताव देने पर दूसरे पक्ष ने सवाल उठाने शुरू कर दिए। जाट शिक्षा सभा के अध्यक्ष होने का दावा करते हुए जगवीर सिंह, मंत्री मोनिका, राजवीर जोनमाना, जयवीर मलिक, बलराज आदि ने शनिवार को डीएम अस्मिता लाल से मिलकर शिकायत दी। उन्होंने कहा कि जनता वैदिक कॉलेज की समिति ने 96 बीघा जमीन मेडिकल कॉलेज के लिए देने का प्रस्ताव किस आधार पर किया है। क्योंकि उनको जमीन को लेकर कोई फैसला करने का अधिकारी नहीं है और यह फैसला केवल जाट शिक्षा सभा की समिति ले सकती है। इस मामले में डीएम से गलत प्रस्ताव करने वालों पर कार्रवाई की मांग की गई। हमारे पास पूरा अधिकार, झूठ बोला जा रहा। जनता वैदिक कॉलेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेंद्रपाल सिंह का कहना है कि जाट शिक्षा सभा का कुछ दिन के लिए दूसरे लोगों को अध्यक्ष व अन्य पद दिए गए थे। मगर, इसके बाद हाईकोर्ट में गए तो उसपर स्टे कर दिया गया था और अब कॉलेज की समिति ही पूरी जिम्मेदारी संभाल रही है। इसलिए कॉलेज की समिति के पास सभी फैसले लेने का हक है और प्रस्ताव गलत करने का आरोप लगाने वाले खुद झूठ बोल रहे हैं।



## फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** फुटबॉल एसोसिएशन के द्वारा चल रही फुटबॉल लीग का रॉयल अकादमी ग्राउंड पर फिर शानदार मैच आयोजित करे गए। संगठन की प्रेसिडेंट रितु सिंह ने बताया कि लीग तीन अहम मैच खेले गए। कल खेले गये मेच मे डेयर डरेगन विलेज एफसी दूसरा मैच वेदहारष और एफसी और तीसरा मैच युपी वारीयर और मलकपुर अफसी के बीच हुआ। जिसमे बागपत ऑफसी, वेदहारष, युपी वारीयर जीता। इस लीग में जिले के आठ क्लब हिस्सा ले रहे हैं जिसमें खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए जिले के आरएलडी के कर्मठ नेता गौरव फुटबॉल कोच गोविंद आदित्य निशांत अभिनव मनीष केशव आशीष और शाहबाज खान आदि सम्मिलित रहे। इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए संगठन की प्रेसिडेंट रितु सिंह ने कहा कि खिलाड़ी देश-विदेश में अपना नाम कमा रहे हैं। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनको आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते है।



## बड़ौत में बन रहे मेडिकल कॉलेज का मितली के लोगों को नहीं करना चाहिए विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे में स्थित चौधरी वाली चौपाल में रविवार को चौबीसी खाप के सुभाष चौधरी के निर्देशन में एक मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग को संबोधित करते हुए चौधरी रणबीर सिंह ने कहा कि बड़ौत में बन रहे मेडिकल कॉलेज का मितली गांव के लोगों को उसका विरोध नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब वह मेडिकल कॉलेज मितली गांव में बनाने कि बात हो रही थी तो किसी भी क्षेत्रवासी ने उसका विरोध नहीं किया था। मितली गांव में मेडिकल कॉलेज की जगह न मिलने पर ही उसको बडौत के अन्दर बनाया जा रहा है। मितली के लोगो को अब विरोध नहीं करना चाहिए जब मितली में उसे बनाने के लिए जगह नहीं मिल पाई। उसके बाद ही बड़ौत में उसको बनाने का निर्णय लिया गया है। बड़ौत एक तरह का सेंटर है यहां पर मेडिकल कॉलेज बनने पर पूरे जिले के लोगों को खुशी महसूस करनी चाहिए ना की नाराजगी जाहिर करनी चाहिए। इस मौके पर चौबीसी खाप के सुभाष चौधरी, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र खोकर, रणवीर सिंह, दीपक खोखर, पुनीत खोखर, प्रमोद सिंह सोनू सिनौली, चौधरी श्याम सिंह, सत्येंद्र, भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष प्रेमपाल आदि किसान मौजूद रहे।



## आवारा पशुओं ने खेती की फसल को पहुंचाया नुकसान, किसान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** नंगलाबड़ी गांव में आवारा पशुओं का आतंक बना हुआ है। पशु किसानो की फसल को नुकसान करने में लगे है। किसानो ने उच्च अधिकारियों से पशुओं को पकड़वाने की मांग की है। नगलाबड़ी गांव खेतो मे आवारा पशुओं का आतंक बना हुआ है जो गैंहू,सरसो,गन्ने की फसल को बर्बाद करने मे लगे है। किसानो ने बताया कि रात्रि में भी पशुओं से बचाव के लिए खेतो पर जाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि आवारा पशु जिस खेत मे भी घुस जाते है। फसल को भारी नुकसान पहुंचाते है जिससे किसानो को भारी नुकसान हो रहा है। किसानो ने उच्च अधिकारियों से आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है।



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎011-41509401-2

फैक्स: 011-41509403

मुख्यालय मोबाइल 9720007290

R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मां-बाप की नाफरमानी से अल्लाह होता है नाराज: मौलाना अब्दुल हलीम

## ग्राम बातनौर के मदरसा जामिया अरबिया नूरुल उलूम में इजलास-ए-आम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बातनौर स्थित मदरसा जामिया अरबिया नूरुल उलूम में सालाना जलसे का आयोजन किया गया। जलसे की सदारत कारी उबैदुर रहमान कैली और सरपरस्ती मुफ्ती मोहम्मद यामीन मेरठ ने की। जलसे में मुफ्ती यामीन साहब मेरठ तथा निजामत मौलाना जमील मेरठ ने की। मौलाना सरफराज जानसठ, मुफ्ती जाबिर खतौली, मौलाना अब्दुल हलीम मेरठ, मौलाना तनवीर महलका, हाफिज सलीम फलावदा, हाफिज राशिद सरसवा, कारी आसिम सगीर मेरठ, हाफिज अरशद सनौता, हाफिज मिन्हाज बड़ा गांव, मौलाना तबरेज आदि उलेमा ए दीन ने शिरकत की।

मौलाना अब्दुल हलीम ने इजलास ए आम को खिताब करते हुए कहा कि हम सबको अपने मां बाप की नाफरमानी नहीं करनी चाहिए मां बाप की नाफरमानी से



अल्लाह नाराज होता है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को अपने मां बाप की बद्दुआ से बचना चाहिए। मां बाप की बद्दुआ कभी खाली नहीं जाती। मुफ्ती जाबिर ने जलसे में कुरआन पाक की तिलावत करते हुए कहा कि कुरआन की तालीम से सुकून मिलता है। कुरआन पाक हर मुसलमान के लिए बहुत जरूरी है। कुरआन पाक पढ़ने से अल्लाह बहुत खुश होता है। मौलाना सरफराज ने कहा कि हर मुसलमान मां बाप का फर्ज है कि वह अपने बच्चों को दीनी व दुनियावीं तालीम दे। कारी उबैदुर रहमान कैली ने कहा कि हम सब मुसलमानों को नमाज पढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि कयामत में सबसे पहले नमाज का हिसाब होगा। उन्होंने कहा कि हर बालिग मर्द औरत पर पांच वक्त की नमाज फर्ज है। उसे हर हाल में पढ़नी चाहिए। मुफ्ती मौहम्मद यामीन ने देश व दुनिया में अमन चौन के लिए दुआ कराई। इस मौके पर प्रधान सजाउद्दीन, डाक्टर रऊ, हाजी अलाउद्दीन, मौहम्मद उस्मान, मौहम्मद हासिम, सुहैल, मौहम्मद कासिफ आदि लोग मौजूद रहे।

## महिला ने देवर पर लगाया मारपीट कर घायल करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** महादेव गांव में एक युवक ने मामूली कहासुनी पर अपनी भाभी को पीटकर घायल कर दिया। थाने पहुंची पीड़िता ने पुलिस को आपबीती सुनाई और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया और तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई। सोमन पत्नी मो. हत ने तहरीर देते हुए बताया कि उसका पति गुड़गांव में नौकरी करता है। रविवार दोपहर वह घर पर अकेली थी। इसी बीच उसकी अपने देवर से किसी बात पर कहा. सुनी हो गई। कुछ देर बाद देवर ने उसकेसाथ मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गई। चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग वहां आए तो आरोपी देवर धमकी देकर वहां से फरार हो गए। घायल अवस्था में थाना पहुंची पीड़िता ने पुलिस को मामले से अवगत कराया और नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## चढ़त के दौरान दो पक्षों में कहासुनी के बाद फायरिंग, बच्चे के पैर में लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र ग्राम जिठौला में आई बारात में चढ़त के दौरान दो पक्षों में हुई कहासुनी के बाद एक पक्ष के युवकों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी जिससे एक 11 साल का बच्चा पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पीड़ित पिता ने अज्ञात युवकों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव जिठौला निवासी संत कुमार की बेटी निशी की शनिवार को शादी थी जिसमें गांव बली से शोकीन के बेटे प्रियतम की बारात आई थी। चढत के दौरान डांस करने को लेकर गांव बली के युवकों की बारात में ही आये गांव मीवा निवासी युवक से कहासुनी हो गई जिसके बाद उन्होंने उस युवक के साथ मारपीट भी कर दी उक्त युवक ने फोन करके अपने गांव मीवा से कुछ युवकों को बुला लिया। युवकों ने आकर तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी जिससे बारात में अफरा-तफरी मच गई। तभी एक गोली 315 बोर की गोली वहां खड़े 11 वर्षीय अंश पुत्र संगीत के पैर में लगी गई। सूचना पर भारी मात्रा में पुलिस मौके पर पहुंची मगर तब तक आरोपी फरार हो गए थे। रविवार को घायल बालक अंश के पिता संगीत ने अज्ञात युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएसआई भूपेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपियों की पहचान की जा रही है शीघ्र ही पहचान कर कठोर कार्रवाई की जायेगी। वहीं गांव में हुई फायरिंग के बाद अफरा तफरी मच गई। किसी तरह विवाह संपन्न कराया गया। इस मामले में दोनों पक्ष वर पक्ष के ही थे जिनमें डांस व वर्चस्व को लेकर कहासुनी ओर फायरिंग हुई। ग्रामीणों ने बताया कि बारात में कुछ युवक नशे में थे तथा हर्ष फायरिंग भी कर रहे थे जबकि पुलिस ने हर्ष फायरिंग से इंकार करते हुए झगड़ा होने के बाद बुलाने पर आये युवकों द्वारा फायरिंग की बात कही है। वहीं आरोपियों के पहचान की जा रही है शीघ्र गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा जाएगा।

# शांति निकेतन विद्यापीठ में सृजन कला प्रतियोगिता का आयोजन


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** शांति निकेतन विद्यापीठ स्कूल में रविवार को श्सृजन कला प्रतियोगिता श्का 19वां आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनोहर लाल डिग्री कॉलेज मेरठ की प्रधानाचार्या किरन प्रदीप, विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विशाल जैन, डायरेक्टर शाल्विक जैन, शिवानी जैन, प्रधानाचार्य फादर जीजी मैथ्यू, एकेडमिक डायरेक्टर नाजिश जमाली द्वारा सरस्वती माता के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया।इस प्रतियोगिता में मेरठ तथा आसपास के क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में निर्णायक कनोहर लाल विद्यालय की प्रधानाचार्या किरन प्रदीप रही जिन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई सुंदर-सुंदर कलाकृतियों का निर्णय किया। प्रतियोगिता में चार ग्रुप बनाए गए थे। ग्रुप ए में अदान को प्रथम पुरस्कार के रूप में 2100 का नगद पुरस्कार प्राप्त हुआ। शादिका अंसारी को 1100 रुपए का द्वितीय पुरस्कार तथा पृथ्वी को 500 रुपए का तृतीय पुरस्कार, प्रोक्षी को सांत्वना




पुरस्कार तथा जतिन को सांत्वना पुरस्कार के रूप में सौ रुपए की धन. राशि प्राप्त हुई। ग्रुप बी में हिफजा रहमान को प्रथम पुरस्कार के रूप में 2100 रुपए, सफिया कुरैशी को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 1100 रुपए इफरा को तृतीय पुरस्कार के रूप में 500 रुपए शहाद हसन को सांत्वना पुरस्कार तथा छात्र तंजील अहमद को सांत्वना पुरस्कार के रूप में सौ रुपए की राशि प्राप्त हुई। ग्रुप सी में छात्रा अवनी विकल को प्रथम पुरस्कार के रूप में 2100 ,आयजा को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 1100 रुपए, जोया को तृतीय पुरस्कार के रूप में 500 रुपए, लबीबा नूर तथा बुशरा खान को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 100 रुपए की धनराशि प्राप्त हुई। ग्रुप डी में वंशिका को प्रथम पुरस्कार के रूप में 2100 रुपए, अफीफा को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 1100 रुपए, आरवी को तृतीय पुरस्कार के रूप में 500 रुपए, खुशप्रीत कौर और राफिया को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 100 रुपए की धनराशि प्राप्त हुई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विशाल जैन ने बच्चों के द्वारा बनाई गई सुंदर-सुंदर कलाकृति की खूब प्रशंसा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जी की मैथ्यू ने मुख्य अतिथि तथा सभी अभिभावकों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया तथा बच्चों के द्वारा बनाई गई सुंदर कला प्रदर्शन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम संयोजन में विद्यालय की कोऑर्डिनेटर नीरू, अध्यापिका विस्मित पटेल, वंशिका, बीना, अलका पुंडीर का विशेष सहयोग रहा।

# एडीजी ध्रुवकांत ठाकुर की माता की तेरहवीं में पहुंचे राजनेता, पुलिस अफसर व पत्रकारों ने जताया शोक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ जोन के एडीजी ध्रुवकान्त ठाकुर की माता के देहांत के बाद शनिवार को उनके सरकारी आवास पर तेरहवीं व शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान अपनी माता की आत्मा की शांति के लिए मेरठ जोन के एडीजी डीके ठाकुर ने पूरे धार्मिक नियम अनुसार कई पंडितों के साथ मिलकर अपनी माता की आत्मा की शांति के लिए मंत्रोच्चारण किया। ध्रुवकांत ठाकुर सुबह से लेकर लगभग शाम तक मंत्र उच्चारण में लगे रहे। कई घंटे तक चले मंत्र उच्चारण में न सिर्फ पश्चिम उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे प्रदेश के कई आईपीएस मौजूद रहे। इस दौरान एडीजी का पूरा परिवार मौजूद रहा। वहीं कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों ने उनकी माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने उनके चित्र के सामने पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व डीजीपी डीएस चौहान, मेरठ जोन के डीआईजी कला निधि





नैथानी, एसएसपी विपिन टांडा, मेरठ डीएम डॉक्टर वीके सिंह, सहारनपुर डीआईजी अजय साहनी, मुजफ्फरनगर एसएसपी अभिषेक कुमार, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर रामगोपाल यादव एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, लक्ष्मीकांत वाजपेई, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, पूर्व विधायक सतवीर सिंह, मेरठ जोन के तमाम पुलिस अफसर के साथ-साथ मीडिया के तमाम पत्रकारों के साथ शाह टाइम्स अखबार के ब्यूरो चीफ शाहवेज खान मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने एडीजी की माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की।

### बम्बूगढ़ चौराहे पर चौक व छत्र सौदर्यकरण कार्य का अनावरण

# ज्योतिबाफूले ने समाज में जगाई शिक्षा की अलख



**अमरोहा।** एमएलसी सत्यपाल सिंह सैनी ने कहा कि ज्योतिबाफूले राव फूले ने समाज में शिक्षा की अलख जगायी तथा कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक किया।

रविवार को बम्बूगढ़ चौराहे पर ज्योतिबाफूले राव के चौक का छत्र निर्माण व सौंदर्यकरण कार्य का अनावरण एमएलसी सत्यपाल ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि ज्योतिबाफूले राव दबे कुचले समाज की आवाज उठाने वाले थे। उनहोने शिक्षा की अलख जतायी। चेयरमैन श्रीमति शशि जैन ने कहा कि ज्योतिबाफूले द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किये गये हैं उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि हम सभी को ज्योतिबाफूले राव के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शो पर चलना चाहिए। जो मार्ग उन्होंने हमे दिखाया है उसे अपनाएं तथा समाज व देश की तरक्की के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि ज्योतिबाफूले राव हमेशा दबे कुचले समाज की आवाज रहे। उनके द्वारा जो कार्य किये गये हैं उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में एमएलसी मनोज कुमार वाल्मीकि, जिलाध्यक्ष उदय गिरि गोस्वामी, अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार, ओमप्रकाश गोला, पूर्व चेयरमैन अतुल कुमार जैन, डा. केएस सैनी, प्रेम सिंह, ऋषिपाल नागर, राम सिंह सैनी, गिरीश त्यागी व पालिका के सभासद मौजूद रहे।

## दबंगों ने युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मोहल्ला जोगियान में दबंग युवकों ने एक युवक को पीटकर घायल कर दिया। परिजनों के साथ थाने पहुंचे युवक ने पुलिस को मामले से अवगत कराया और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहसीन पुत्र रियाजुददीन ने तहरीर देते हुए बताया कि उसका छोटा भाई अनस मानसिक रूप से बीमार है।

रविवार सुबह वह घर के बाहर बैठा हुआ था। इसी बीच मोहल्ले के दबंग युवकों ने उसे छेड़ना शुरू कर दिया। उसपर छींटाकशी करने लगे। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की।

साथ ही उसकी नाक पर कोई वस्तु मारकर उसे लहुलुहान कर दिया। खून से लथपथ हालत में वह घर पहुंचा तो परिजन देखकर दंग रह गए। वे उसे तुरंत थाने लेकर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को मामले से अवगत कराया और कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। उधर, तहरीर के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई थी।

## भांजे व भतीजे पर मारपीट के बाद तेजाब डालने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में एक युवक ने मकान के विवाद पर परिजनों पर तेजाब डालने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के सद्दीकनगर गली नंबर 10 छप्पर वाली मस्जिद के रहने वाले दिलशाद ने बताया कि मेरे परिवार वालों ने मुझे घर से निकाल दिया है और 60 गज के मकान को लेकर भतीजे व भांजे आए दिन युवक के साथ मारपीट कर रहे थे। दिलशाद का आरोप है कि रविवार को दोपहर के समय भांजे व भतीजे ने मारपीट करते तेजाब डाल दिया और जान से मारने का प्रयास किया। युवक की शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा हो गई। लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है। थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी सुभाष गौतम का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी और आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।




## मारपीट के आरोपियों को जेल

**किठौर।** आटो स्पेयर पार्ट व्यापारी और उसके बेटे के साथ मारपीट के तीन आरोपियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शनिवार शाम किठौर के मोहल्ला मंसबपुरा निवासी सतीश बंसल उर्फ सोनू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मोहल्ला हरिजनों वाला निवासी समीर पुत्र शेर तीन साथियों संग उसकी दुकान पर पहुंचा और 6500 रुपए का सामान पैक करा लिया। आरोप था कि पैसे मांगने पर सतीश व उसके बेटे के साथ लाठी, डंडों से मारपीट की गई। जिसमें सतीश गंभीर घायल हो गया। बहरहाल रविवार को पुलिस ने घटना में संलिप्त समीर पुत्र शेर, उबैद पुत्र अमीरा और अबूजर पुत्र अकील निवासी किठौर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## शहीद किसानों को भाकियू ने दी श्रद्धांलि

**रजबपुर।** भाकियू टिकैत ने किसान शहीदी दिवस पर शहीद हुए किसान के पुत्र को सम्मानित किया। अतरासी स्थित शहीद स्मारक पर भाकियू टिकैत की बैठक हुई। जिसमें उन्होंने कहा कि वर्ष 1988 में किसान आंदोलन के दौरान पुलिस के साथ हुए संघर्ष में पांच किसान शहीद हुए थे। हर साल उनकी याद में किसान शहीदी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में हुई महापंचायत के बाद सरकार द्वारा जेल में बंद किसानों को रिहा किया गया था। उन्होंने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी हाल में सहन नहीं किया जायेगा। वह लगातार अपनी मांगों को लेकर संघर्ष करते रहेंगे। पंचायत में शहीद किसान जगत सिंह के बेटे समरपाल सिंह को यूनियन द्वारा सम्मानित किया गया। पंचायत में डा. चन्द्रपाल सिंह, सरदार सुरेन्द्र सिंह, सतपाल सिंह, मेवाराम सिंह आदि रहे।

# मोबाइल चोरी के शक में किशोर को पेड़ से बांधकर पीटा



हसनपुर। चोरी में शक में पकड़े गये युवक को पेड़ से बांधकर पीटते लोग।

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मोबाइल चोरी करने के शक में ग्रामीणों द्वारा एक युवक को गांव में ही पीलखन के पेड़ से बांधकर बुरी तरह से पीटकर तालिबानी सजा दी गई। किसी ग्रामीण द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। वीडियो वायरल होने के बाद थाना पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

थाना सैद नगली क्षेत्र के गांव भदौरा में तालिबानी सजा का एक मामला प्रकाश में आया है। एक ग्रामीण के घर से मोबाइल चोरी हो गया था। ग्रामीण को गांव निवासी एक किशोर पर मोबाइल चोरी करने का शक था ।शक के आधार पर ग्रामीण द्वारा आरोपी किशोर को पकड़ लिया और उसे घर के आंगन में स्थित पिलखन के पेड़ से बांधकर जमकर पिटाई की गई। उसके बाद भी ग्रामीण का मन नहीं भरा तो किशोर को घर पर ले गया और कमरे में पंखे से बांधकर फिर पिटाई करनी शुरू कर दी। इसी दौरान किसी ग्रामीण द्वारा पेड एवं पंखे से बांधकर किशोर की पिटाई करते हुए वीडियो बना ली और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया सोशल मीडिया पर तालिबा. नी सजा की वीडियो वायरल होते ही थाना पुलिस हरकत में आई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी किशोर बार-बार अपनी बेगुनाई की दुहाई लग रहा था। लेकिन उसकी किसी के भी द्वारा



हसनपुर। पिटाई करने के आरोपी सलीम व भूरा हवालात में।

कोई सुनवाई नहीं की गई। इस घटना ने एक बार फिर तालिबानी मानसिकता की मौजूदगी को उजागर कर दिया है। ऐसी घटनाएं सभ्य समाज के लिए बेहद चिंता जनक है और ऐसा करने वालों के खिलाफ पुलिस को सख्त सख्त कार्रवाई करनी चाहिये। जब इस बारे में थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा से बात की तो उन्होंने बताया वीडियो वायरल का मामला संज्ञान में है जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा कार्रवाई की जायेगी।

## आरोग्य मेले में 40 मरीजों की जांच

**सैदनगली।** आरोग्य मेले में चालिस मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। जबकि चार गर्भवती महिलाओं की मलेरिया की जांच भी की गयी। स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला लगा। जिसमें प्रभारी डा. प्रदेश कुमार ने बताया कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य के लिए विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। मेले में बुखार, खांसी, खुजली के मरीजों की जांच कर दवाई दी गयी। जबकि चार गर्भवती महिलाओं की मलेरिया की जांच भी की गयी। इस मौके पर जावेद जैदी, सतीश कुमार, सुप्रीति आदि मौजूद रहे।

**सूचना-नेम संशोधन**

आधार कार्ड आदि सभी आवश्यक कागजातों में मेरा सही नाम IKLAS S/O ILIYAS) इकलास पुत्र इलियास और जन्मतिथि-26/11/1991 है। भूलवश मेरे ड्राईविंग लासेंस में मेरा नाम इकलास के स्थान पर इकलाक अंकित हो गया है। इकलास पुत्र इलियास नि0 मौहल्ला खतीबान कस्बा व थाना जेवर जिला गौतमबुद्धनगर।

# श्रद्धालुओं को जल्द मिलेंगी सुविधाएं: इमरान

## मां शाकम्भरी देवी मंदिर परिसर में आयोजित भण्डारे में शामिल हुए सांसद मसूद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांसद इमरान मसूद ने मां शाकुंभरी देवी पहुंचकर भंडारे में सेवा करते हुए भक्तों के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

पुलकित कुमार कादरपुर द्वारा लगाये गये भण्डारे में सांसद इमरान मसूद ने श्रद्धालुओं से मुलाकात की और भंडारे की सेवा की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को होने वाली समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा और वहां पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सिद्धपीठ मां शाकुंभरी देवी का श्रद्धालुओं पर आशीर्वाद हमेशा बना रहता है, इसलिए हमारा जिला आपसी भाईचारे का प्रतीक है। मैंने लोकसभा में भी शाकुंभरी देवी और रायपुर दरगाह के लिए विशेष मांग की थी।

इस दौरान रामपुर मनिहारान चेयरमैन विवेककांत, जिला पंचायत सदस्य ताहिर पहलवान, तेजपाल, प्रधान, इनाम प्रधान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## वारंटी समेत दो पकड़े

**नकुड़।** पुलिस ने नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए गए अभियान के दौरान एक युवक को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। जबकि एक वारण्टी को भी पुलिस धरदबोचा।

प्रभारी निरीक्षक अविनाश गौतम ने बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक आरोपी कादिर पुत्र जहीर निवासी ग्राम खेड़ा अफगानान को 20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी को खेड़ा अफगानान के पास एक आम के बाग से पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि मैं पढ़ा लिखा नहीं हूं, मैं नशा करने की आदी हूं। तथा स्मैक बेचकर मुनाफा कमाता हूं, जिससे मेरे खर्चे पूरे होते हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की है। वहीं पुलिस ने एक वारण्टी गुलफाम उर्फ मिर्ची निवासी मौहल्ला सुजातपूरा को उसके घर से गिरफ्तार किया।

# कुरआन हिफ्ज करना बड़ी सआदत: मौलाना फरीद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामा मस्जिद कला के प्रबन्धक मौलाना फरीद मजाहिरी के भांजे हाफिज मौहम्मद फैज के कुरआन पाक हिफ्ज करने पर दस्तार बांधी गयी। इस मौके पर मौलाना फरीद ने कहा कि कुरआन पाक हिफ्ज करना एक बडी सआदतमंदी का काम है।

नूरबस्ती स्थित एक पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में जामा मस्जि प्रबन्धक मौलाना फरीद मजाहिरी, जामिया मजाहिर उलूम के उस्ताज मुफ्ती मुहम्मद अनीस, जामिया मजा. हिर उलूम के रूक्न ए शुरा मौलाना मौहम्मद साजिद काशफी अलहसनी ने मुन्ताज अहमद के बेटे हाफिज मौहम्मद फैज की दस्तारबंदी की और अपनन दुआओं से नवाजा। हाफिज मौ. फैज ने कारी मौहम्मद जमील से कुरआन ए पाक हिफ्ज मुकम्मल किया। इस दौरान दीनियात मकतब के मोहतमिम कारी महताब, कारी तफसील, डा. शाहकार खान, सलीम अहमद, अब्दुल हमीद, डा. सलीम, चौ. रमजान, अब्दुल कय्यूम, चौ. फहीम, हाफिज मौ. अहमद, चौ. शरीफ अहमद, चौ. मौहम्मद शाहिद, शमशाद अहमद, मौहम्मद इस्लाम, मौ. इनाम, मौ. इकराम, खुशी मौहम्मद, अब्दुर्रहमान, मौ. असलम, मौ. राशिद, मौ. शाहिद, मौ. शहजाद, मौ. नौशाद आदि लोग भारी तादाद में मौजूद रहे।

## गन्ना सेंटर बदलवाने को धरना जारी

**हल्दौर।** ग्राम बाटपुरा में किसानों द्वारा बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल का गन्ना सेंटर बदलवाने को लेकर 71वां बेमियादी धरना जारी रहा। शनिवार को लघुशंका के दौरान कुछ लोगों को गुलदार दिखाई देने से उनके होश उड़ गए। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार पकड़ने की मांग की है। ग्राम बाटपुरा में किसानों द्वारा बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल का गन्ना सेंटर बदले जाने को लेकर बेमियादी धरना चल रहा है। शनिवार की देर शाम ग्राम के कुछ लोगों को लघुशंका करते हुए ईख के खेत में गुलदार को खड़ा देख उनके होश उड़ गए और चीख निकल गई। धरने पर मौजूद लोगों ने मामले की सूचना ग्रामीणों को दी और लाठी डंडे लेकर शोर मचाते हुए दौड़ पड़े। शोर सुनकर गुलदार जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार पकड़ने की मांग की है। इस अवसर पर सुधीर कुमार, रोहित कुमार, रघुनाथ सिंह, महेश चंद शर्मा, हरिओम शर्मा, छोटन सिंह, जोगिंदर सिंह, रवि कुमार, दीपक कुमार, दीपू कुमार, अनिल तोमर, अंकुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# विधायक निधि से बनी सड़कों का उद्घाटन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर व महापौर डॉ अजय कुमार सिंह ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 7 सड़कों का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया।

आज वार्ड 41 शारदा नगर में विधायक निधि से निर्मित दो सड़कों का लोकार्पण एवं सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 80 लाख की राशि से निर्मित होने वाली रजवाहा की दोनों पटरी का लोकार्पण तथा गिल कॉलोनी वाल्मीकि बस्ती में वार्ड नंबर 37 में भगवान वाल्मीकि जी को प्रणाम कर नगर निगम द्वारा निर्मित की जाने वाली 3 सड़कों का उद्घाटन करते हुए नगर विधायक राजीव गुम्बर व महापौर डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महानगर का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार जनहित में विकास कार्य कराए जा रहा हैं। जनता की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक क्षेत्र में सड़क आदि निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षद संजय सैनी, पार्षद गौरव कपिल, मंडल अध्यक्ष संदीप धीमान, राजेंद्र गुंबर, राजकुमार चौधरी, कुकू वालिया, राजेश कपूर, पारस टुटेजा, विशंभर वाल्मीकि, अशोक पोसवाल आदि उपस्थित रहे।

## प्रतियोगिता में खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियो को अतिथियों के द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

जिला वुशू संघ के तत्वाधान में 19वीं जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर में किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। जिला वुशू संघ के सचिव व राष्ट्रीय रेफरी सोनवीर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला वुशू संघ सहारनपुर के अध्यक्ष अभय चौधरी के द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के अनुशासन व खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

# शिविर में 360 रोगियों के नेत्रों की जांच





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** मुस्लिम फंड ट्रस्ट देव. बंद की नागल शाखा पर ट्रस्ट द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक देवेंद्र निम, ट्रस्ट के मैनेजर सुहेल सिद्दीकी व सेक्रेट्री मोहम्मद अनस द्वारा फीता काटकर किया। नेत्र चिकित्सका सफीना तबस्सुम ने सैकडों मरीजों का चेकअप कर उन्हे निशुल्क दवाईयां व चश्में दिए।

इस अवसर पर भाजपा विधायक ने कहा कि चिकित्सा शिविरों के माध्यम से समाज की सेवा करना बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि नागल मुस्लिम फंड द्वारा समय-समय पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन करना संस्था व समाज के लिए के लिए गौरव की बात है। मुस्लिम फंड ट्रस्ट देवबंद के मैनेजर सुहैल सिद्दीकी ने कहा कि मरहूम हसीब सिद्दकी ने समाज सेवा का जो रास्ता संस्था को दिखाया था हम आज भी उनके दिखाये रास्ते पर चल कर समाज की सेवा कर रहे है और भविष्य में भी खल्क ए खिदमत का जज्बा कायम रखेगें।

शिविर में आयी नेत्र चिकित्सका सफीना तबस्सुम ने 360 रोगियों के नेत्रों की जांच कर उन्हे उचित परामर्श दिया और नि:शुल्क दवाई, चश्में दिए। चिकित्सा शिविर में मुख्य रूप से साजिद हसन शाखा प्रबंधक नागल, मोहम्मद उस्मान उप शाखा प्रबंधक, डॉ जावेद अली, इनाम कुरैशी, इसरार, हकीम सुहेल, आदिल सिद्दीकी, उमैर उस्मानी, मोहम्मद असरार, हाफिज सलीम, हाफिज इंतजार, मोमीन अली, फैजी सिद्दकी, मोहम्मद इस्लाम, अनस सिद्दीकी, सत्तार अली, अलीना, रजनीता, तनु, दिव्या, शहजाद फैजी, तारिक उस्मानी आदि मौजूद रहे।

# दहेज में नकदी व कार न देने पर दूल्हा नहीं लाया बारात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** दूल्हे ने शादी में नगदी एवं कार की मांग करते हुए रविवार को बारात लाने से मना कर दिया लड़की पक्ष की सभी तैयारियां धरी रह गई और मातम पसर गया। लड़की के पिता उस्मान ने दूल्हा एवं उसके पिता पर दहेज में नगदी एवं कार मांगने का कथित आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

कस्बे के पांडोली रोड निवासी उस्मान पुत्र यासीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसने अपनी बहन हिना का रिश्ता सहारनपुर के थाना सदर बाजार के गांव ताहरपुर निकट काशीराम कॉलोनी निवासी मुस्तकीम के लड़के सरफराज के साथ रीति रिवाज के अनुसार तय किया था । 16 फरवरी रविवार को शादी तय की गई थी। शादी के करीब 15 दिन पहले दहेज में करीब 10 लाख रुपए का सामान लड़का पक्ष वाले उसके घर से ले गए थे। 16 फरवरी को शादी की रस्में पूरी करने के लिए सहारनपुर के अंबाला रोड स्थित सिटी पैलेस बुक किया गया था । रविवार को करीब दो हजार लोगों के खाने-पीने की व्यवस्था की गई थी। 2 बजे तक जब बारात नहीं आई तो पीड़ित ने लड़का पक्ष के दूल्हे सरफराज तथा उसके पिता मुस्तकीम से बात की तो उन्होंने कहा कि यदि शादी में 10 लाख रुपए की नगदी एवं ब्रेजा कार दोगे तो बारात आएगी नहीं तो हम बारात लेकर नहीं आएंगे। इतना दहेज एवं कार देना पीड़ित की हैसियत से दूर है।

# सोशल मीडिया पर जागरूकता की जरूरत: आंचल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नेशनल पब्लिक स्कूल में सोशल मीडिया नेटवर्किंग पर आयोजित कार्यशाला में बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज ने अभिभावकों को सोशल मीडिया के लाभ व हानि के साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के गुर बताते हुए उन्हें सोशल मीडिया प्लेट फार्म के उपयोग के दौरान निगरानी के प्रति जागरूक किया।

ज्वाला नगर स्थित स्कूल में कार्यशाला का उद्घाटन प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी एवं स्कूल के प्रबंधक सुरेंद्र चौहान बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज, यूनिक किड्स स्कूल के डायरेक्टर मनु चौहान, डायरेक्टर हरसिमरत कौर चौहान, प्रधानाचार्य सिंपल मकानी एवं गार्गी बजाज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज ने कहा कि वर्तमान समय में भी अभिभावक बच्चो की प्राब्लम नही समझ पा रहे है। जिसके लिए उन्हें बच्चो की समस्याओं के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। इसके लिए अभिभावको के साथ बच्चों की सोच का विकास भी होना चाहिए। उन्होने कहा कि आजकल सोशल मीडिया का दौर है आजकल के बच्चों सोशल मीडिया प्लेट फार्म का उपयोग करते हैं। सोशल मीडिया के कई फंक्शन ऐसे हैं जिससे उनके अभिभावक भी परिचित नहीं हैं इसलिए बच्चे अपने अभिभावकों को उनके प्रति जागरूक करने का कार्य कर सकते है।

प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक व प्रबंधक सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि अधिकांश छोटे बच्चे भी सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं इसलिए अभिभावकों को भी उनकी निगरानी करने की आवश्यकता है ताकि पता चल सके कि उनका बच्चा कहीं सोशल मीडिया का दुरुपयोग तो नहीं कर रहा है। उन्होंने शिक्षको से भी बच्चों में संस्कार पैदा करने के लिए नैतिक शिक्षा पर भी ध्यान देने का आहवान किया ताकि समाज में संस्कारों में लगातार आ रही गिरावट पर अंकुश लगाया जा सके। यूनिक किड्स स्कूल के डायरेक्टर मनु चौहान ने कहा कि बच्चे के सर्वागींण विकास में अभिभावक व शिक्षक दोनों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है जिसके प्रति दोनों को सजग रहना चाहिए।

इस दौरान बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज ने मनोविज्ञान को समझने के बारे मे बच्चों के प्रश्नो के उत्तर भी दिये। कार्यक्रम का संचालन मनस्वी सेतिया ने किया।

## चैंपियनशिप में बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**गंगोह।** राम बाग रोड स्थित अरिस्टो किड्स अबेकस एकेडमी के प्रतिभाशाली बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंगोह का नाम रोशन किया है। बच्चों ने अरिस्टो किड्स अबेकस एवं वैदिक मैथ इंटरनेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए शाइनिंग स्टार अवार्ड हासिल किया।

एकेडमी की प्रबंधक मोनिका गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में अलग-अलग श्रेणियों में बच्चों ने भाग लिया। अबेकस लेवल जीरो में विनायक गोयल और कृष सैनी, लेवल वन में अर्णव पंवार और प्रणव पंवार जबकि वैदिक मैथ लेवल वन में अवीषि गोयल ने शाईनिंग स्टार अवार्ड जीते है। इसके अलावा, वीरा सैनी ने अबेकस लेवल जीरो में इंटरनेशनल रैंक 6 प्राप्त कर अकैडमी का मान बढ़ाया।

# पानी व पेड़ बचाने का दिया संदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पाठशाला के छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पानी व पेड बचाने का सशक्त संदेश दिया।

जनमंच में आयोजित पाठशाला के वार्षिकोत्सव का उदघाटन क्षेत्रीय वन अधिकारी आदित्य तयागी, राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। जिसके बाद बच्चों ने पेड़ बचाओ पानी बचाओ और भारतवर्ष के महत्व को बताने वाले विषयों पर आकर्षक प्रदर्शन किया। मेयर डा. अजय कुमार सिंह व शहर विधायक राजीव गुंबर ने भी बच्चों की हौंसला अफजाई की।

पाठशाला के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सचिव अजय अग्रवाल, प्रधानाचार्या अंकिता अग्रवाल व इंचार्ज रेनू मनचंदा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया। मेघा हुड़िया, पूजा गाँधी, श्रुति मित्तल, तमन्ना पसरिचा, साक्षी मित्तल, शीतल शर्मा, गीता गोयल, कुमुद सिंघल, मेघा मित्तल, गिनी कामरा, नेहा, वंशिका, श्रेया, अंजू आदि ने कार्यक्रम को संपन्न कराने में सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा राधिका व छात्र अभिनंदन ने किया।

## परीक्षा संपन्न

**सहारनपुर।** एनसीसी कैडेट्स ने प्रमाण पत्र सी की परीक्षा में भागीदारी की जिसमें 267 एनसीसी कैडेट बालक एवं बालिकाएँ सम्मिलित हुई।

यह परीक्षा एनसीसी ग्रुप मुख्यालय मेरठ के ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर नवीन राठी के दिशा निर्देशन में रहते हुए प्रसाईडिंग ऑफिसर 72 यू.पी. वाहिनी एनसीसी दिन मेरठ के कमान अधिकारी कर्नल अभिषेक पंवार व 3 यू.पी. अर्थ बैटरी के कमान अधिकारी कर्नल विनय कुमार द्वारा सम्पन्न कराई गयी। परीक्षा को सम्पन्न कराने में 82यू. पी-वाहिकी एनसीसी मुजफ्फरनगर के एसों एन सीसी आफिसर ले. अमरकान्त, 22 यूपी की वाहिली एनसीसी मेरठ की एनसीसी आफिसर ले. अम्बिका देवी, 82 यूपी वाहिनी एनसीसी के जेसीओ व 70 यू.पी वाहिनी एनसीसी के सूबेदार जोगिन्दर सिंह ने संपन्न कराई।

# अच्छाई के रास्ते पर चलें : मौलाना सलमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर के मदरसा इस्लामिया कासिमुल उलूम में सालाना तकरीर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी लोगो से बुराई के रास्ते से बचकर नबी द्वारा बताये गए अच्छाई के रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया। रविवार को नगर के बाई पास रोड स्थित मदरसा इस्लामिया कासिमुल उलूम में आयोजित सातवीं सालाना तकरीर प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मौलाना सलमान गंगोही ने सभी मुसलानों को नबी ए करीम मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने को कहा। उन्होंने कहा कि नबी द्वारा बताए गए रास्ते मे ही कामयाबी है। हमारे नबी ने हमें आपसी भाईचारे व प्रेम का संदेश देते हुए अच्छाई के रास्ते पर चलने को कहा है। प्रतियोगिता में प्रथम मोहम्मद अहमद दाबकी, द्वितीय अब्दुल्लाह व अब्दुल कादिर दुमझेड़ा एवं तृतीय स्थान अब्दुल समी नया बांस ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के मेधावी छात्रों को मुफ्ती जावेद राणा उस्ताद जामिया मजाहिर उलूम सहारनपुर, मुफ्ती असजद नाजिम तालीमात मदनी मदरसा अंबेहटा पीर ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान मदरसा प्रबंधक मौलाना हारून कासमी ने कार्यक्रम में आने वाले सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मुफ्ती अब्दुल मोमिन ने किया। इस अवसर पर मौलाना सादिक खानकाह पठेड, मौलाना गय्यूर हुसैन, मौलाना मुअव्वज इमाम जामा मस्जिद चिल. काना, मौलाना अफ्फान, कारी मुकर्रम, मौलाना अब्दुल माजिद, मुफ्ती हैदर, मुफ्ती इमरान, मौलाना नवाज, कारी बिलाल, कारी ओवैस, मास्टर बिलाल, मास्टर अदनान, मास्टर अहसान, राव मुनशार, मौलाना शहजाद, कारी नदीम, सलीम अंसारी मेम्बर, वकील अंसारी, इकराम लाला कुरैशी, चेयरपर्सन पुत्र अब्दुल्लाह अंसारी, हाजी इसरार अंसारी, अब्दुल कय्यूम, आजम अंसारी, नाजिम अंसारी, अमजद अंसारी, साजिद अंसारी, फुल्लू अन्सारी, कलीम अंसारी, मकसूद अंसारी, वकील भूरा अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

## हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा राजपूत विहार कॉलोनी स्थित अनंत श्री शिव शक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम में सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। जिसमें भजन दुनिया चले ना श्री राम के बिना राम जी चले ना हनुमान के बिना सबको खूब पसंद आया सब ने ताली बजाकर उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर आचार्य दिनेशचंद्र भारद्वाज ने कहा कि श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सनातन धर्म और बजरंगबली बाबा का प्रचार और गुणगान किया जाता है।

# नगर में सामाजिक समरसता यात्रा का फूलों से स्वागत



**सहारनपुर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज सामाजिक समरसता यात्रा में विश्व हिंदू परिषद मेरठ प्रांत कार्याध्यक्ष ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर देश के 44 प्रांतों में सामाजिक समरसता यात्रा निकाली जा रही है।

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने धर्मांतरण रोकने और सामाजिक समरसता के लिए महान कार्य किए हैं, उन पूज्य रविदास जी की यात्राएं विश्व हिंदू परिषद निकाल रहा है।इसी श्रृंखला में मेरठ प्रांत के सहारनपुर विभाग के तीन जिलों देव. बंद, महानगर एवं बेहट जिले में 12 से 20 फरबरी तक यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा दो दिन 16 एवं 17 फरवरी को महानगर में निकाली जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग संचालक राकेश वीर ने कहा कि ने कहा कि हम सभी सनातनी कण कण में भगवान का दर्शन करते हैं, प्रकृति में ईश्वर का दर्शन करते हैं। जातिगत भेदभाव, छुआछूत, क्षेत्रवाद, भाषावाद का हमारे जीवन दर्शन, धर्म, परंपराओं में कोई स्थान नहीं है। सभी हिंदू आपस में भाई हैं, कोई अपवित्र नहीं है,कोई भेदभाव नहीं है। सामा. जिक समरसता द्वारा ही हम एक आधुनिक संपन्न समाज का निर्माण कर सकते हैं। प्रान्त संपर्क प्रमुख शिव कुमार गौड़ एवं प्रांत धर्माचार्य प्रमुख आचार्य कमल किशोर ने कहा कि अनेक पूज्य संतों,महात्माओं एवं महापुरुषों ने सामाजिक समरसता के लिए काम किया है, उनमें से संत शिरा. मणि गुरु रविदास जी महाराज भी एक हैं। प्रांत उपाध्यक्ष एवं विभाग समरसता यात्रा संयोजक रविंद्र लाम्बा तथा समरसता प्रमुख वीरेंद्र ने गुरु रविदास जी के जीवन एवं सिद्धांतों पर प्रकाश डाला तथा उनका अनुकरण करने का आह्वान किया। यात्रा विश्वकर्मा चौक से प्रारंभ होकर थाना सदर, कचहरी, कलेक्ट्रेट, हसनपुर चुंगी (वाल्मीकि मंदिर), हरी मंदिर, निर्भय पाल शर्मा मार्केट, कचहरी, घंटाघर, देहरादून चौक, जेल चुंगी, नुमाइश कैंप, गढ़ी मलूक, बेहट अड्डा होती हुई जवाहर पार्क में विश्राम दिया गया। यात्रा मार्ग में नगर के अनेकानेक गणमान्य नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया एवं संत रविदास के बारे में अपने विचार प्रकट कियें तथा सामाजिक समरसता का संदेश दिया। विशिष्ट वक्ता के. एल. अरोड़ा, गोकर्ण दत्त शर्मा, दलजीत सिंह कोचर, विजय पाल सिंह, राजू सिंह, अरुण गंग्यान, संजीव, पंकज कुमार,अजय बिरला, आर के जैन, सुरेंद्र शर्मा, एन. एस. चौहान, जे. पी. शर्मा, मूल चंद, विजयकांत चौहान, अशोक भारती, जयराम गौतम, अनुपम महाजन, रश्मि टेरेस, ज्योति चौहान, सुमन राजपूत, पूनम बाली, प्रीत बहादुर, सुनील मित्तल, कमलेश अग्रवाल, विजय शर्मा, अभिषेक पंडित, आलोक बॉबी, देवेंद्र कुमार, विजय तलवार, विकास कश्यप, नितिन, जय राणा, मानु, शानू, साहिल, संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

# बालाजी महाराज की निकाली नगर भ्रमण यात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम के 17 वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में श्री बाला. जी महाराज की नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई।

नगर भ्रमण यात्रा चकरौता रोड स्थित राजकीय सेवादल स्टेडियम से आरम्भ हुई। यात्रा का शुभारम्भ श्री बालाजी धाम के संस्थापक अतुल जोशी महाराज, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजेंद्र कश्यप और मनोज वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बालाजी महाराज के सारथी सुरेंद्र अग्रवाल थे। नगर भ्रमण यात्रा में सबसे पहले श्रद्धालु संस्था का बैनर चल रहे थे। उसके उपरांत गणेश जी का रथ और अनेक झांकियां आकर्षण का केंद् रही। नगर भ्रमण यात्रा में सबसे आखिर में श्री बालाजी महाराज का रथ चल रहा था। इसमें बालाजी दरबार से आई प्रतिष्ठित प्रतिमा विराजमान थी। शोभायात्रा का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर अनेक सामाजिक संगठनों एवं भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में अजय, योगेश अग्रवाल, विवेक कुमार, विवेक राम शर्मा, बंटी, विजन अखिल माहेश्वरी, दीपक सहगल, अनिल कुमार, सुरेंद्र कुमार प्रसाद, शांतनु जोशी, मोनू कुमार, सार्थक जोशी, आचार्य शुभम कौशिक, आचार्य अमित भारद्वाज, आचार्य दीपक अग्निहोत्री विशाल कश्यप श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कवियों ने प्रस्तुत की कविताएं

**पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के तहत शनिवार रात हुआ कवि सम्मेलन**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 1008 मज्जिनेन्द्र मुनिसुव्रतनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति द्वारा शनिवार की रात अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में कवियों ने एक से बढकर एक कविताएं पेश कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

शहर के वीवी इंटर कालेज में चल रहे पंचकल्याणक महोत्सव के समापन पर शनिवार की रात अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि विनय जैन, विभोर जैन, मोहित जैन रहे। इस मौके पर कवि सुंदर कटारिया ने अपनी कविता प्रस्तुत करते हुए कहा होल ईयर ना परिणाम क्लीयर तो फादर के फीयर का मजा कुछ और है, सुनें लगा ईयर औ मदर हो नीयर तो बात विद् डियर का मजा कुछ और है। आंख में हो टीयर तो दोस्त लाके बीयर जो कर देवे चीयर तो मजा कुछ और है, ऐसा लगे गीयर कि एक पूरा ईयर जो पत्नी हो पीहर तो मजा कुछ और है।

कवि डा. विष्णु सक्सेना ने कहा कि एक आई लहर कुछ बचेगा नहीं, तुमने पत्थर का दिल हमको कह तोदिया, पत्थरों पर लिखोगे मिटेगा नहीं, सुनाकर सबकी वाहवाही लूटी। कवि दिनेश बावरा ने कहा न चीन न पाकिस्तान न अमरीका न इजराइल से है, इस दुनिया को सबसे ज्यादा खतरा आज की तारीख में मोबाइल से है, सुनाकर सबको गुदगुदाया। कवि विनीत चौहान ने अपनी रचना में कहा ए धरती रण में दुश्मन का कोई अहसान नहीं रखती, जुगनू की डडोढी पूजे जो ऐसा दिनमान नहीं रखती, सीमा पर दुश्मन की जाकर जो मां का दूध लजा आए, भारत मां ऐसी कोई भी कायर संतान नहीं रखती, सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन को आगे बढते हुए प्रसिद्ध कवि मनवीर मधुर ने कहा तलवारों के दम पर कोई, सर को झुका नहीं सकता, और इस तरह प्रेम कोई भी, दिल में जगा नहीं सकता, सारी दुनिया को ताकत से, क्रूर और हिंसक बनकर, जीत भले ही सकता है पर, अपना बना नहीं सकता। हेमंत पांडे ने कहा कही काशी तो कहीं काबा बन गया है कहीं होटल तो कही ढाबा बन गया है, एक मेरा दोस्त गया था संगम में नहाने सुना है तुम्हे देख के नागा बाबा बन गया है, सुनाकर सबको हंसने पर मजबूर कर दिया। वहीं मोनिका देहलवी ने अपनी रचना सुनाई चाहत में तेरी खद्द को डुबोते चले गए आंखों में तेरी खोए तो खोते चले गए बस में कहां था मेरे की मैं शायरी करूं कुछ शेर तेरी याद में होते चले गए। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, मानस संगल, प्रवीन जैन, अध्यक्ष मयंक जैन, वैभव जैन, प्रवीण जैन, वीरेश जैन, अमित जैन, राहुल जैन, रवि जैन, आलोक जैन, कमल जैन, रितेश जैन, पंकज जैन, भूपेन्द्र मलिक, अनुराग जैन, स्वाति जैन, मृदुला जैन, नीरू जैन, ममता जैन, अंकित जैन, अरविन्द जैन आदि भी मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने बजट को बताया अच्छी पहल



शामली। बजट पर प्रेस वार्ता करते राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह।



शामली। सम्मान करते अतिथि। छाया शाह टाइम्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने केंद्रीय बजट पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बजट को 12 लाख रूपए तक आयकर छूट देने समेत बजट को उद्योगों, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं को साधने वाला बताया। उन्होने केन्द्र सरकार के बजट की सराहना करते हुए बजट को देशहित में बताया है। इस दौरान उद्यमी अंकित गोयल ने राज्यमंत्री का उद्यमियों की ओर से स्वागत भी किया।

रविवार को शामली शहर के कमला कॉलोनी में उद्यमी व भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक अंकित गोयल के आवास पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने केन्द्रीय बजट 2025-26 को लेकर बताया कि नई कर व्यवस्था के में 12 लाख रूपए तक की आय पर कोई आयकर देय नहीं होगा। वेतनभोगी कर दाताओं के लिए यह यह सीमा 75 हजार रूपए की मानक कटौती के कारण 12ҕ 75 लाख रूपए होगी। यह नई संरचना मध्यम वर्ग के करों को काफी कम करेगी और घरेलू उपयोग, बचत तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिए उनके पास अधिक धन राशि उपलब्ध होगी। राज्यों की भागीदारी से 'प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना' का शुभारंभ करेगी। इस कार्यक्रम में मौजूदा योजनाओं और विशिष्ट उपायों के अभिसरण के माध्यम से कम उत्पादकता, कम उपज और औसत से कम ऋण मानदण्डों वाले 100 जिलों को शामिल किया जाएगा। इस कार्यक्रम से 1।7 करोड़ किसानों को मदद मिलने की संभावना है। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लिए जाने वाले ऋणों के लिए ऋण सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी गई है। उन्होने बताया कि 5 लाख महिलाओं अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के पहली बार के उद्यमियों के लिए अगले 5 वर्षों के दौरान 2 करोड़ रूपए तक का सावधि ऋण उपलब्ध कराने की एक नई योजना की घोषणा बजट में की गई है। उन्होने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को देश का सबसे बेहतर बजट बताया, जिससे देश तरक्की करेगा और आत्मनिर्भर बनेगा। इस दौरान उद्यमी अंकित गोयल ने राज्यमंत्री कृंवर बृजेश सिंह का बजट में एमएसएमई में निवेश और टर्न ओवर की सीमाओं को बढाए जाने पर उद्यमियों की ओर से फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राकेश गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, सीए सुधीर जैन, डा। मुकुट मोहन संगल, डा। अशोक सिंघल, व्यापारी नेता अनुराग जैन, राहुल गोयल आदि मौजूद रहे।

# 20वीं उत्तर प्रदेश स्टेट यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए हुआ ट्रायल

**शामली।** रविवार को शहर के उधम सिंह स्टेडियम में 20वी उत्तर प्रदेश स्टेट यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए ट्रायल हुआ। जिसमें खिाडियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जमकर पसीना बहाया। एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि रविवार को शहीद उधम सिंह स्टेडियम शामली में यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ट्रायल हुआ। जिसमें चयनित खिलाड़ी सीधे स्टेट के लखनऊ मे आगामी एक और 2 मार्च को जीजीएस स्पोर्ट कॉलेज लखनऊ में प्रतिभा करेंगे। बताया कि रिया राणा



शामली। दौड़ लगाते खिलाड़ी। छाया शाह टाइम्स

100 मीटर में प्रथम, ज्योति द्वितीय रहे। 200 मीटर में रिया राणा प्रथम, संजना द्वितीय रहे। 400 मीटर में सना चौधरी प्रथम, आरजू द्वितीय रही। 1000 मीटर में गार्गी प्रथम, शिवानी द्वितीय रही। 100 मीटर में सना चौधरी प्रथम, स्नेहा द्वितीय रही। गोला फेंक में वंशिका सैनी प्रथम, रजनी द्वितीय रही। 100 मीटर में आयुष प्रथम, सूरज द्वितीय रही। 200 मीटर में आयुष प्रथम, नीरज द्वितीय रहे। 400 मीटर में तुषार प्रथम, राघव द्वितीय रहे। 1000 मीटर में तुषार प्रथम, हिमांशु द्वितीय रहे। ऊंची कूंद में जीत प्रथम, विक. सित द्वितीय रहे। भाला फेंक में शिवांशु प्रथम, अभिमन्यु द्वितीय रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कुलदीप तोमर, अनिल कुमार, अजय कुमार, विकास कुमार, अंकित, विकसित, धीरज कुमार, उदयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा निशुल्क नेत्र परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे लायंस क्लब शामली क्राउन के परिवार के सदस्यों ने अपनी नेत्र जांच कराई।

रविवार को जनता मेडिकल स्टोर पर डा। नितिन कुमार गुप्ता द्वारा निशुल्क नेत्र परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे लायंस क्लब के सभी परिवारों ने अपनी नेत्र जांच करवाई और दवाई भी उपलब्ध कराई। डॉक्टर नितिन गुप्ता ने कहा आधुनिक कार्यस्थल में काफी बदलाव आया है। डिजिटल डिवाइस दैनिक कार्यों का अभिन्न अंग बन गए हैं। जबकि प्रौद्योगिकी ने निसंदेह उत्पादकता को बढ़ाया है। इसने चुनौतियों को भी पेश किया है। विशेष रूप से आंखों के स्वास्थ्य के मामले में डिजिटल आई स्ट्रेन या कंप्यूटर विजन सिंड्रोम के रूप में जानी जाने



शामली। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

वाली घटना तेजी से आम हो रही है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रही है।

लक्षणों में सूखी आंखें, सिरदर्द, धुंधली दृष्टि और यहां तक घ्िक गर्दन और कंधे का दर्द भी शामिल है, जो सभी स्क्रीन के लंबे समय तक संपर्क में रहने से उत्पन्न होते हैं। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष गौरव गोयल, विजय संगल, गौरव गोयल, विजय शर्मा, राहुल वर्मा, विनीत गोयल, कशिश कालरा ,अनुराधा संगल, पारुल संगल, मीनू वर्मा आदि मौजूद रहे।

# दंगल में कुश्ती देखने उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में आयोजित मेले में दंगल का आयोजन के तीसरे दिन भी कड़े मुकाबले हुए। पहली कुश्ती शुभम मंगलौरा करनाल हरियाणा तथा हैदर झिंझाना के बीच हुए। सात मिनट की कुस्ती शुभम ने बाजी मारी। इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

रविवार को कस्बे में चल रहे मेले में दंगल के तीसरे दिन का शुभारंभ पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नौशाद ठेकेदार ने किया। दंगल देखने के लिए दूर दूर से आए लोगों ने कुश्ती के मुकाबले का भरपूर आनंद लिया। 11 सौ रूपये के इनाम की कुश्ती का मुकाबला शुभम मंगलौरा करनाल हरियाणा तथा हैदर झिंझाना के बीच हुए। सात मिनट की कुस्ती शुभम ने बाजी मारी। इस मौके पर सात वर्ष के छोटे पहलवान ने अली ने बच्चो के साथ 2 कुश्तियां लड़ी। दोनों कुश्तियों में अपने प्रतिद्वंदी को पठखनी देकर दर्शकों की वाह वाही लूटी, इसके बाद मोनिश तितरवाड़ा तथा प्रवीन सोनीपत हरियाणा के बीत रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसमे प्रवीन ने मोनिश को हराया। नसीम करना तथा आशीष सोनीपत के मुक. ाबले में नसीम ने बाजी मारी। मोनू सोनीपत तथा सोनू कैथल के बीच कड़ा मुकाबले में मोनू ने बाजी मारी, इसके बाद अली चांद चंदन हेड़ी, जावेद भूरा, शोर्य, गोलू, पवन, संदीप, मनीष आदि पहलवानों के बीच मुक. ाबले हुए।



झिंझाना। दंगल में कुश्ती लड़ते पहलवान।

सभी मुकाबलों में रेफरी अनीस थानाभवन द्वारा की गई। दंगल का संचालन वसीम झिंझांनवी ने किया। कमेटी के इकराम सभासद, नवाब कुरेशी, परवेज आलम, साजिद कुरेशी, प्रदीप पच्चीसिया, कामिल कुरेशी, शौकत राना, उस्मान अली सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## देवी-देवताओं पर टिप्पणी करने वाला हिरासत में

**झिंझाना।** रविवार को थाना क्षेत्र के गांव गुज्जर पुर निवासी नाबा. लिक युवक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से हिंदू देवी देवताओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जो कुछ ही देर में शोशल मीडिया पर वायरल हो गई। स्थानीय पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार थाने ले गई। पुलिस आरोपी युवक से पूछताछ कर रही है। बिडौली चौकी प्रभारी अजय पाल ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# 40 बीघा जमीन पर दबंगों के कब्जा करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** रविवार को थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी 40 बीघा भूमि भाऊमजरा में स्थित है, जो पत्नी बबली तथा दो पुत्रों विश्वास बंसल व विशाल बंसल के नाम है। किसान ने बताया कि 27 अप्रैल वर्ष 2020 से ग्राम फतेहपुर निवासी नौशाद पुत्र जोसा, गय्युर पुत्र ताकि, मौसम पुत्र शाखा, कादिर पुत्र हारून आदि भूमियाओं व दबंगों ने जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। जिला. धिकारी के आदेश पर तहसील ऊन राजस्व विभाग तथा पुलिस की टीम के द्वारा 13 जुलाई 24 को जमीन की पेमाइश कर पक्के पिलर लगवा दिए थे तथा जमीन को कब्जा मुक्त कर दिया था, वहीं 26 दिसंबर 24 को नौशाद, इसरार पुत्र जूसा, जुसा पुत्र जमालु, इमरान, ग"यूर मुस्तकीम पुत्रगण ताकि, मौसम पुत्र शाखा निवासी फतेहपुर आदि ने खड़ी गन्ने की फसल करीब 25 बीघा को चोरी से काट लिया और हमारे द्वारा लगाए गए पिलर भी उखाड़ दिए, वहीं जमीन की मेढ़ को खुर्द बुर्द कर दिया। दबंगई से हमारी जमीन में गेहूं की फसल बो दी। मौके पर गए तो हमारे परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने भू माफियाओं से जान का खतरा बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित किसान की तहरीर के आधार पर सात लोगों को नामजद करते हुए सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# औषधि निरीक्षक के पहुंचते ही मेडिकल स्टोर्स पर लटके ताले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** शनिवार की शाम चौसाना में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब औषधि निरीक्षक पवन शाक्य मेडिकल स्टोर्स की जांच के लिए पहुंचे। उनकी मौजूदगी को लेकर अफवाहें फैल गईं, और कई मेडिकल स्टोर संचालकों ने दुकानें बंद कर दीं, यह सोचकर कि कोई बड़ी कार्रवाई होने वाली है। हालांकि, औषधि निरीक्षक केवल नवनिर्मित मेडिकल स्टोर्स की जांच करने आए थे, न कि किसी छापेमारी के लिए।

गांव में औषधि निरीक्षक के प्रवेश करते ही मेडिकल स्टोर संच. ालकों में हड़कंप मच गया। जैसे ही सूचना फैली, कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए। कुछ दुकानदार अपनी दुकानें छोड़कर भी चले गए। हालांकि, निरीक्षक पवन शाक्य ने स्पष्ट किया कि वे सिर्फ नई फार्मेसी दुकानों की जांच के लिए आए थे और किसी तरह की कानूनी कार्रवाई का उद्देश्य नहीं था।

लगभग तीन घंटे तक चली इस जांच प्रक्रिया के बाद मेडिकल स्टोर संचालकों ने राहत की सांस ली। इस दौरान अधिकारियों ने गढ़ी हसनपुर और चौसाना में स्थित तीन नए मेडिकल स्टोर्स की गहन जांच की। जांच पूरी होने के बाद स्थिति सामान्य हो गई और दुकानदारों ने अपनी दुक. ानें दोबारा खोल लीं।

औषधि निरीक्षक पवन शाक्य ने कहा कि यह निरीक्षण केवल नए मेडिकल स्टोर्स की मान्यता और दवा भंडारण की शर्तों की जांच के लिए किया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मेडिकल स्टोर संचालक सभी नियमों का पालन करते हैं, तो उन्हें किसी तरह की कार्रवाई से डरने की जरूरत नहीं है।

..................................

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**कैराना।** रविवार की सुबह कोतवाली पुलिस कांधला रोड़ पर वाहन चेर्. कंग अभियान चलाए हुए थी। इसी दौरान चादर ओढ़े एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस ने उसे टोका तो वह फरार होने का प्रयास करने लगा,लेकिन पुलिस ने उसे चीनी मिल वाली कच्ची सड़क से पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर लिया है।

# जिला पंचायत सदस्य पर छह माह तक बंधक बनाने की शिकायत पर दौड़ी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गढी हसनपुर निवासी अनुज मित्तल ने अपने आपको जिला पंचायत सदस्य द्वारा छह माह से बंधक बनाने की सूचना पुलिस को देकर हडकम्प मचा दिया। आनन फानन से पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुॅची तो मामला झूठा पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। जॉच मे पता लगा कि अपने आपको पीडित बताने वाला व्यक्ति का परिवार दशको पूर्व गांव छोडकर चले गए लेकिन आरोपी व्यक्ति लोगो के नाम पर फर्जी शिकायते करके तंग करता है। अनुज मित्तल का परिवार दशको पूर्व गढी हसनपुर को छोडकर गांव से चले गए। सूत्र बताते है आर्थिक तंगी के कारण मानसिक रूप से परेशान है गया। जिसके बाद अनुज कभी को अरविंद जैन तो कभी यशवीर सिंह पुत्र लखपत सिह,विपिन मित्तल तो कभी किसी पर मारपीट करने, बंधक बनाने व ठगी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत करता रहता है। चौसाना चौकी पर तो अनुज कुमार की शिकायतो को अंबार लगा है।

रविवार को पुलिस महकमे में उस समय हडकम्प मच गया। जब अनुज ने क्षेत्र के एक जिला पंचायत सदस्य पर छह महीने तक बंधक बनाकर शोषण करने का आरोप मंढा। पुलिस आनन फानन मे गांव मे पहुॅची तो सच का पता लगा। हालाकि पुलिस ने बाद मे अनुज मित्तल को फोन कर जानकारी लेने की कोशिश की लेकिन अनुज ने फोन नही उठाया।

## मादक पदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार

**कैराना।** कैराना कोतवाली पुलिस नगर क्षेत्र में सुरक्षा एंव शांति के .ष्टिगत गश्त पर थी कि इसी दौरान गांव भूरा के निकट चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को पैदल आता एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस ने युवक को रूकने का इशारा किया तो वह जंगल के रास्ते भागने का प्रयास करने लगा। लेकिन पुलिस ने उसे कामिल की ट्यूबवेल के पास से दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 22 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम व पता अशफाक उर्फ भूरा पुत्र रूकमदीन निवासी गांव गोग. वान बताया है।

# त्योहारों के मद्देनजर धारा 163 लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी त्यौहारों के मददेनजर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा-163 लागू कर दी है। अब सार्वजनिक कार्यक्रमों को करने के लिए जिला प्रशासन की अनुमति लेनी अनिवार्य होगी।

आगामी 26 फरवरी को महा. शिवरात्रि, 13 मार्च को होलिका दहन, 14 मार्च को होली का पर्व, 31 मार्च को ईद-उल-फितर का पर्व, 6 अप्रैल को राम नवमी का पर्व एवं 10 अप्रैल को महावीर जयन्ती का पर्व मनाया जाना प्रस्तावित है। इसी मध्य कई परीक्षाएं भी आयोजित होगी। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने आगामी त्यौहारों तथा परीक्षाओं को लेकर जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता द्धबीएनएसएसत्रः 2023 की धारा-163 लागू कर दी है। उन्होने कहा कि किसी व्यक्ति, संगठन द्वारा ऐसा कोई कार्यक्रम सार्वजनिक, निजी स्थल पर आयोजित नहीं किया जाएगा, जिससे किसी जाति, पंथ, संगठन, धर्म के अनुयायियों, व्यक्तियों की भावनाओं को आघात पहुंचे और साम्प्रदायिक, धार्मिक उन्माद की स्थिति उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति, संगठन, समूह, सम्प्रदाय, सोशल मीडिया साईट, हैण्डलस् जैसे-व्हाट्सएप, फेसबुक मैसेन्जर, इन्स्टाग्राम आदि या अन्य किसी माध्यम से किसी भी धर्म, जाति किसी भी महापुरूष, देवी देवता आदि का प्रत्य या परोक्ष किसी भी रूप से अनादर करने का प्रयास नहीं करेगा।

**संबंध विच्छेद/सूचना**

मेरा पुत्र मजिद मेरे कहने-सुनने में नहीं है, आए दिन गाली-गलौज करता है। इसलिए मैं अपने पुत्र मजिद को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उसका मुझसे व मेरे परिवार से कोई लेना-देना नहीं होगा। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मुर्तजा पुत्र असलम**

निवासी:- ग्राम मसावी, थाना थानाभवन, तहसील व जिला शामली

## एक नजर

### किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दो पकड़े

**शामली।** थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने एवं उसके साथ दुष्कर्म के संबंध में पीड़िता द्वारा थाना कोतवाली शामली पर 2 नामजद व 1 अज्ञात के विरुद्ध लिखित तहरीर दाखिल की गई थी। पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आद. ेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने एवं उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में 2 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण 1. विकास पुत्र देवीशरण निवासी मौहल्ला अमित विहार कुकडा थाना मन्डी जनपद मुजफ्फरनगर, 2. अंशुल पुत्र सुनील निवासी मौहल्ला अमित विहार कुकडा थाना मन्डी जनपद मुजफ्फरनगर हैं।

### चोरी की घटना में लिप्त तीन गिरफ्तार

**शामली।** शौकत पुत्र जहूर निवासी ग्राम भैंसानी इस्लामपुर थाना थानाभवन जनपद शामली द्वारा अपनी स्पलैण्डर प्लस मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर तहरीर दी थी। थाना बाबरी पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 3 चोर को गिरफ्तार किया गया व 1 बाल अपच. ारी को हिरासत में लिया गया। अभियुक्तगणों के कब्जे से चोरी की हुई मोटरसाइकिल बरामद हुई है। अभियुक्तगण 1. अजय पुत्र नरेश निवासी ग्राम दुल्हैडा थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर, 2. सोनू पुत्र नरेश निवासी ग्राम दुल्हैडा थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर, 3. विशू पुत्र हरवीर निवासी ग्राम दुल्हैडा थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर।

### मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**शामली।** थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान सूचना पर 1 मादक पदार्थ तस्कर को 3.690 किलोग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही गई। गिरफ्तार अभियुक्त 1. उस्मान पुत्र अय्यूब निवासी सिनौली नगला थाना छापरौली जनपद बागपत है।

### पांच एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना गढीपुख्ता बाबरी झिंझाना कैराना पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 5 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण 1. जतिन पुत्र साहब सिंह निवासी ग्राम भैंसवाल थाना गढीपुख्ता जनपद शामली, 2. नरेन्द्र पुत्र मो. हकम निवासी ग्राम फतेहपुर थाना बाबरी जनपद शामली, 3. सुनील कुमार पुत्र प्रकाशा निवासी ग्राम हथछौया थाना झिझाना जनपद शामली, 4. इरफान पुत्र हसमत निवासी मौहल्ला नौतना पट्टी कस्बा ऊन थाना झिझाना जनपद शामली, 5. नदीम पुत्र सलीम कुम्हार निवासी मौहल्ला बीच की आल कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली है।

### पतंग उड़ाने पर मासूम को बेरहमी से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** छत पर पतंग उड़ाने को लेकर पड़ोसी ने 10 वर्षीय बालक को गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की।पीड़िता ने पहले इमामगेट पुलिस चौकी पर शिकायत की,मगर कोई कार्यवाही न होने पर महिला तहरीर लेकर कोतवाली पहुंची। मोहल्ला खैलकलां निवासी साहिबा पत्नी अजीम ने कोतवाली पर तहरीर देते हुए बताया कि गत 12 फरवरी की शाम उसका दस वर्षीय पुत्र तफ्सीर घर के बाहर खेल रहा था। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी भूरा वहां पहुंचा और बालक के साथ गाली- गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। दबंग का कहना था कि मेरे मकान की छत पर पतंग उड़ाने की यही सजा है।बेरहमी के साथ मासूम को पीट-पीट कर गंभीर घायल कर दिया। किसी तरह राहगीरों ने मासूम को उसके चंगुल से छुड़ाया। घटना के संबन्ध में पीड़ित मां ने इमामगेट चौकी पुलिस को शिकयती पत्र भी दिया। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। पीड़िता तहरीर लेकर पुन: कोतवाली पहुंची और कार्यवाही की मांग की है।

### घर में घुसकर की मारपीट में महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के मोहल्ला अलकला निवासी यूसुफ पुत्र अलीहसन ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मोहल्ले का जुल्फकार उर्फ जिल्लू एक दबंग व आपराधिक किस्म का व्यक्ति हैं। जो उसके परिवार से रंजिश रखता हैं। आरोप हैं कि गत शनिवार की रात्रि लगभग ग्यारह बजे जुल्फिकार पत्नी साजमा, बहन इमरान, मुर्शिदा व माता नूरी, भांजा मुसाइद एक राय होकर उसके घर में घुस गए। घर में मौजूद उसकी माता व पत्नी के साथ जमकर मारपीट की गई। मारपीट के दौरान मां गंभीर रूप से घायल हो गई। घर में घुसकर मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। घायल महिला को उपचार के लिए सीएचसी में भेजा गया। कोतवाली प्रभारी बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि हमलावर गिरफ्तार है।

# सात दिवसीय बेसिक और एडवांस कोर्स का प्रशिक्षण शिविर लगाया





शामली। प्रशिक्षण शिविर में ग्रुप फोटो खिंचवाते हुए व बनाया गया सुंदर तंबू। छाया शाह टाइम्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रादेशिक मुख्यालय भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के निर्देश के अनुपालन में सात दिवसीय बेसिक और एडवांस कोर्स का प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण किया गया। रविवार को क्षेत्र के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लिलौन में विधिवत संचालित इस शिविर में जिला सचिव डा. हीरा सिंह, मनोज रावत एलओसी, रिहाना सुल्तान एलओसी (गाइड), सहायक स्टॉफ मोहित कुमार, उषा तोमर, गीता रानी डीओसी (गाइड) ने अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए कर रहे हैं। शिविर में जनपद के विभिन्न कॉलेजों से प्रशिक्षण प्राप्त करने आए बेसिक और एडवांस कोर्स का प्रशिक्षण दिया।

अध्यापक और अध्यापिका यूनिट लीडर को सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त मेरठ मयंक शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट और गाइड के जीवन में अनुशासन और समय का बहुत महत्व होता है। वे समयबद्ध होकर प्रत्एक कार्य करते हैं। एक अच्छा नागरिक बनने में स्काउट और गाइड प्रशिक्षण का बहुत महत्व होता है।

## पटाखा छोड़ने पर बुलेट का किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बुलेट से पटाखा छोड़ना युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने 11 हजार का चालान किया गया। अहमदगढ़ पुलिस चौकी इंचार्ज ने कई वाहनों के चालान करते हुए पटाखा छोड़ने वाली बुलेट को चालान के सीज भी कर दिया।

शनिवार की शाम मेरठ करनाल हाईवे स्थित अहमदगढ़ चौकी पुलिस पर चौकिंग के दौरान चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार त्यागी ने कई वाहनों के ऑनलाइन चालान काटे। कुछ देर बाद एक बाइक सवार युवक द्वारा चौकी के निकट ही पटाखा छोड़ने पर उसे रोक लिया तथा बाइक को सीज करते हुए चौकी प्रभारी ने 11 हजार का चालान काट दिया। बाद में बाइक सवार युवक ने बाइक को छोड़ने के लिए काफी आग्रह किया, लेकिन पुलिस ने बाइक नहीं छोड़ी। बता दें कि आजकल नवयुवकों में बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ने का चलन बन गया है। पटाखे की ध्वनि से दूसरे वाहन चालक डर कर दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा अधिक रहता है। पुलिस ने इस तरह के पटाखा छोड़ने वाली बाइक चालक के बारे में पुलिस को सूचना देने की अपील की, ताकि ऐसे चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### सीबीएस एकेडमी में मनाया गया एनुअल फंक्शन

**लावड़।** कस्बे में चिंदौड़ी रोड पर स्थित सीबीएस अकैडमी में रविवार को एनुअल फंक्शन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर चेयर पर्सन पति हाजी शकील कुरैशी शामिल हुए। इस दौरान स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। जिन्होंने सभी अभिभावकों अध्यापकों व मुख्य अतिथि का मन मोह लिया। स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को चेयरपर्सन पति हाजी शकील व नगर पंचायत के सभासदों द्वारा सम्मानित किया गया, साथ ही हर एक कक्षा से अच्छे नंबर लाने व विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र- छात्राओं को भी मैडल व प्रशस्ति पत्र देते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

## बच्चों के विवाद में घर में घुसकर परिवार के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** महिला ने बच्चों के विवाद में घर पर घुसकर कपड़े फाड़ने व पति सहित चार लोगों को मारपीट कर गंभीर रूप से चोट पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। नगर के मोहल्ला खेलकला निवासी पीड़िता ने बताया कि बच्चे मस्जिद के पास स्थित गली में खेल रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले के बच्चों में खेलते समय आपस में मामूली विवाद हो गया। जिसके बाद मोहल्ले की महिला सहित सात लोगों उनके घर में लाठी डंडों को हाथ में लेकर घुस गया। आरोप है कि गाली गलौज करते हुए पीड़िता के पति, पुत्र, जेठ व जेठानी के साथ जमकर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसका पति गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। पीड़िता ने उसे उठाने का प्रयास किया तो आरोप हैं कि उसके कपड़े फाड़ कर अर्धनग्न कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। वही चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर जांच कार्यवाही शुरू कर दी हैं।

### देवर ने की मारपीट, पीड़िता ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गांव महादेव निवासी सोमन पत्नी मोहित ने तहरीर में बताया कि उसका पति गुड़गांव में काम करता है। रविवार को वह घर पर अकेली थी। इसी बीच उसके देवर से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई।

इसके बाद आरोपी देवर ने महिला के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में थाने पहुंची पीड़िता को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। इसके बाद पीड़िता ने आरोपी देवर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### भाकियू क्रांतिकारी मांग पूरी न होने के विरोध में आज करेगी धरना प्रदर्शन

**मेरठ।** भाकियू क्रांतिकारी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव राणा व महासचिव हनीफ राणा ने बताया कि बीते गुरुवार को सरधना के समस्त तालाबों को कब्जा मुक्त कराना, सभी गांव के लोगों की घरौनी समय से बनवाना, आवारा पशुओं की समस्या का समाधान करना गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया था। इस दौरान एसडीएम नारायणी भाटिया ने कार्यकर्ताओं को समस्याओं पर जल्द संज्ञान लेकर समाधान का आश्वासन दिया था। साथ ही जिला अध्यक्ष विशाल सोम ने ज्ञापन के दौरान 16 फरवरी तक सभी मांगे पूरी न करने पर 17 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी थी।

## अगले पांच वर्षों में बढ़ाई जाएंगी मेडिकल सीटें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाजपा जिला कार्यालय पर केन्द्रीय बजट को लेकर जिला संगोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल की अध्यक्षता व जिला महामंत्री पंकज राणा के संचालन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग कुंवर बृजेश सिंह बजट का बखान करते हुए बताया कि मेडिकल कालेजों और अस्पतालों में अगले 5 वर्षों में 75000 सीटें बढ़ाने के लक्ष्य की दिशा में अगले वर्ष 10000 अतिरिक्त सीटें बढ़ाई जाएंगी। सरकार अगले 3 वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में कैंसर केंद्र स्थापित करने की सुविधा प्रदान करेगी। वर्ष 2025-26 में 200 केंद्र स्थापित किए जाएंगे। पीएम स्वनिधि स्कीम को बैंकों से संवर्धित ऋण 30000 रूपए की सीमा के साथ यूपीआई लिंक्ड क्रेडिट कार्डों और क्षमता विकास सहायता के साथ नवीत किया जाएगा। औषधिध्दवाओं के आयात पर राहत के अर्न्तगत 36 जीवन रक्षक औषधियों और दवाओं को बुनियादी सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट दी जाएगी।

इस अवसर पर नगर पालिका चौयरमैन अरविन्द संगल, सदस्य पिछड़ा आयोग रमेश गौड कश्यप, चेयरमैन झिंझाना सुरेश कश्यप, ब्लॉक प्रमुख ऊन रामपाल सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरबीर मलिक, जयदेव मलिक, ठा। करण सिंह, रणधावा मलिक, रामजीलाल कश्यप, पुनीत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### सुरेश चंद फौजी बनें सपा के विधानसभा महासचिव, सपाइयों ने दी बधाई

**बहसूमा।** नगर के मोहल्ला बसी निवासी सुरेशचंद फौजी को विधानसभा अध्यक्ष सचिन गुर्जर ने हस्तिनापुर विधानसभा का महासचिव नियुक्त किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विधानसभा में मेहनत करें और सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और प्रदेश में चल रहा है पीडीए का नारा को गांव गली-गली मोहल्ले-मोहल्ले में पहुंचने का काम करें। उनके नियुक्ति पत्र मिलने पर सपा के पूर्व विधायक प्रभुदयाल वाल्मीकि, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, राष्ट्रीय सचिव उदयवीर सिंह, जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी, सपा जिला सचिव खलील सलमानी, सपा नेता खीमचंद जाटव, नगराध्यक्ष साकिर फरीदी, सभासद अरुण जाटव, जावेद अलवी, कम्बर जैदी, महराज महलका आदि ने बधाई दी है।

## बच्चों के विवाद में दबंगों ने किया हमला, चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बच्चों के बीच हुई कहा सुनी के बाद आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर परिवार पर जनलेवा हमला किया।इस दौरान दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। पीड़िता ने चार पिता-पुत्रों व एक अज्ञात सहित आठ लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

मोहल्ला खैलकलां निवासी इमराना पत्नी शहजाद ने कोतवाली पर तहरीर देकर चार पिता-पुत्रों व एक अज्ञात सहित आठ लोगों पर घर में घुसकर गाली -गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है। बताया है कि गत शनिवार की शाम उसके बच्चे चांद मस्जिद के पास गली में खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चों में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। आरोप है कि बच्चों में हुई कहा सुनी के बाद हारून अपने बेटों,पुत्री,पत्नी व एक अज्ञात को साथ हाथों में लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आया और आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी,जिसमें इमराना,परवेज,मेहरबान व इसराना को गंभीर चोटें आई।उपचार हेतु सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।




## जश्न-ए-इंतजार महफिल में शायरों ने पेश किए कलाम

### हर साल की तरह इस साल भी आयोजित हुआ प्रोग्राम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हर साल की तरह इस साल भी जश्न-ए-इंतजार महफिल कार्यक्रम ग्राम जौली में संपन्न हुआ, जिसमें आसपास व दूरदराज से आए शायरों ने अपने कलाम पेश किए।

महफिल कार्यक्रम के संयोजक जनाब अल-हाज सै. जहीर आलम ज़ैदी ने जानकारी देते हुए बताया कि जश्न-ए-इंतजार कार्यक्रम 50वें दौर में है। इस दौरान बराए ईसाले सवाब-ए-वाल्देन मौमीन के लिए कुर अंदाजी भी हुई। प्रोग्राम के मेहमाने खुसूसी एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार रहे। महफिल की सदारत मौलाना मो. यूसुफ व सैयद मो. मेहंदी, कुर अंदाजी मौलाना जावेद अब्बास व मौलाना सैयद मो. आलिम, तिलावते हदीस मौलाना अली मेहंदी, तिलावते कलाम पाक हुसैन नकवी व खिताबात मौलाना बाकर काजमी ने की। इनके अलावा कार्यक्रम में मौलाना शमर काजमी, मौलाना अरशद साहब, जनाब अजीज अजमी, जनाब अरम बनारसी, अली हसन, हुसैन हैदर, जहीर सुल्तानपुरी, फरहान बनारसी, सैफ जानसठी, मुबारक नौगानवी, कुमैल अकबर आबादी, तकी बादशाह आदि अपने कलाम पेश किए।



### युवक का रेलवे ट्रेक पर पड़ा मिला शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** युवक का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। जबकि उसकी साइकिल गांव में ही रास्ते पर पड़ी थी। आशंका जताई जा रही रही है कि युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी की है। गुनारसा गांव निवासी राजेंद्र का 23 वर्षीय पुत्र मुकुल रविवार को घर से साइकिल पर किसी काम के लिए निकला था। ग्रामीणों से पुलिस को सूचना मिली कि जडौदा गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर किसी का शव पड़ा है। इस दौरान जानकारी मिलने पर आसपास के ग्रामीण भी वहां जमा हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। ग्रामीणों ने मृतक की शिनाख्त मुकुल के रूप में की। पुलिस का कहना है कि गांव के रास्ते पर उसकी साइकिल पड़ी मिली। आशंका है कि उसने खुदकुशी की है। मामले की जांच की जा रही है।

## चोरों ने बंद मकान को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बेखौफ चोरों ने बंद मकान के ताले तोड़कर संदूक व अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण एवं नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई कर घटना का खुलासा करने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लबकरी निवासी गुलशन उर्फ गुल्लू पुत्र जमील के घर पर रविवार की दोपहर चोरों ने उस समय धावा बोल दिया जब परिवार के सभी लोग दरवाजे पर ताला लगाकर दावत में गए हुए थे। बेखौफ चोरों ने घर के भीतर रखे संदूक अलमारी आदि के ताले तोड़ते हुए सोने चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली और भाग खड़े हुए। परिवार के लोग जब वापस लौटते तो ताले टूटे हुए और सामान बिखरा पड़ा देख उसके होश उड़ गए। तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर विस्तृत जानकारी ली। बताया कि एक सप्ताह पूर्व ही उसके भतीजे का विवाह हुआ था जिसके चलते घर में काफी जेवर रखे हुए थे।



दिन दहाड़े हुई चोरी की घटना से ग्रामीणों में भारी रोष है। पीड़ित ग्रामीण ने पुलिस से कार्रवाई करते हुए चोरी हुए आभूषण और नकदी बरामद करने की मांग की है। कोतवाल बीनू चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सांस्कृतिक विरासत से छात्रों को कराया जागरूक

**देवबन्द।** स्वामी विवेकानंद संस्कृति क्लब द्वारा आयोजित हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी में छात्रो को सांस्कृतिक विरासत से जागरूक कराया गया। राजकीय मॉडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में स्वामी विवेकानंद संस्कृति क्लब द्वारा आयोजित हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी में छात्रों को भारत की सांस्कृतिक विरासत हस्तशिल्प कला के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य डा. राकेश कुमार ने कहा कि भारत की हस्तशिल्प कला न केवल हमारे इतिहास और परंपराओं का प्रतिबिंब हैं बल्कि यह भारतीय समाज की रचनात्मकता और कौशल का उदाहरण भी है। डा. पूर्णिमा सिंह व डा. शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि भारत की हस्तशिल्प कला सांस्कृतिक विविधता और समद्ध परंपराओं का प्रतीक है। डा. रेणु रानी, डा. धीर सिंह व डा. मदनपाल सिंह मौजूद रहे।

## संगठन किसानों के लिए कर रही है संघर्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** किसानों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श करने के साथ ही पदाधिकारियों से 23 फरवरी को समीक्षा बैठक में भाग लेने का आह्वान किया गया।

भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) की कार्यालय पर आयोजित बैठक में सहारनपुर मंडल के अध्यक्ष मोनिस गौर ने कहा कि संगठन किसानों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहा है और किसानों को उनका हक दिला रहा है। मार्च माह में किसानों की समस्याओं को लेकर दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में विशाल किसान पंचायत करेगा। जिसमें देशभर से हजारों किसान शामिल होंगे। इसमें एसएमपी को लेकर केंद्र सरकार से आरपार की लड़ाई की रणनीति तैयार की जाएगी। मोनिस गौर ने कहा कि 23 फरवरी को देवबंद में किसान पंचायत का आयोजन होगा। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अंबावता शामिल होंगे। बैठक में सहारनपुर मंडल की समीक्षा होगी। जिसके लिए सभी जिला और मंडल अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी के साथ इसमें हिस्सा लेंगे। बताया कि इसमें संगठन पर निगरानी रखने और अपनी रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को देने के लिए प्रत्येक जिले में 11 वरिष्ठ लोगों की कमेटी का गठन भी किया जाएगा। इस मौके पर पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) की कार्यालय पर आयोजित बैठक

## ग्रामीणों को संक्रामक रोगों से बचाव के लिए किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** छात्रों ने अभियान चलाकर संक्रामक रोगों से बचाव के लिए ग्रामीणो के जागरूक किया।

भायला पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में रविवार को संक्रामक रोगों से बचाव के अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्रों ने गांव की मलिन बस्ती में जाकर ग्रामीणों को संक्रामक रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. राजेश कुमार के निर्देशन में स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को बताया कि संक्रमित रोग जैसा हैजा, बुखार, खांसी व चेचक आदि बीमारी गंदगी से फैलती हैं। स्वच्छता अपनाकर इन बीमारियों से बचा जा सकता है। साफ-सफाई रखने के साथ ही नालियों में पानी न जमा होने दें, क्योंकि मच्छर रुके हुए पानी में पैदा होते हैं और इनसे ही बीमारियां फैलती है।




देवबन्द। खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार के रूप में साइकिल देते स्कूल प्रबंधक

## मेले में भारत दर्शन प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दून हिल्स एकेडमी में आयोजित भव्य मेले में स्टाल व खेल तमाशे व भारत दर्शन प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने विभिन्न राज्यों की वेशभूषा पहन सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

दून हिल्स एकेडमी में मेले का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डा. प्रदीप वर्मा, डायरेक्टर तनुराज वर्मा एवं प्रसिद्ध यूट्यूबर मोहित ने संयुक्त रूप से किया। बच्चों ने विभिन्न राज्यों की वेशभूषा पहन सुंदर प्रस्तुतियां दी। मेले का मुख्य आकर्षण भारत दर्शन प्रदर्शनी रही, जिसमें विभिन्न राज्यों की वेशभूषा, रीति-रिवाज और परंपराओं को सुंदर रूप से दर्शाया गया। भूल भुलैया, नाइट जंगल सफारी, हांटेड हाउस, फूड स्टाल और झूले का बच्चों समेत अभिभावक व उपस्थितजनो ने आनंद लिया। विभिन्न प्रकार के गेम्स, बोतल पेपर गेम, रोलेट गेम, रोल द डाइस एंड विन प्राइज, फालिंग ग्लास, थ्रो द बाल इन द ग्लास, स्काच स्प्रिंग, स्पिन द व्हील, थ्रो बाल इन द होल आदि में भी सभी ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए बच्चों ने साइकिल समेत आकर्षण उपहार जीते। विद्यालय प्रबंधन की ओर से मेले में आए लोगों का आभार जताया।




### पुलिस ने वांछित आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने वांछित आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायाल्य के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेजा।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर वांछितो और वारंटियों की गिरफ्तारी को चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के गांव खंड़जा अहमदपुर निवासी अशोक कुमार, गागलहेडी निवासी अहसान और देवबंद के मोहल्ला वक्फ दारुल उलूम क्षेत्र निवासी शाकिर को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमों में वांछित थे। जिन्हें मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया।

# नेशनल इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप में घोड़ी 'अजीजा' का जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** मोदीपुरम में चल रही राष्ट्रीय घुड़सवारी चैंपियनशिप में राणा स्टड फार्म की घोड़ी 'अज़ीज़ा' ने शानदार प्रदर्शन कर पहला स्थान हासिल किया। राष्ट्रीय घुड़सवारी चैंपियनशिप भारतीय खेल जगत में एक महत्वपूर्ण प्रतियोगिता बन चुकी है। यह न केवल खिलाड़ियों की




**● मोदी एक्वेस्ट्रियन एकेडमी में घुड़सवारी प्रतियोगिता का रोमांच बनी राणा स्टड फार्म की युवा घोड़ी 'अज़ीज़ा'**

उत्दृष्टता को दर्शाती है बल्कि भारतीय घुड़सवारी के उच्च मानकों को भी स्थापित करती है। इस वर्ष की प्रतियोगिता में राणा स्टड फार्म की युवा घोड़ी अज़ीज़ा ने अपनी अद्भुत क्षमता का परिचय दिया और प्रथम स्थान हासिल किया। अज़ीज़ा की यह उपलब्धि घुड़सवारी जगत के लिए प्रेरणादायक है। इससे यह भी साबित होता है कि भारतीय घुड़सवारी प्रशिक्षण अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार है। सरकार और खेल संस्थानों को इस खेल को और बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएँ बनानी चाहिए, जिससे भारत इस क्षेत्र में भी वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सके।

### नेशनल इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप में अज़ीज़ा ने दिखाया दम

**मोदी** एक्वेस्ट्रियन एकेडमी में चल रही राष्ट्रीय घुड़सवारी चैंपियनशिप में गुरुवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस दौरान टीम इवेंट और व्यक्तिगत प्रीलिम मुकाबले खेले गए, जिसमें देशभर के अनुभवी और युवा घुड़सवारों ने भाग लिया। टीम इवेंट में दूसरे राउंड के बाद चार टीमें फाइनल में पहुंचीं, वहीं प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण रहा व्यक्तिगत वर्ग, जहां राणा स्टड फार्म की युवा घोड़ी 'अज़ीज़ा' ने शानदार प्रदर्शन किया और पहला स्थान हासिल किया।

### अज़ीज़ा का शानदार प्रदर्शन

**इस** प्रतियोगिता में कई घोड़ों ने भाग लिया, लेकिन अज़ीज़ा की फुर्ती, संतुलन और प्रशिक्षित चाल ने निर्णायकों को प्रभावित किया। उसकी गति और नियंत्रण ने प्रतियोगिता में उसे बाकी घोड़ों से अलग बना दिया। राणा स्टड फार्म के प्रशिक्षकों का कहना है कि अज़ीज़ा की यह जीत उनके वर्षों की मेहनत और आधुनिक घुड़सवारी प्रशिक्षण तकनीकों का परिणाम है। इस उपलब्धि से साबित होता है कि भारतीय घोड़े और घुड़सवार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं।

### भारत में घुड़सवारी खेल का भविष्य

**राष्ट्रीय** घुड़सवारी चैंपियनशिप जैसे आयोजनों से युवा घुड़सवारों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलता है। यह खेल अब धीरे-धीरे लोकप्रियता हासिल कर रहा है और सरकार द्वारा उचित सहयोग मिलने पर यह वैश्विक मंच पर भी भारत को गौरवान्वित कर सकता है।

**राणा** स्टड फार्म की मरवाड़ी घोड़ी अज़ीज़ा ने नेशनल इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप (एनईसी) यंग हॉर्स चैंपियनशिप टूर में पहला स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया। वह राष्ट्रीय स्तर पर शो जंपिंग में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली मरवाड़ी घोड़ी बन गई हैं। अज़ीज़ा ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में डच वार्मब्लड्स और थोरब्रेड्स जैसे अत्यधिक प्रशिक्षित घोड़ों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की और शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से मरवाड़ी घोड़ा समुदाय गर्व से अभिभूत है। अज़ीज़ा के इस शानदार प्रदर्शन के पीछे उनकी बेहतरीन वंशावली भी है, वह सलमान खान के सुंदर स्टैलियन 'तैमूर' की संतान हैं।




## आईपीएल-2025

# गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी

**■ उनकी टीम का प्रयास होगा कि पिछले मैच गलतियों को सुधारे: कप्तान गार्डनर**

**वडोदरा, वार्ता।** गुजरात जायंट्स महिला टीम ने रविवार को टॉस जीतकर वूमेंस प्रीमियर लीग के तीसरे मुकाबले में यूपी वॉरियर्स के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां गुजराज जायंट्स की कप्तान एश्ली गार्डनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टॉस के बाद गार्डनर ने कहा कि उनकी टीम का प्रयास होगा कि पिछले मैच की गलतियों को सुधारे और ओस को देखते हुए उन्होंने पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि टीम में कोई बदलाव नहीं है। वहीं यूपी वॉरियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा ने कहा कि अगर वह टॉस जीततीं तो वह भी पहले गेंदबाजी करतीं। उन्होंने कहा कि टीम में क्रांति गौड़ पर्दापण कर रही हैं।



**गुजरात जायंट्स :** बेथ मूनी (विकेटकीपर), लॉरा वुल्फार्ट, दयालन हेमलता, डिएंड्रा डॉटिन, ऐश्ली गार्डनर (कप्तान), हरलीन देओल, सिमरन शेख, तनुजा कंवर, सयाली सतघरे, प्रिया मिश्रा और काश्वी गौतम।

**यूपी वॉरियर्स :** उमा छेत्री (विकेटकीपर), वृंदा दिनेश, श्वेता सहरावत, किरण नवगिरे, ग्रेस हैरिस, दीप्ति शर्मा (कप्तान), तालिया मैक्ग्रा, अलाना किंग, सोफी एकलस्टन, साइमा ठाकोर और क्रांति गौड़।

# IPL का पहला मैच 22 मार्च को बेंगलुरु-कोलकाता के बीच

**● 65 दिन में 74 मुकाबले, 12 डबल हेडर, फाइनल ईडन गार्डंस में**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के ब्राडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने शाम 5:30 बजे 18वें सीजन का शेडयूल रिलीज किया। ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच कोलकाता में 22 मार्च को होगा। दूसरा बड़ा मुकाबला 23 मार्च को मुंबई इंडियंस (एमआई) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच चेन्नई में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। इस बार 65 दिन में 74 मैच खेले जाएंगे। 18 मई तक लीग स्टेज के 70 मैच होंगे, जिनमें 12 डबल हेडर हैं। यानी 12 बार 1 दिन में 2 मैच खेले जाएंगे। फाइनल 25 मई को कोलकाता में होगा। हैदराबाद और कोलकाता में प्लेआफ मैच आईपीएल में परंपरा रही है कि टूर्नामेंट का ओपनिंग और फाइनल मैच डिफेंडिंग चैंपियन टीम के होमग्राउंड पर खेला जाता है। इस बार भी कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में यह दोनों मैच होंगे। फाइनल 25 मई को होगा, कोलकाता में 23 मई को क्वालिफायर-2 भी खेला जाएगा। पिछले सीजन की रनर-अप टीम सनराइजर्स हैदराबाद के होमग्राउंड राजीव गांधी स्टेडियम में भी 2 प्लेआफ मैच होंगे। यहां 20 मई को क्वालिफायर-1 और 21 मई को एलिमिनेटर खेला जाएगा। 2024 के फाइनल में केकेआर ने एसआरएच को 8 विकेट से हराकर तीसरी बार आईपीएल जीता था। कोलकाता नाइट राइडर्स और रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल का पहला मैच 22 मार्च को खेला जाएगा। 18वें सीजन का पहला डबल हेडर 23 मार्च को टूर्नामेंट के दूसरे दिन ही हो जाएगा। दोपहर 3:30 बजे से एसआरएच और आरआर हैदराबाद में भिड़ेंगी। वहीं शाम 7:30 बजे से मुंबई और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाएगा। मार्च में इसके बाद 30 तारीख को ही डबल हेडर होगा। अप्रैल में 5, 6, 12, 13, 19, 20 और 27 तारीख को एक दिन में 2 मैच होंगे। वहीं मई में 4, 11 और 18 तारीख को डबल हेडर खेले जाएंगे। सभी डबल हेडर शनिवार या रविवार को ही होंगे। 13 वेन्यू पर होंगे 10 टीमों के मुकाबले 10 टीमों के होम ग्राउंड के अलावा गुवाहाटी, विशाखापटनम और धर्मशाला में भी मैच खेले जाएंगे। गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स का दूसरा होमग्राउंड है, यहां टीम के 2 मैच होंगे। टीम 26 मार्च को कोलकाता और 30 मार्च को चेन्नई से यहां भिड़ेगी। धर्मशाला पंजाब किंग्स का दूसरा होम ग्राउंड है। यहां टीम के 3 मैच होंगे। विशाखापटनम दिल्ली कैपिटल्स का दूसरा होमग्राउंड है। यहां टीम 2 मैच खेलेगी। 10 टीमों के बाकी होमग्राउंड अहमदाबाद, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, लखनऊ, मुल्लांपुर, दिल्ली, जयपुर, कोलकाता और हैदराबाद हैं। यहां सीजन के बाकी मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में 10 टीमों के बीच कुल 74 मैच होने हैं। सनराइजर्स हैदराबाद का पहला मैच 23 मार्च को दोपहर 3:30 बजे से राजस्थान रायल्स के खिलाफ होगा। चेन्नई और मुंबई ने सबसे ज्यादा टाइटल जीते आईपीएल भारत का फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट है। यह हर साल मार्च से मई के दौरान टी-20 फार्मेट में खेला जाता है। इसकी शुरुआत 2008 में 8 टीमों के साथ हुई थी। राजस्थान ने चेन्नई को फाइनल हराकर पहले सीजन का टाइटल जीता था। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने सबसे ज्यादा 5-5 टाइटल जीते हैं। केकेआर 3 खिताब जीतकर तीसरी सबसे सफल टीम है। चैंपियंस ट्रॉफी के 12 दिन बाद आईपीएल चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल 9 मार्च को होगा। इसके 12 दिन बाद आईपीएल शुरू होगा। यानी प्लेयर्स को तैयारी के लिए 2 हफ्ते भी ठीक से नहीं मिलेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 19 मार्च से शुरू होगी। टूर्नामेंट पाकिस्तान और दुबई में होना है। भारत का पहला मैच 20 मार्च को बांग्लादेश से है। विमेंस प्रीमियर लीग फाइनल के 6 दिन बाद आईपीएल शुरू होगा। डब्ल्यूपीएल 14 फरवरी को शुरू हुआ और 15 मार्च तक खेला जाएगा। शनिवार

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मांडविया ने की फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल की अगुवाई

**मुम्बई, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांड़विया ने आज सुबह ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर लोगों को फिट और स्वस्थ्य जीवन शैली के प्रति जागरुक करने वाले फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यकम की अगुवाई की। रविवार को इस अवसर पर गेटवे ऑफ इंडिया से हरी झंडी दिखाकर इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांड़विया, देश भर से वेलनेस विशेषज्ञ, विभिन्न साइकिल क्लब और व्यक्तिगत फिटनेस उत्साही शामिल हुए 500 से अधिक साइकिल चालक शामिल हुए और साइकिल चलाई। यह साइकिलिंग अभियान सुरम्य मरीन ड्राइव से होते हुए गिरगांव चौपाटी पर समाप्त हुआ। श्री मांड़विया ने युवाओं को फिटनेस और स्वास्थ के प्रति जागरूक करते कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री का विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब देश के नागरिक फिट हों, क्योंकि फिट लोग राष्ट्र निर्माण में कहीं अधिक योगदान दे सकते हैं। संडे ऑन साइकिल की यह पहल फिट जीवन जीने के महत्व को प्रचारित करने के साथ-साथ शून्य कार्बन फुटप्रिंट वाले परिवहन के साधन का उपयोग करके पर्यावरण के लिए योगदान देने का एक प्रयास है। मैं सभी से, खासकर युवाओं से, जब भी संभव हो, साइकिल का उपयोग करने का आग्रह करता हूं। इससे न केवल वे स्वस्थ होंगे, बल्कि इससे हमारे पर्यावरण का समग्र स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। पहल की सराहना करते हुए शाइना एनसी ने कहा कि मैं डॉ. मंडाविया और खेल मंत्रालय को इस बहुत ही समयोचित और महत्वपूर्ण पहल के लिए बधाई देना चाहती हूं। आज का संडे ऑन साइकिल 5 किमी की सवारी थी, लेकिन मैं चाहती हूं कि यह और लंबी हो। साइकिल चालकों के बीच उत्साह शानदार था और मोटापे से लड़ने का अंतर्निहित संदेश आज की दुनिया में बहुत महत्वपूर्ण है, जहां अधिकांश युवा एक गतिहीन जीवन शैली जी रहे हैं। फिट इंडिया के राजदूत डॉ. मिकी मेहता ने कहा कि साइकिल चलाना अपने आप में एक उत्सव है।

# चैंपियंस ट्रॉफी जीतने से ज्यादा जरूरी है भारत को हराना: सलमान


**कराची, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले की उलटी गिनती शुरू हो गई है।

दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी 23 फरवरी को दुबई में आमने-सामने होंगे। कागजों पर यह सिर्फ एक और मैच हो सकता है, लेकिन दोनों टीमों के खिलाड़ी इस मैच में उनकी रगों में दौड़ने वाली भावनाओं को जानते हैं। फैंस के लिए भी यह मैच काफी मायने रखता है और वह बस चाहते हैं कि उनकी टीम यह मैच जीत जाए। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स ने यह बयान दिया था कि उनके लिए भारत को हराना ज्यादा जरूरी है, भले ही ट्रॉफी नहीं जीत पाएं। अब चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान टीम के उप-कप्तान सलमान अली आगा से मैच के महत्व के बारे में पूछा गया है। उन्होंने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी उठाने से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। उन्होंने पीसीबी पाडकास्ट पर एक चौट के दौरान कहा कि मैं चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उत्साहित हूं क्योंकि पाकिस्तान की आईसीसी प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है और यह खास है। लाहौर से होने के नाते अपने गृहनगर में ट्रॉफी उठाना मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा होगा। पाकिस्तान की टीम में इसे जीतने की क्षमता है। भारत-पाकिस्तान

**■ कहा: लाहौर से होने के नाते अपने गुहनगर में ट्रॉफी उठाना मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा होगा**

मैच के दौरान माहौल काफी अलग रहता है। जैसा कि सब कहते हैं कि यह दुनिया का सबसे बड़ा मैच है, लेकिन बात यह है कि यह सिर्फ एक मैच है। मेरे लिए चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ज्यादा महत्वपूर्ण है, न कि बस उस एक मैच को जीतना। पाकिस्तान क्रिकेट जगत में कुछ ऐसे भी हैं जो भारत के खिलाफ जीत को आईसीसी टूर्नामेंट जीतने से बड़ी उपलब्धि मानते हैं। हालांकि, सलमान उस विचारधारा का समर्थन नहीं करते। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान भारत के खिलाफ जीत जाए और चैंपियंस ट्रॉफी न जीते तो कोई फायदा तो है नहीं।

अगर हम वह मैच हारते भी हैं और चैंपियंस ट्रॉफी जीतते हैं, तो मेरे ख्याल से मेरे लिए वो सबसे बड़ी जीत है। सलमान ने यह भी कहा कि वह टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। वह भारत को हराने में अपनी टीम



की मदद करना चाहते हैं। सलमान ने कहा कि वह और उनकी टीम भारत के खिलाफ मैच जीतने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, श्हम सभी भारत के खिलाफ मैच को जीतना चाहते हैं और हम इसे जीतने की कोशिश करेंगे। मैं उनके खिलाफ भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने की कोशिश करूंगा।

# चोटिल एएम गजनफर आईपीएल से हुए बाहर

**मुंबई, वार्ता।** अफगानिस्तान के ऑफ स्पिन गेंदबाज एएम गजनफर चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से बाहर हो गए हैं। मुम्बई इंडियंस (एमआई) ने गजनफर दो करोड़ रूपये में खरीदा था।

आईपीएल में अब उनकी जगह हमवतन ऑफ स्पिनर मुजीब-उर-रहमान को टीम में जगह दी है। मुजीब इससे पहले पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के लिए तीन और सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल एक सीजन में खेल चुके हैं और उनके नाम 19 आईपीएल मैचों में 19 विकेट हैं। वह आईपीएल में चार साल बाद खेलेंगे। आईपीएल 2018 पीबीकेएस की ओर से खेलते हुए 11 मैचों में मात्र 6.99 की इकॉनमी से रन देते हुए 20.64 की औसत और 17.7 के स्ट्राइक रेट से 14 विकेट लिए थे। हालांकि 2021 में एसआरएच के लिए उन्हें पूरे सत्र में एक मैच में मौका मिला और उन्होंने



**■ एमआई ने एएम गजनफर को दो करोड़ रुपयें में खरीदा था**

अपने चार ओवरों के स्पेल में 29 रन देते हुए दो विकेट लिए थे। उल्लेखनीय है कि मुजीब को भी गजनफर की ही तरह मुंबई इंडियंस से दो करोड़ रूपये मिलेंगे। चोट के कारण इससे पहले गजनफर सीटी से भी बाहर हो गए थे।

### सिनर पर तीन महीने का प्रतिबंध

**रोम, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर ने पिछले साल अपने दो प्रतिबंधित दवाओं के परीक्षण पर विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के साथ समझौता करने के बाद टेनिस से तत्काल तीन महीने का प्रतिबंध स्वीकार कर लिया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी, जिसने पिछले महीने ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था, को 9 फरवरी से 4 मई तक निलंबित कर दिया गया है। वह वर्ष के अगले ग्रैंड स्लैम इवेंट, फ्रेंच ओपन में खेलने के लिए पात्र होंगे, जो 19 मई से शुरू होगा। वाडा ने इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी द्वारा सिनर को निलंबित नहीं करने के 2024 के फैसले पर कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) में अपील की थी। वाडा दो साल तक का प्रतिबंध चाहता था लेकिन शनिवार को उसने कहा कि वह उसके स्पष्टीकरण को स्वीकार करता है कि वह अनजाने में अपने फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा प्रतिबंधित पदार्थ क्लोस्टेबोल से ग्रसित हो गया था।

# अश्विन ने टीम इंडिया में सुपरस्टार कल्चर पर साधा निशाना



**■ हम खिलाड़ी हैं और हमें ऐसा ही होना चाहिए जिससे आम लोग जुड़ाव महसूस करें और खुद की तुलना कर सकें**

**चेन्नई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के बाद से ही दिग्गज क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन सोशल मीडिया खासकर यूटयूब पर ज्यादा एक्टिव हो गए हैं। अश्विन ने पिछले साल दिसंबर में बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान अपने शानदार अंतर्राष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था। अश्विन ने अब भारतीय टीम में श्सेलिब्रिटी संस्कृति के खिलाफ दृढ़ता से बात की। उन्होंने कहा है कि क्रिकेटरों को ये नहीं समझना चाहिए कि वह अभिनेता या सुपरस्टार हैं, बल्कि सोचना चाहिए कि वह केवल एथलीट हैं। अनुभवी आलराउंडर ने खिलाड़ियों से आम लोगों का भरोसा जीतने के लिए जमीन से जुड़े रहने का भी आग्रह किया। अश्विन ने अपने हिंदी यूटयूब चैनल 'ऐश की बात' में कहा कि भारतीय क्रिकेट में चीजों को सामान्य करना महत्वपूर्ण है। हमें भारतीय क्रिकेट टीम के भीतर इस सुपरस्टारडम और सुपर सेलिब्रिटीज को प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। हमें आगे चलकर इन सभी चीजों को सामान्य बनाना होगा। हम क्रिकेटर हैं। हम अभिनेता या सुपरस्टार नहीं हैं। हम खिलाड़ी हैं और हमें ऐसा ही होना चाहिए जिससे आम लोग जुड़ाव महसूस करें और खुद की तुलना कर सकें। अश्विन ने स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली का उदाहरण देते हुए खिलाड़ियों से निजी प्रशंसा की जगह टीम के गोल पर ध्यान लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए अगर आप रोहित शर्मा या विराट कोहली हो जिन्होंने इतना कुछ हासिल किया है। जब आप एक और शतक लगाते हैं, तो यह अब केवल आपकी उपलब्धि के बारे में नहीं है। यह हमेशा की तरह व्यवसाय होना चाहिए और हमारे लक्ष्य इन उपलब्धियों से बड़े होने चाहिए। अश्विन ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई भारतीय टीम पर भी बात की। उन्होंने पांच स्पिनरों अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती को 15 सदस्यीय टीम में शामिल करने के प्रबंधन के फैसले पर चिंता जताई। भारत के पूर्व स्पिनर ने टूर्नामेंट के दौरान भारत की संभावित टीम संयोजन पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि दुबई में पांच स्पिनर? मुझे नहीं पता। मुझे लगता है कि हमारी टीम में दो नहीं तो एक स्पिनर ज्यादा है। हार्दिक पांड्या के साथ बाएं हाथ के दो स्पिनर आपके सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर हैं। इसलिए अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा दोनों खेलने जा रहे हैं। हार्दिक भी खेलेंगे और कुलदीप भी खेलेंगे। अगर आप वरुण चक्रवर्ती को टीम में चाहते हैं तो आपको एक पेसर को बाहर बैठाना होगा और हार्दिक को अपने दूसरे पेसर के रूप में इस्तेमाल करना होगा। अन्यथा आपको तीसरे तेज गेंदबाज को लाने के लिए एक स्पिनर को बाहर करना होगा। भारतीय टीम और सहयोगी स्टाफ के सदस्य बांग्लादेश के खिलाफ दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अपने शुरुआती चैंपियंस ट्रॉफी मैच से ठीक पांच दिन पहले शनिवार को दुबई के लिए रवाना हो गए। पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार करने के बाद भारत अपने मैच दुबई में खेलेगा। चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होने जा रही है। भारत 20 फरवरी को अपना पहला मुकाबला खेलेगा।

### इंग्लैंड के ओपनर डकेट चैंपियंस ट्रॉफी के लिए फिट

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट अगले सप्ताह पाकिस्तान में शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए फिट हो गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को अहमदाबाद में तीसरे एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में भारत से मिली करारी हार के दौरान डकेट की कमर के बायें हिस्से में समस्या थी, लेकिन स्कैन से 30 वर्षीय खिलाड़ी की चोट पूरी तरह से ठीक हो गई है। इंग्लैंड मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात से पाकिस्तान की यात्रा करेगा और 22 फरवरी को लाहौर में अपने शुरुआती ग्रुप गेम में ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा। इंग्लैंड अपने ग्रुप मैचों में दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान से भी खेलेगा। ब्रेंडन मैकुलम की टीम भारत से वनडे सीरीज में 3-0 से हार के बाद टूर्नामेंट में उतर रही है।

# चोट के कारण यशस्वी रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के बाहर हुए

**■ भारतीय टेस्ट टीम के नियमित सदस्य जायसवाल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय में पर्दापण किया था**

**नागपुर, वार्ता।** मुम्बई के लिए खेलने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल टखने की चोट के कारण सोमवार से विदर्भ के साथ शुरु हो वाले रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर गए हैं। यशस्वी जायसवाल इस सप्ताहांत प्रशिक्षण के दौरान के बाएं टखने में चोट लग गई थी। वह अब राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) बेंगलुरू जाएंगे। मुम्बई टीम की ओर जायसवाल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में लिए जाने के बारे में नहीं बताया गया हैं। भारतीय टेस्ट टीम के नियमित सदस्य जायसवाल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय में पर्दापण किया था। उन्हें विराट कोहली की जगह टीम में शामिल किया था।



जायसवाल पहले भारत के शुरूआती चैंलपयस ट्रॉफी टीम में थे। लेकिन आखिर उनकी जगह पर वरूण चक्रवर्ती को टीम में शामिल कर लिया गया। दुबे और जायसवाल को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्व में रखा गया हैं और जरूरत पड़ने पर वे दुबई की यात्रा कर सकते हैं। इसके बाद जायसवाल मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल खेलने वाले थे। टीम में अलजक्य रहाणे, सूर्यकुमार कुमार, शिवम दुबे और शार्दुल ठाकुर जैसे नामी खिलाड़ी है।

# ट्रम्प व मस्क की जुगलबंदी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके सहयोगी एलन मस्क के बीच जारी जुगलबंदी भारत समेत विश्व के अनेक देशों की परेशानियां बढ़ाने वाली है। ताजा घटनाक्रम के अनुसार एलन मस्क ने भारत के चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए दी जाने वाली 182 करोड़ रुपये की फंडिंग रद्द कर दी है। मस्क के नेतृत्व वाले डिपार्टमेंट आफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी ने लिस्ट जारी की है। इसमें डिपार्टमेंट की तरफ से 15 तरह के प्रोग्राम्स की फंडिंग रद्द की गई है। इसमें एक प्रोग्राम दुनियाभर में चुनाव प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए भी है, जिसका फंड 4200 करोड़ रुपये है। इस फंड में भारत की हिस्सेदारी 182 करोड़ रुपये की है। फैसले पर भाजपा ने दावा किया है कि इस फंड का इस्तेमाल भारतीय चुनाव को प्रभावित करने के लिए किया गया। पार्टी ने कांग्रेस पार्टी और अमेरिकी बिजनेसमेन जार्ज सोरोस पर भारत में चुनाव प्रक्रिया में दखल देने का आरोप लगाया है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि अमेरिका की नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही समाप्त हो जाती हैं। हालांकि दूसरी बार सत्ता में आए ट्रम्प ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा, मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखाई। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। दरअसल, भारत कुछ उन देशों में शामिल हैं, जिनके साथ व्यापार का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में नहीं है। यही वजह है कि ट्रम्प ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ तो की, लेकिन साथ ही भारत में अमेरिकी सामान पर तर्कसंगत कर लगाने की बात भी कही,यदि ट्रम्प की मौजूदा नीतियां सिरे चढ़ी, तो व्यापार की परिस्थितियां अमेरिका के अनुकूल भी हो सकती है। ट्रम्प ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिए बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसमें पीएम मोदी के कूटनीतिक कौशल की परीक्षा भी होनी है। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी–ट्रम्प मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह–उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ–35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचौनी और बढ़ जाएगी। इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रम्प का 'टैरिफ आतंकवाद' निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है, लेकिन भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की बड़ी भूमिका एक आकर्षक प्रस्ताव होगा। हालांकि, ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ को लेकर कोई सीधी घोषणा, तो नहीं की लेकिन यह जरूर कहा कि जितना टैरिफ अन्य देश अमेरिकी सामान पर लगाते हैं, अमेरिका भी उसी अनुपात में टैरिफ लगाएगा। उल्लेखनीय है कि जिस समय पीएम मोदी अमेरिका यात्रा के लिए निकले, अमेरिका से अपमानजनक तरीके से भारत भेजे गए कथित अवैध प्रवासियों का मुद्दा गर्म था। ट्रम्प के साथ मुलाकात में भारत ने अवैध रूप से आए भारतीयों को वापस लेने की बात भी कही। पत्रकार वार्ता में मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर हमारे विचार एक जैसे हैं। यदि अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों की पुष्टि होती है, तो हम उन्हें वापस लेने के लिए तैयार हैं। उन्होंने इसे मानव तस्करों की करतूत बताया।

## बसपा को आगे बढ़ाने में जी जान लगाने वाला ही उत्तराधिकारी



**बसपा** का उत्तराधिकारी वही बनेगा, जो पार्टी व मूवमेन्ट को आगे बढ़ाने में पूरे जी–जान से लगातार लगा रहे, बसपा के लिए देश में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी आत्म–सम्मान व स्वाभिमान के कारवां को सत्ता तक पहुंचाने हेतु, मान्यवर श्री कांशीराम जी द्वारा सब कुछ त्यागकर स्थापित की गई पार्टी व मूवमेन्ट, जिसमें स्वार्थ, रिश्ते–नाते आदि महत्वहीन अर्थात बहुजन–हित सर्वोपरि है, इसी क्रम में श्री कांशीराम की शिष्या व उत्तराधिकारी होने के नाते उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मैं भी अपनी आखिरी सांस तक हर कुर्बानी देकर संघर्ष जारी रखूंगी, ताकि बहुजन समाज के लोग राजनीतिक गुलामी व सामाजिक लाचारी के जीवन से मुक्त होकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

**सुश्री मायावती**
**बसपा अध्यक्ष**

# केजरीवाल की हठधर्मिता ने डुबाई 'आप' की नैय्या

**भारतीय जनता पार्टी को जहां पूर्ण बहुमत के साथ 48 सीटें हासिल हुई वहीं 'आप' को केवल 22 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा, आप के लिए सबसे बड़ा झटका यह भी रहा कि सत्ता गंवाने के साथ ही उसके राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल सहित पार्टी के और भी कई दिग्गज नेता चुनाव हार गए, कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की पराजय से पार्टी के अंत की शुरुआत हो चुकी है**



तनवीर जाफरी

दिल्ली की 70 सदस्यों की विधान सभा हेतु हुए 2015 के चुनाव में 70 में से 67 सीटें तथा 2019 में दिल्ली की सातवीं विधानसभा चुनाव में 62 सीटें जीतकर ऐतिहासिक बहुमत प्राप्त करने वाली आम आदमी पार्टी पिछले दिनों दिल्ली चुनाव की जंग हार गई। भारतीय जनता पार्टी को जहां पूर्ण बहुमत के साथ जहां 48 सीटें हासिल हुई वहीं 'आप' को केवल 22 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। आप के लिए सबसे बड़ा झटका यह भी रहा कि सत्ता गंवाने के साथ ही उसके राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल सहित पार्टी के और भी कई दिग्गज नेता चुनाव हार गए। कुछ राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की पराजय से पार्टी के अंत की शुरुआत हो चुकी है। यदि ऐसा है तो वास्तव में इसका जिम्मेदार कौन है? क्या वजह थी कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में 43.57 प्रतिशत मत प्राप्त होने के बावजूद आप को केवल 22 विधानसभा सीटों पर ही जीत हासिल हुई जबकि भाजपा ने मात्र दो प्रतिशत अधिक यानी 45.56 प्रतिशत मत प्राप्त कर 48 सीटों पर जीत दर्ज की। नतीजों से साफ है कि भाजपा ने त्रिकोणीय संघर्ष का लाभ उठाकर ही आम आदमी पार्टी से 26 सीटें अधिक हासिल कीं और दिल्ली की सत्ता आप के हाथों से झटक ली। हालांकि हार के बावजूद आम आदमी पार्टी के इस तर्क को भी नकारा नहीं जा सकता कि बावजूद इसके कि बीजेपी के साथ प्रोपेगंडा,सरकार की सारी मशीनरी, मीडिया, धनबल व बाहुबल सब कुछ थे, फिर भी उसे आप से मात्र दो प्रतिशत ही ज्यादा वोट मिले हैं।

सवाल यह है कि 2011 में यूपीए सरकार के विरुद्ध भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बाद 26 नवम्बर 2012 को देश के अनेक बुद्धिजीवियों द्वारा अरविन्द केजरीवाल के राष्ट्रीय संयोजकत्व में स्थापित की गई आम आदमी पार्टी जोकि न केवल दिल्ली में सत्ता में थी बल्कि वर्तमान समय में देश के समृद्ध राज्य पंजाब में भी सत्तारूढ़ है वही नया नवेला राजनैतिक दल आखिर किन वजहों से और किन परिस्थितियों में इस अंजाम तक जा पहुंचा कि आज 'आप' के 'अंत' पर चर्चा छिड़ गई है? सच पूछिये तो दिल्ली में भाजपा की संभावित फतेह की सुगबुगाहट तो दरअसल उसी समय शुरू हो गई थी जबकि 'आप' ने विगत अक्टूबर 2024 को हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में 'इण्डिया' गठबंधन घटक का सदस्य होने के बावजूद राज्य की 89 सीटों पर चुनाव लड़ा और कांग्रेस को हरियाणा की सत्ता में वापसी से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गौरतलब है कि कांग्रेस हरियाणा में 90 में 7 सीटें आप के लिए छोड़ने को तैयार थी परन्तु केजरीवाल की जिद थी कि कांग्रेस उसे 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ा करने दे। इस बात पर दोनों दलों में समझौता नहीं हो सका। और आप ने 89 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए। नतीजतन 'आप' को राज्य भर में केवल 1.53: वोट प्राप्त हुए। जिन्होंने कांग्रेस को हराने व भाजपा को जिताने में अहम भूमिका निभाई। 2024 में आप द्वारा 10 सीटें तब मांगीं जा रही थीं जबकि 2019 में आम आदमी पार्टी का वोट शेयर एनओटीए से भी काफी कम था। इसी हरियाणा चुनाव परिणाम के बाद ही दिल्ली में भी इसी तरह के चुनाव परिणाम की उम्मीद की जाने लगी थी।

जाहिर है ऐसे विधवंसक फैसले लेने के लिए स्वयं अरविन्द केजरीवाल ही जिम्मेदार थे। वैसे भी 2012 में 'आप' अपने गठन के साथ ही उस समय विवादों में आ गई थी जबकि अन्ना हजारे ने केजरीवाल द्वारा आम आदमी पार्टी के रूप में नया राजनैतिक दल बनाने की को. शिश का विरोध किया था। हालांकि अन्ना हजारे व केजरीवाल दोनों ही नेताओं को लेकर एक बड़े राजनैतिक विश्लेषक वर्ग का यह भी मानना है कि अन्ना आंदोलन हो या केजरीवाल की तर्ज–ए–सियासत, दरअसल यह सब कांगेस के विरोध में तथा भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए रचा गया एक बड़ा राजनैतिक चक्रव्यूह है, अन्यथा क्या कारण है कि जिस जनलोकपाल को लेकर आंदोलन व राजनैतिक दल खड़ा किया गया था उसका जिक्र इन्हीं नेताओं के मुंह से अब क्यों सुनाई नहीं देता। पिछले दस सालों में बड़े से बड़े घोटाले उजागर हुए, उनके विरोध अन्ना हजारे ने आंदोलन क्यों नहीं किया?

इसके अलावा आप के गठन के फौरन बाद ही जिस. तरह पार्टी के संस्थापक लोगों व अनेक बुद्धिजीवियों द्वारा पार्टी छोड़ने का सिलसिला शुरू हुआ उसका भी मुख्य कारण केजरीवाल का जिद्दीपन व उनकी हठधर्मिता ही थी। क्या वजह थी कि आम आदमी पार्टी को सबसे पहले चंदा देने वाले पूर्व कानून मंत्री सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील शांति भूषण जिन्होंने पार्टी की स्थापना पर 1 करोड़ रुपये का चंदा दिया था, 2014 से ही उनका 'आप' से मोहभंग हो गया ? शांति भूषण ने उसी समय केजरीवाल को अनुभवहीन, दिल्ली विधानसभा चुनावों में टिकट बंटवारे में गड़बड़ी करने व पार्टी में मनमानी चलाने जैसे अनेक आरोप लगाए थे। इसी तरह केजरीवाल के एक और खास साथी एक्टिविस्ट आशीष खेतान, एक प्रसिद्ध टीवी न्यूज चौनल के मैनेजिंग एडिटर के पद से इस्तीफा देकर आम आदमी पार्टी में शामिल होने वाले आशुतोष, पार्टी का थिंक टैंक व पार्टी की कानूनी लड़ाई लड़ने वाले वाले प्रशांत भूषण जैसे साथियों को केजरीवाल संभाल नहीं सके। इसी तरह राजनीतिक विचारक योगेंद्र यादव को जोकि आम आदमी पार्टी के लिए चुनावी रणनीति बनाने में अहम भूमिका निभाते थे उन्हें भी प्रशांत भूषण के साथ ही पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पार्टी से निकाल दिया गया। समाजशास्त्री आनंद कुमार, पैथोलॉजिस्ट अंजली दमानिया, सामाजिक कार्यकर्ता मयंक गांधी, किरन बेदी , शाजिया इल्मी, विनोद कुमार बिन्नी, कपिल मिश्रा, एमएस धीर सहित और भी कई नेता या तो पार्टी छोड़ गए या फिर निष्क्रिय हो गए। ऐसे सभी नेता केजरीवाल के साथ काम कर पाने में स्वयं को असहज महसूस कर रहे थे। परिणामस्वरूप अनेक साथी नेताओं के मना करने के बावजूद केजरीवाल अपनी जिद में ही दिल्ली में विवादित शराब नीति लाए जोकि उनकी राजनैतिक तबाही व बदनामी का कारक साबित हुई।



अब सत्ता से हटते ही भाजपा ने केजरीवाल को राजनैतिक रूप से समाप्त करने का प्लान तैयार कर लिया है। जहाँ भाजपा की गिद्ध दृष्टि अब पंजाब की आप सरकार पर जा टिकी है वहीँ भाजपा ने एम सी डी के भी फिलहाल तीन 'आप' पार्षद झटक लिए हैं। साथ ही केंद्रीय सतर्कता आयोग ने केजरीवाल के 6 फ्लैग स्टाफ बंगले के नवीनीकरण पर हुए बेतहाशाखर्च की जांच का आदेश भी दे दिया है। भाजपा द्वारा केजरीवाल के इस सरकारी आवास को श्शीश महलश का नाम दिया गया था तथा इसे उनके विरुद्ध चुनावी मुद्दा बनाया गया था। बहरहाल मात्र दिल्ली की हार से आप के अंत की भविष्यवाणी करना तो फिलहाल मुनासिब परन्तु इतना जरूर कहा जा सकता है कि केजरीवाल की जिद व उनकी हठधर्मिता के चलते ही 'आप' की नैय्या डूब रही है।

# केले के चिप्स बनाते समय इन छोटे-छोटे टिप्स को करें फॉलो

अक्सर स्नैक्स टाइम में चिप्स खाने का काफी मन करता है। अमूमन यह देखने में आता है कि लोग बाजार से चिप्स लाकर खाना पसंद करते हैं। जबकि ये चिप्स ना केवल महंगे होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी इन्हें अच्छा नहीं माना जाता है। ऐसे में आप खुद घर पर ही चिप्स बनाकर तैयार कर सकते हैं। इनमें केले के चिप्स का स्वाद काफी लाजवाब होता है। केरल के स्पेशल केले के चिप्स लोग बेहद ही चाव से खाते हैं। अगर आप इन्हें घर पर बना रहे हैं तो बस आपको कुछ छोटे–छोटे टिप्स का खासतौर पर ख्याल रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको केले के चिप्स बनाने के कुछ आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं

### सही केले का करें चयन

केले के चिप्स बनाते समय सही केले का चयन करना बेहद ही जरूरी है। यह आपके टेस्ट पर निर्भर करता है कि आप किस तरह के चिप्स बनाना चाहते हैं। मसलन, क्रिस्पी चिप्स बनाने के लिए कच्चे हरे केले का उपयोग करें। ये सख्त होते हैं और अच्छी तरह से तले जाते हैं। वहीं, अगर आप हल्के मीठे चिप्स बनाना चाहते हैं तो आधे पके केले का इस्तेमाल करें। हालांकि, यह बहुत अधिक नरम ना हो।

### केले को सही तरीके से काटें

केले को सही तरह से काटना भी उतना ही जरूरी है। मसलन, क्रिस्पी चिप्स बनाने के लिए आप पतले स्लाइस करें। एक समान और पतले स्लाइस के लिए एक तेज चाकू या मैंडोलिन स्लाइसर का उपयोग किया जा सकता है। स्लाइस करने के बाद आप नमक के पानी में भिगोएं। यह उन्हें भूरा होने से रोकता है और तलने पर उन्हें क्रिस्पी बनाता है।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

अगर आप केरल के ऑथेंटिक टेस्ट के लिए आप नारियल तेल का इस्तेमाल करें। इसके अलावा, तेल के तापमान का भी ख्याल रखें। इसे हमेशा मध्यम आंच पर रखें। अगर तेल बहुत ज्यादा गर्म होगा तो इससे चिप्स जल जाएंगे। वहीं अगर तापमान कम होगा तो इससे चिप्स सॉगी बनेंगे। चिप्स तलते समय इन्हें चलाते रहें। इससे वे एक समान रूप से पकते हैं और वे चिपकते नहीं हैं। जब चिप्स गर्म हों, तभी उनमें नमक व मसाले छिड़कें। गर्म होने पर चिप्स स्वाद को बेहतर तरीके से सोख लेते हैं।



**केले के चिप्स बनाते समय सही केले का चयन करना बेहद ही जरूरी है, यह आपके टेस्ट पर निर्भर करता है कि आप किस तरह के चिप्स बनाना चाहते हैं, मसलन क्रिस्पी चिप्स बनाने के लिए कच्चे हरे केले का उपयोग करें**

# सेहत के लिए सेब या सेब का जूस, सबसे बढ़िया क्या है?



यह कहावत तो सबने सुनी होगी कि, 'एन एप्पल ए डे, कीप्स डॉक्टर अवे'। लेकिन क्या सेब को साबुत खाना बेहतर है या जूस के रूप में पीना? एक्सपर्ट से जानिए कि जूस की तुलना में पूरा फल चुनना हमेशा अधिक फायदेमंद क्यों होता है। साबुत सेब फाइबर, विटामिन और खनिजों का एक पूरा पैकेज प्रदान करते हैं। जबकि जूस बनाते समय 4 से 5 सेबों का जूस थीक हो जाता है, जिससे चीनी और कैलोरी की मात्र काफी बढ़ जाती है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इसके अतिरिक्त, सेब में घुलनशील फाइबर होता है, जो पाचन में सुधार करता है और आंत में लाभकारी बैक्टीरिया को बढ़ावा देता है। जूस निकालने के दौरान यह फाइबर नष्ट हो जाता है।

**सेब बनाम सेब का जूस...**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, सेब में आयरन की मात्र सबसे अधिक होती है, जो रक्त में हीमोग्लोबिन के स्तर को बनाए रखने में मदद करता है और एनीमिया से लड़ सकता है। डॉक्टर का कहना है कि रोजाना एक लाल या हरा सेब खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। सेब के छिलके में मौजूद पेट्रिन और अन्य पाचन एंजाइम पाचन में सहायता करते हैं, कब्ज और गैस जैसी समस्याओं को रोकते हैं। हालांकि, सेब का जूस पीने से ब्लड शुगर में तेजी से वृद्धि होती है, जिससे लीवर पर दबाव पड़ता है। लेकिन सेब खाने से यह समस्या नहीं होती। इसलिए, एक सेब खाने से उसके जूस पीने के फायदे कहीं अधिक हैं। तो, अगली बार जब आपको सेब का जूस चाहिए, तो इसके बजाय सेब लेने पर विचार करें।

# आंकड़ों से बदलता व्यापार का संसार...





विनीत नारायण

**कुछ वर्ष पहले तक व्यापारी के बही–खातों में आमदनी–खर्च का जो हिसाब रखा जाता था वो इतना माकूल होता था कि उसमें एक पैसे की भी गलती नहीं होती थी, सदियों से भारत में यही प्रथा चल रही थी, पर कम्प्यूटर क्रांति ने सब बदल कर रख दिया, अब व्यापार के आंकड़े केवल आमदनी खर्च तक सीमित नहीं है, अब तो व्यापारी यह जानना चाहता है कि उसका कौन सा उत्पादन किस इलाके में ज्यादा बिक रहा है**

एक बार लॉस एन्जेलिस में उद्योगपतियों के एक सम्मेलन को सम्बोधित करते समय मैंने श्रम आधारित तकनीकी के समर्थन और औद्योगिकरण के विरोध में काफी जोर से भाषण दिया। तब वहां मौजूद एक धनाडय उद्योगपति गणपत पटेल ने मुझे एक पुस्तक भेंट की। जिसमें बताया गया था कि 1920 में अमरीका में जिन क्षेत्रों में रोजगार काफी मात्रा में उपलब्ध था वे क्षेत्र 1960 के दशक में गायब हो गए। पर इससे बेरोजगारी नहीं बढ़ी क्योंकि अनेक नए रोजगार क्षेत्र विकसित हो गए।

उदाहरण के तौर पर 1920 के दशक में हाथ की मशीन पर टाइप करने वालों की भारी मांग थी। पर कम्प्यूटर आने के बाद यह मांग समाप्त हो गई। 1920 में हवाई जहाज के पायलटों की कोई मांग नहीं थी। पर बाद में हजारों पायलटों की मांग पैदा हो गई। श्री पटेल ने मुझसे जोर देकर कहा कि तकनीकी आने से बेरोजगारी नहीं बढ़ती। ऐसा ही अनुभव आज देश में सूचना क्रान्ति को देखकर हो रहा है। सूचना क्रान्ति ने हर क्षेत्र को बहुत व्यापक रूप में प्रभावित किया है। कुछ वर्ष पहले तक व्यापारी के बही–खातों में आमदनी–खर्च का जो हिसाब रखा जाता था वो इतना माकूल होता था कि उसमें एक पैसे की भी गलती नहीं होती थी। सदियों से भारत में यही प्रथा चल रही थी। पर कम्प्यूटर क्रांति ने सब बदल कर रख दिया। अब व्यापार के आंकड़े केवल आमदनी खर्च तक सीमित नहीं है। अब तो व्यापारी यह जानना चाहता है कि उसका कौन सा उत्पादन किस इलाके में ज्यादा बिक रहा है। उसके ग्राहक किस वर्ग के हैं। साल के किस महीने में उसकी बिक्री बढ़ जाती है। कौन सी राजनैतिक या सामाजिक घटनाओं के बाद किस वस्तु की मांग अचानक बढ़ जाती है।

जैसे–जैसे यह जानकारी उत्पादक या वितरक कम्पनी के पास आती जाती है वैसे–वैसे उसका नजरिया और नीति बदलने लगती है। जबकि बही–खाते में केवल आमदनी–खर्च या लाभ–घाटे का हिसाब रखा जाता था। साम्प्रदायिक दंगों का अंदेशा हो तो अचानक शहर में डबल रोटी, दूध, चाय, कॉफी के पैकेट, दाल–चावल, चीनी, मोमबत्ती, टोर्च, शस्त्रों की मांग बढ़ जाती है। जाहिर है कि इन वस्तुओं के निर्माताओं को देश की नाड़ी पर इस नजरिए से निगाह रखनी पड़ती है। जिस इलाके में साम्प्रदायिक तनाव बढ़े वहां इन वस्तुओं की आपूर्ति तेजी से बढ़ा दी जाए। इसी तरह बरसात से पहले छाते और बरसाती की मांग, गर्मी से पहले कूलर और एसी की मांग, जाड़े से पहले हीटर और गीजर की मांग बढ़ जाना सामान्य सी बात है। पर एसी बीस हजार रुपये वाला बिकेगा या पचास हजार रुपये वाला यह जानने के लिए उसे ग्राहकों का मनोविज्ञान और उनकी हैसियत जानना जरूरी है। अगर निम्न वर्गीय रिहायशी क्षेत्र में लिप्टन की ग्रीन लेबल चाय के डिब्बे दुकानों पर सजा दिए जाएं तो शायद एक डिब्बा भी न बिके। पर रैड लेबल चाय धड़ल्ले से बिकती है। धनी बस्ती में पांच रुपये वाला ग्लूकोज बिस्कुट का पैकेट खरीदने कोई नहीं आयेगा। पर पांच सौ रुपये किलो की कूकीज के पैकेट धड़ल्ले से बिकते हैं। इसलिए इन कम्पनियों को हर पल बाजार और ग्राहक के मूड़ पर निगाह रखनी होती है। इससे यह कम्पनियां कई अहम फैसले ले पाती हैं। मसलन उत्पादन कब, कैसा और कितना किया जाए। वितरण कहां, कब और कितना किया जाए। विज्ञापन का स्वरूप कैसा हो। उसमें किस वर्ग का प्रतिनिधित्व किया जाए और क्या कहा जाए जो ग्राहक का धयान आकर्षित कर सके। इसी सूचना संकलन का यह असर था कि 10 वर्ष पहले सभी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने अपने विज्ञापन अंग्रेजी की बजाय क्षेत्रीय भाषाओं में देने शुरू कर दिए। वरना हमारे बचपन में तो लक्स साबुन का विज्ञापन हिंदी के अखबार में भी अंग्रेजी भाषा में आता था।

जब सूचना का इतना महत्व बढ़ गया है तो जाहिर है कि इस सूचना को एकत्र करने वाले, प्रोसेस करने वाले और उसका विश्लेषण करने वाले सभी की मांग बजार में बेहद बढ़ गई है। यहां तक कि केवल इसी किस्म की सेवायें देने वाली कम्पनियों की बाढ़ आ गई है। जैसे पहले शेयर मार्केट को चलाने वाले बड़े–बड़े दलाल और बड़ी कम्पनियां होती थीं। पर आज इंटरनेट की मदद से देश के हर कस्बे और शहर में शेयर मार्केट में खेलने वाली हजारों कम्पनियां खड़ी हो गई है।

अर्थव्यवस्था ही नहीं कानून की स्थिति को बनाये रखने के लिए भी इस सूचना क्रांति ने भारी मदद की है। आज अपराधियों या आतंकवादियों के बारे में सूचना का भंडार पुलिस विभाग के पास उपलब्ध है और आवश्यकता पड़ने पर मिनटों में देश में इधर से उधर भेज दिया जाता है। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में भी इस सूचना क्रांति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए ज्ञान के सैकड़ों दरवाजे खोल दिये हैं। आज देश के लगभग सभी शहरों, गाँवों व कस्बों में इंटरनेट की मदद से बच्चों के पास दुनिया भर की जानकारी पहुंच रही है। जब 1985 में देश के तत्कालीन प्रधान मंत्री राजीव गांधी ने कम्प्यूटराईजेशन की बाद की थी तो विपक्षी दलों और उनसे जुड़े पत्रकारों ने श्री गांधी का खूब मखौल बनाया था। उन पर कार्टून बनाये गये थे। जिनमें दिखाया गया कि भूखे लोगों को राजीव गांधी कम्प्यूटर सिखा रहे हैं। उस वद्र हमला करने वाले सभी राजनैतिक दल आज सबसे ज्यादा कम्प्यूटर का प्रयोग कर रहे हैं। यह अनुभव यही बताता है कि हम राजनीति में हों या मीडिया में तथ्यों का विवे. कपूर्ण मूल्यांकन करें तो देश का लाभ होगा। विरोध के लिए विरोध करना सनसनीखेज तो हो सकता है पर इससे जनहित नहीं होता। क्या यह बात हमारे देश के सभी सांसद सोचेंगे?



# भगदड़: सबक न लेने का नतीजा



सोमवार, 17 फरवरी 2025





# उफनती भीड़, सहमती जिंदगी

## प्रशासन और जनता कब लेगी हादसों से सीख

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आज जो कुछ हुआ उसने पूरे देश को झंकझोर कर रख दिया है। ऐसे में आरपीएफ और रेलवे प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठना तो लाजमी हैं।

ऐसे में अब प्रशासन को और सतर्क होने की जरूरत है, क्योंकि प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है और यहां भी हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में अगर अब प्रशासन ने सबक नहीं लिया, तो एक और बड़ा हादसा होने को न्योता देने के यह बराबर होगा।

### 18 लोगों ने गवाई जान

यूपी के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान के लिए जाने वालों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज की ट्रेन पकड़ने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की उमड़ी भारी भीड़ की वजह से भगदड़ मच गई। इससे 18 लोगों की मौत हो गई। शनिवार रात करीब दस बजे मची भगदड़ में 20 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### खुफिया इनपुट जुटाने में आरपीएफ फेल

संवेदनशील रेलवे स्टेशन होने की वजह से यहां खुफिया इनपुट जुटाने के लिए आरपीएफ की ओर से विशेष कर्मी तैनात रहते हैं। इसके बावजूद उनकी ओर से भी भीड़ को लेकर कोई इनपुट नहीं दिया गया। साथ ही रेलवे अधिकारी भी भीड़ की मॉनिटरिंग करने में फेल हो गए।

### सीसीटीवी कैमरों से मॉनिटरिंग

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे मॉनिटरिंग की जाती है। डीआरएम अपने ऑफिस स्टेशन के हर प्लेटफार्म को लाइव देखते हैं। इसके बावजूद अधिकारियों को स्टेशन पर भीड़ नजर नहीं आई। वहीं रेलवे की ओर से लगातार जनरल टिकट दिए गए। इससे भी स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ होने की संभावना बढ़ गई।

### भगदड़ में बेटी के सिर में कील घुसी, मौत, टूटे मोबाइल पर फोटो देख फफक पड़े पिता

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात को मची भगदड़ में उत्तर प्रदेश के उन्नाव के रहने वाले ओपिल सिंह की सात साल की बेटी रिया भी थी। भगदड़ के दौरान रिया के सिर में कील घुस गई, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। सिंह दिल्ली में मजदूरी करते हैं। टूटे मोबाइल पर रिया का फोटो देख वे फफक कर रोने लगे।

### रेलवे की ओर से नहीं दी जा रही पूरी जानकारी

जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जाने वाली दो ट्रेनों को कैंसल कर दिया। जिसकी वजह से भीड़ प्लेटफॉर्म पर बढ़ गई। हालांकि रेलवे की तरफ से ट्रेन रद्द करने की बात से इनकार किया जा रहा है। रेलवे ने कहा कि चार स्पेशल ट्रेन चलाई गई।

#### पुलिस ने शुरू की जांच

दिल्ली पुलिस ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ की घटना की रविवार को जांच शुरू कर दी जिसके तहत सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर यह पता लगाया जाएगा कि अफरा-तफरी क्यों मची। हमारा मुख्य लक्ष्य भगदड़ के मुख्य कारण की जांच करना है। हम सीसीटीवी फुटेज और उस दौरान की गई घोषणाओं का सारा डेटा एकत्र करेंगे।

#### महाकुंभ जाने वाले लोगों की संख्या हुई कम

बीते दो दिनों से लखनऊ से महाकुंभ जाने वालों की संख्या कम नजर आई। हालांकि, शनिवार को एक बार फिर श्रद्धालुओं का रेला नजर आया। इसे संभालने में जीआरपी व आरपीएफ जवानों की सांसें फूल गईं। बरेली-प्रयागराज एक्सप्रेस समेत प्रयागराज जाने वाली हर ट्रेन फुल रही।

### भगदड़ से पहले क्या हुआ था

सूत्र ने बताया कि प्लेटफॉर्म बदलने के बारे में गलत घोषणा के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है। भगदड़ से पहले प्रयागराज के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है।

### बुकिंग खुलते ही स्पेशल ट्रेनें फुल

महाकुंभ जाने वाली नियमित ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। उधर, स्पेशल ट्रेनों की बुकिंग खुलते ही फुल हो गई। शनिवार को छह स्पेशल ट्रेनें प्रयागराज को रवाना हुईं। स्लीपर से लेकर एसी बोगियों तक में यात्रियों को कंफर्म टिकट नहीं मिल सके।

## लोग कब होंगे जागरूक

अगर कोई हादसा होता है तो सीधा हमला या निशाना प्रशासन होता है पर क्या हमने कभा सौचा है कि कुछ जिम्मेदारी जनता की भी तो बनती है। लोगों को भी तो जागरूक होना पड़ेगा, क्योंकि प्रशासन भी जनता का ही हिस्सा है। क्या लोगों को भीड़ में एकत्र होने से बचने की जरूरत नहीं है। ऐसे में हम अगर सब कुछ सरकार, प्रशासन के ऊपर छोड़ देंगे तो यह हर व्यक्ति का जिम्मेदारी से भागने वाली बात हो जाएगी।

### लखनऊ के चार बाग स्टेशन पर भी उमड़ रही है भीड़

लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन की बात करें तो शनिवार शाम 5:15 बजे तक यह यात्रियों से खचाखच भर चुका था। सभी की निगाहें ट्रैक पर थी। गंगा गोमती एक्सप्रेस को दूर से आते ही देख भीड़ में हलचल मच गई। ट्रेन के रुकते ही लोग बोगियों पर टूट पड़े।

### देश में कब-कब हुई भगदड़ की ऐसी ही घटनाएं

1 16 मई, 2010 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मची थी, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई और 30 लोग घायल हो गए थे।

2 10 फरवरी 2013- 10 फरवरी 2013 को कुंभ मेले के दौरान उत्तर प्रदेश के प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर अचानक भगदड़ मच गई थी, जिसमें कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई थी। जानकारी के मुताबिक 10 फरवरी 2013 को मौनी अमावस्या थी और इस वजह से भारी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचे थे।

3 3 अक्टूबर 2014- इस दिन पटना के गांधी मैदान में दशहरा के दौरान भगदड़ मची थी, इस वजह से 32 लोगों की मौत हो गई थी।

4 14 जुलाई 2015- आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में गोदावरी नदी के तट पर आयोजित धार्मिक उत्सव में भगदड़ मचने से 27 लोगों की मौत हो गई।

5 1 जनवरी 2022- मां वैष्णो देवी मंदिर कटरा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण भगदड़ मचने से 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

6 31 मार्च 2023- इंदौर में रामनवमी के मौके पर आयोजित हवन के दौरान एक प्राचीन कुंए के ऊपर लगी स्लैब ढही 36 लोगों की मौत हो गई।



# सामान ढोने वाले ठेले से ढोए लोगों के शव

## कुलियों ने बताई भगदड़ की खौफनाक कहानी, 44 वर्षों में नहीं देखी ऐसी भीड़



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी की रात अफरा -तफरी मच गई, घटना के दौरान कई लोगों ने बेहोश लोगों को ट्रेन के अंदर और भीड़ से बाहर निकाला। सबसे ज्यादा स्टेशन पर मौजूद कुलियों ने लोगों की मदद की। प्रत्यक्षदर्शियों ने इस घटना को लेकर उस वक्त के माहौल को लेकर आंखों देखी सारी बात बताई। एक कुली ने बताया कि 44 सालों में मैंने कभी इतनी भीड़ नहीं देखी। दूसरे कुली ने कहा कि हमने हाथों पर शव ढोए। स्टेशन पर मौजूद कुली कृष्ण कुमार जोगी ने घटना के बारे में बताते हुए कहा कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेन के आने पर भीड़ बढ़ गई थी। फुटओवर पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। लोग इतने कसकर भरे हुए थे कि कई लोगों का दम घुटने लगा था। करीब 10 से 15 लोगों ने वहीं अपनी जान गंवा दी। आगे बताया कि मैंने पूरी घटना देखी। हमने शवों को प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 से एंबुलेंस तक पहुंचाया। भीड़ में दबे लोगों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं। जिन्हें भीड़ में सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। वहीं दूसरी तरफ भगदड़ मामले पर उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीप. ीआरओ) हिमांशु उपाध्याय ने कहा कि कुछ लोग जो फुटओवर ब्रिज से उतरकर प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 की ओर सीढ़ियों से आ रहे थे, फिसलकर दूसरों पर गिर गए। वहीं कुली बलराम ने घटना के दृश्य को याद करते हुए बताया कि हम शवों को ठेले पर ले जा रहे थे, वहीं ठेले जो हम सामान के लिए इस्तेमाल करते हैं। कुली के तौर पर अपने 15 सालों में मैंने इतनी बड़ी भीड़ कभी नहीं देखी। एक अन्य कुली ने बताया कि बीती रात करीब 9रू30 बजे जब प्रयागराज जाने वाली ट्रेन प्लेटफार्म पर थी, तब वहां भीड़ उमड़ पड़ी थी। उन्होंने कहा कि लोगों के जूते, चप्पल और अन्य सामान हर जगह बिखरे पड़े थे। हमने कई बच्चों और बुजुर्गों को इस अफरातफरी से बाहर निकाला। रेलवे स्टेशन पर कुली का काम करने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि मैं 1981 से कुली का काम कर रहा हूं। लेकिन पहले कभी ऐसी भीड़ नहीं देखी थी। प्रयागराज स्पेशल को प्लेटफॉर्म नंबर 12 से रवाना होना था, लेकिन इसे प्लेटफार्म नंबर 16 पर शिफ्ट कर दिया गया। जब प्लेटफार्म 12 पर इंतज़ार कर रही भीड़ और बाहर से इंतजार कर रही भीड़ प्लेटफार्म 16 पर पहुंचने की कोशिश कर रही थी, तो लोग आपस में टकराने लगे और एस्केलेटर और सीढ़ियों पर गिरने लगे। भगदड़ के बाद एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वहां कोई नहीं था। इसी दौरान रेलवे की तरफ से घोषणा कर दी गई कि 12 नंबर प्लेटफार्म पर आने वाली ट्रेन 16 नंबर पर आ रही है। इसके बाद भीड़ दोनों तरफ से आ गई और भगदड़ हो गई।



जब कही ना हो आराम तो हम से लें समाधान
ISO 9001:2015 Regd. No. D.A.U.O.MZN/0556
पहली ही खुराक में रहे 78 घण्टे तक हैरतअंगेज असर
हकीम भारत के साथ विदेशो में भी प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना
शुक्राणु की कमी बेऔलाद मिलें
अब 70 साल की उम्र में भी मर्दाना ताकत प्राप्त करें
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, शीघ्रपतन स्वपनदोष, धात रोगी मिलें, रसोली गांठ, पथरी, बवासीर, देशी दवाईयों से बिना सर्जरी सफल ईलाज
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर
7060666621
डा. कामिल

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।
फोन न0- 9756686426